# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

गुरुवार, 14 दिसंबर 2023 ● मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 02, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 236 आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र


**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 25.1 | 15.4 |
| जमशेदपुर | 26.9 | 11.4 |
| डालटनगंज | 27.0 | 10.6 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.



## संसद की सुरक्षा में बड़ी चूक





### हो रही जांच: 4 गिरफ्तार, 2 फरार, दर्शक दीर्घा से कूदे दो युवक

# संसद में धुआं-धुआं...

### इससे पहले भी पुरानी संसद की इमारत में 13 दिसंबर 2001 को 5 आतंकियों ने हमला किया था, इसमें दिल्ली पुलिस के 5 जवान समेत 9 लोगों की मौत हुई थी

एजेंसी। नयी दिल्ली

हाई सिक्योरिटी से लैस संसद की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है. बुधवार को लोकसभा की कार्यवाही के दौरान दर्शक दीर्घा से दो लोग नीचे कूद गए और कलर स्प्रे से संसद को धुआं-धुआं कर दिया. तुरंत बाद दोनों युवकों को पकड़ लिया गया. जिससे अफरा-तफरी फैल गयी. इस घटना के बाद सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई.

घटना के तत्काल बाद दोनों व्यक्तियों को पकड़ लिया गया. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि लोकसभा अपने स्तर पर जांच कर रही है तथा इस बारे में दिल्ली पुलिस को भी निर्देश दिया गया है. उन्होंने यह भी कहा कि प्रारंभिक जांच से इस बात का पता चला है कि जो धुआं सदन में फैलाया गया था, वह साधारण था. उन्होंने कहा कि यह सनसनी फैलाने के लिए किया गया था और इसे लेकर चिंता की कोई बात नहीं है. संसद की सुरक्षा में चूक की यह घटना 2001 में संसद पर हुए आतंकी हमले की बरसी के दिन हुई है.

**संसद भवन परिसर में दर्शकों का प्रवेश निलंबित :** लोकसभा में बुधवार को दो व्यक्तियों के दर्शक दीर्घा से नीचे कूदने के बाद संसद भवन परिसर में दर्शकों का प्रवेश निलंबित कर दिया गया है. इस घटना के बाद वैध आगंतुक पास रखने वाले लोगों को स्वागत क्षेत्र से वापस भेज दिया गया. अधिकारियों ने कहा कि अब तक दर्शकों या आंगुतकों पर प्रतिबंध लगाने का कोई लिखित निर्देश नहीं आया है. आमतौर पर, दर्शकों के पास दो घंटे के लिए जारी किए जाते हैं. इससे पहले, दिन में कई सांसदों की पत्नियों ने नए संसद भवन का दौरा किया था.



समय : दोपहर 1:00 बजे

### साजिश में 6 लोग शामिल, दो अंदर, दो बाहर, दो की तलाश

साजिश में 6 लोग शामिल बताए जा रहे हैं. जो दो लोग कार्यवाही के दौरान घुसे, उनमें से एक का नाम सागर शर्मा (लखनऊ) और दूसरे का नाम डी मनोरंजन (मैसुरु) है. दोनों सांसद विजिटर पास पर सदन में आए थे. वहीं, बाहर एक महिला और पुरुष ने पीले रंग का धुआं छोड़ा. इनका नाम अमोल शिंदे (लातूर, महाराष्ट्र) और नीलम (हिसार) है. बाहर से गिरफ्तार हुए दोनों का दावा है कि ये खुद संसद पहुंचे. उनका किसी संगठन से ताल्लुक नहीं है. पांचवें व्यक्ति का नाम ललित झा बताया जा रहा है, जो गुरुग्राम का है. छठे का नाम सामने नहीं आया है. ये दोनों फिलहाल फरार हैं.




### घटना की होगी संपूर्ण जांच


दोपहर दो बजे सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर बिरला ने कहा, घटना की लोकसभा संपूर्ण जांच कर रही है. दिल्ली पुलिस को निर्देश दिया गया है. उन्होंने कहा, आरंभिक जांच से पता चला कि वह साधारण धुंआ था और सनसनी के उद्देश्य से छोड़ा गया था. चिंता का विषय नहीं है. कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी और कई सदस्यों ने सुरक्षा में चूक की इस घटना पर चिंता जताई. अध्यक्ष ने कहा कि वह विपक्ष और सत्तापक्ष की चिंताओं को समझते हैं. उन्होंने कहा, हम एक घंटे बाद बैठेंगे. मैं आप सबको बुला रहा हूं. उन्होंने सदन स्थगित करने के कुछ सांसदों के प्रस्ताव पर कहा, हम सब देश और राष्ट्र की सेवा के लिए आए हैं. घटना के बाद भी सदन चले, यह हमारी जिम्मेदारी है. पहले भी ऐसा हुआ है.

### किसने क्या कहा

- **मनोज कुमार झा** (आरजेडी)- इसे घटना नहीं, दुर्घटना कहें. 22 साल पहले जब संसद पर हमला हुआ था तब पक्ष और विपक्ष एक था, अब भी है. ऐसी घटना हमें झुका नहीं सकती है.



- **डिंपल यादव** (सपा)- जो भी संसद में आते हैं, चाहे वे विजिटर्स हों या पत्रकार, वे टैग नहीं रखते. सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए. मुझे लगता है कि यह पूरी तरह से सुरक्षा में चूक है.



### तानाशाही नहीं चलेगी, नहीं चलेगी... नीलम बाहर कर रही थी नारेबाजी

मेरा नाम नीलम है. भारत सरकार हमारे ऊपर अत्याचार करती है. हकों की बात करने पर लाठीचार्ज करके हमें जेल के अंदर डाला जाता है. टॉर्चर किया जाता है. हमारे पास आवाज उठाने का कोई माध्यम नहीं है. हम किसी संगठन से नहीं हैं. आम स्टूडेंट हैं. माता-पिता हमारे लिए इतना काम करते हैं. मजदूर, किसान, छोटे व्यापारी, दुकानदार किसी की आवाज नहीं सुनी जाती. यह हर जगह हमारी आवाज को दबाने की कोशिश करते हैं. तानाशाही नहीं चलेगी. तानाशाही बंद करो. भारत माता की जय. यह कहते-कहते चीखती-चिल्लाती और नारेबाजी करती हुई एक प्रदर्शनकारी महिला को पुलिसकर्मी गाड़ी में बैठा देती है. यह नजारा था बुधवार दोपहर नई दिल्ली स्थित संसद भवन के बाहर का. पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस ने परिवहन भवन के सामने रंगीन धुएं के साथ विरोध प्रदर्शन कर रहे एक लड़के और एक महिला को हिरासत में लिया. -शेष पेज 13 पर

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,700 |
| चांदी (किलो) | 73,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### जेएसएससी स्नातक संयुक्त परीक्षा अब 21 व 28 जनवरी को

**रांची।** जेएसएससी ने झारखंड स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा (सीजीएल) की नई तारीखों की घोषणा कर दी है. परीक्षा स्थगित होने के अगले दिन ही नई तिथि घोषित की गयी है. अब परीक्षा 21 और 28 जनवरी को ली जाएगी. जेएसएससी ने अपनी वेब साइट पर अधिसूचना जारी कर यह जानकारी दी है. राज्य के विभिन्न केंद्रों पर परीक्षा ली जाएगी. पूर्व में 16-17 दिसंबर को होनेवाली परीक्षा स्थगित कर दी गई थी. -पेज 7 भी देखें

#### स्टेशन पर पानी की टंकी गिरी, 3 की मौत

**कोलकाता।** बंगाल में वर्द्धमान रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर ट्रेन का इंतजार कर रहे लोगों पर बुधवार को पानी की टंकी गिर गई, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए. पूर्वी रेलवे के अधिकारी ने कहा कि स्टेशन के प्लेटफॉर्म 2- 3 पर ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्रियों पर पानी की टंकी गिर गई. सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया. फिलहाल, मृतकों की अब तक पहचान नहीं हो सकी है.

#### नक्सली हमले में सशस्त्र बल का जवान शहीद

**नारायणपुर।** नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल का जवान शहीद हो गया है व एक अन्य जवान घायल हो गया है. पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी. जिले में अमदई घाटी स्थित लौह अयस्क खदान क्षेत्र में विस्फोट के कारण सशस्त्र बल की नवीं बटालियन के जवान कमलेश साहू शहीद हो गए और विनय कुमार घायल हो गए. अमदई घाटी क्षेत्र में सुरक्षा बल के जवानों को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था.

### सांसद धीरज साहू के रांची और लोहरदगा के घरों की हो रही जियो सर्विलांस सिस्टम से जांच

## जमीन में गड़े धन की खोज में आईटी की टीम

सौरभ सिंह। रांची

कांग्रेस के सांसद धीरज प्रसाद साहू के परिवार की कंपनी के परिसरों से 350 करोड़ रुपए और तीन किलोग्राम सोना जब्त करने के बाद आयकर विभाग संभवतः गाड़ कर रखी गई कीमती वस्तुएं बरामद करने के लिए अत्याधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल कर रहा है. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. आयकर विभाग की टीम रांची और लोहरदगा में साहू के मकानों में भू निगरानी प्रणाली का उपयोग कर रही है.

एक अधिकारी ने नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर उन्हें काफी नकदी मिली है. विभाग अत्याधुनिक तकनीक से लैस है, इसलिए आप किसी भी खोज में नवीनतम उपलब्ध तकनीक के उपयोग की उम्मीद कर सकते हैं. भू-निगरानी प्रणाली का उपयोग करके जमीन के नीचे छिपे सोने के आभूषण और अन्य कीमती सामान का पता लगाया जा सकता है. प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि ओडिशा और झारखंड में पंजीकृत वाहनों में सवार होकर पहुंचीं आईटी कई टीम रांची और लोहरदगा में राज्यसभा सदस्य से जुड़े परिसरों की तलाशी ले रही है. साहू से संपर्क नहीं हो पाया, जबकि रांची के रेडियम रोड स्थित उनके कार्यालय के कर्मचारियों ने संपर्क करने पर कहा कि वह पिछले तीन दिन से उनके संपर्क में नहीं हैं.



#### ओडिशा स्थित ठिकानों पर आईटी रेड समाप्त

बता दें कि सांसद धीरज साहू से संबंधित ओडिशा स्थित ठिकानों पर आईटी की छापेमारी मंगलवार को ही समाप्त हो गई. इसके बाद आयकर अधिकारी और सीआईएसएफ कर्मी चले गए. धीरज साहू से संबंधित ठिकानों पर छह दिन तक आईटी छापेमारी जारी रही. इससे पहले सोमवार तक आयकर विभाग की टीम ओडिशा के बलांगीर स्थित सूदपाड़ा में बलदेव साहू इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के परिसर में छापेमारी कर रही थी. वहीं जब्त रकम को आयकर विभाग के बलांगीर एसबीआई शाखा में जमा करा दिया गया है.

#### घर के बाहर सीआईएसएफ के जवान तैनात

आईटी के अधिकारी कई वाहनों में बुधवार को रांची और लोहरदगा स्थित धीरज साहू के आवास पहुंचे. फिर आवास के मुख्य द्वार को बंद कर दिया. सीआईएसएफ के जवान सुरक्षा में तैनात हो गए हैं. किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही थी. जैसे ही लोगों को पता चला कि इनकम टैक्स की टीम फिर से जांच के लिए पहुंची है, वैसे ही राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू के घर के बाहर भीड़ जमा होनी शुरू हो गई थी.

### सुप्रीम कोर्ट ने पलट दिया कुछ माह पहले का अपना ही फैसला, कहा-

## बिना मुहर लगे मध्यस्थता समझौते भी वैध


एजेंसिया। नयी दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट की सात-सदस्यीय संविधान पीठ ने बुधवार को फैसला सुनाया कि पक्षों के बीच बिना स्टैंप लगे या उचित स्टैंप के अभाव वाले समझौतों में मध्यस्थता उपखंड लागू होता है क्योंकि इस प्रकार की कमी को दूर किया जा सकता है और इस खामी से करार अवैध नहीं हो जाता.

अनुबंध के पक्षकारों के बीच विवादों को सुलझाने के लिए मध्यस्थता उपखंड वाले कॉरपोरेट और अन्य समझौतों के लिए महत्वपूर्ण एवं दूरगामी परिणाम वाला यह फैसला इस साल अप्रैल में दिए गए पांच-न्यायाधीशों की पीठ के फैसले को खारिज कर देता है.

पांच-जजों की पीठ ने अप्रैल में 'मेसर्स एन एन ग्लोबल मर्केंटाइल प्राइवेट लिमिटेड बनाम मेसर्स इंडो यूनिक फ्लेम लिमिटेड और अन्य शीर्षक वाले मामले में 3:2 के बहुमत से सुनाए गए फैसले में कहा था कि मध्यस्थता उपखंड वाले स्टैंप रहित या उचित स्टैंप रहित समझौते लागू नहीं हो सकते.

#### संविधान पीठ ने क्या कहा



चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने पुराने फैसले को खारिज करते हुए कहा कि किसी समझौते पर स्टैंप न लगने या उचित स्टैंप नहीं लगने का वैधता से लेना-देना नहीं है, क्योंकि इस खामी को दूर किया जा सकता है. संविधान पीठ में न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, संजीव खन्ना, बीआर गवई, सूर्यकांत, जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा भी शामिल रहे. चीफ जस्टिस ने न्यायमूर्ति कौल, गवई, सूर्यकांत, पारदीवाला और मिश्रा की ओर से फैसला सुनाते हुए कहा कि स्टैंप नहीं होने से समझौता अमान्य नहीं हो जाता, लेकिन इसे सबूत के तौर पर पेश नहीं किया जा सकता. जिन समझौतों पर स्टैंप नहीं है या उचित स्टैंप नहीं लगे हैं, वे अमान्य या अप्रवर्तनीय नहीं, लेकिन वे साक्ष्य के रूप में अस्वीकार्य हैं. उन्होंने पहले के फैसले को खारिज करते हुए लिखा, समझौते पर स्टैंप लगाने के संबंध में कोई भी आपत्ति मध्यस्थ न्यायाधिकरण के दायरे में आती है.

#### जस्टिस खन्ना ने सुनाया अलग फैसला

न्यायमूर्ति खन्ना ने एक अलग, किंतु सर्वसम्मत फैसला लिखा. अदालत ने पांच जजों की संविधान पीठ के अपने पहले के उस आदेश की पुनः समीक्षा पर अपना फैसला 12 अक्टूबर को सुरक्षित रख लिया था, जिसमें कहा था कि बिना स्टैंप के मध्यस्थता समझौते कानूनी नहीं हैं. फैसला सुरक्षित रखने से पहले डेरियस खंबाटा और श्याम दीवान सहित विभिन्न वरिष्ठ वकीलों की दलीलें सुनीं थीं. इससे पहले कोर्ट ने 5 जजों की पीठ द्वारा दिए गए फैसले को पुनर्विचार के लिए 26 सितंबर को 7 जजों की पीठ को भेजा था.

### नयी पहल रांची एरिया बोर्ड का काम जीनस को मिला, 92 करोड़ रुपये होंगे खर्च

## बिजली चोरी व लाइन लॉस रोकने के लिए होगी एनर्जी एकाउंटिंग

➲ सबस्टेशन, फीडर और डिस्ट्रब्यूशन ट्रांसफारमर में लगाया जाएगा मीटर

कौशल आनंद। रांची

बिजली चोरी और लाइन लॉस पर लगाम लगाने के लिए जेबीवीएनएल एनर्जी एकाउंटिंग कराएगा. इसके लिए सभी सबस्टेशन से लेकर फीडर और लोकल डिस्ट्रब्यूशन ट्रांसफार्मर तक मीटर लगाए जाएंगे. इससे पता चलेगा कि सबस्टेशन से किस फीडर के लिए कितनी बिजली की आपूर्ति हुई, लोकल डिस्ट्रब्यूशन ट्रांसफार्मर में कितनी बिजली दी गयी और कितने कंज्यूमरों को बिजली मिली. इसमें आने वाले गैप से पता लगाया जाएगा कि कितनी बिजली की आपूर्ति और खपत हो रही है, कितना लाइन लॉस हो रहा. कितनी बिजली चोरी हो रही है. इसके साथ ही प्रत्येक ट्रांसफार्मर का लोड पता चल सकेगा, ताकि जरूरत पर लोड बढ़ाया जा सके. पूरी योजना विश्व बैंक संपोषित है. इस काम के लिए रांची एरिया बोर्ड के अधीन रांची, लोहरदगा, गुमला, खूंटी और सिमडेगा जिले का काम जीनस कंपनी को दिया गया है. -शेष पेज 13 पर

#### झारखंड में अब भी 30% लाइन लॉस

झारखंड में लाइन लॉस करीब 30% है. जबकि इसका राष्ट्रीय औसत 24% है. वर्ष 2024-25 तक इसे 15% तक करने का लक्ष्य रखा गया है. बिजली नुकसान के मामले में झारखंड राष्ट्रीय स्तर पर छठे स्थान पर है. 8% से अधिक बिजली (लाइन) लॉस हो रहा है. जेबीवीएनएल को कम से कम 40 करोड़ तक बिजली लोस झेलना पड़ रहा है.

#### लाइन लॉस का मुख्य कारण

झारखंड में लाइन लॉस की कई वजहें हैं. जिसमें 33 केवी लाइन की दूरी का अधिक का होना है. पुराने सिस्टम, जिसमें फीडर और डिस्ट्रब्यूशन ट्रांसफार्मर का ओवर लोड होना. तार खुले होने से बिजली की चोरी. हर महीने बिजली चोरी का अभियान और केस दर्ज होने के बाद चोरी पर पूर्णतः लगाम नहीं लगाया जाना. मीटर बाइबास करके और हुकिंग से बिजली चोरी करना अब भी आम बात है.

### बिजली विभाग ने 24 स्थानों पर की छापेमारी

## 22 लाख रुपये का जुर्माना लगा

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर विद्युत प्रमंडल में बिजली विभाग ने कुल 24 स्थानों पर छापेमारी की. सभी जगह बिजली चोरी के मामले प्रकाश में आये. जुर्माना ठोंकते हुए बिजली विभाग ने कुल 24 उपभोक्ताओं पर 22 लाख रुपए का फाइन लगा कर आदित्यपुर थाने में बिजली चोरी का केस दर्ज कराया है. यह जानकारी विद्युत कार्यपालक अभियंता अनूप प्रसाद ने दी. सबसे अधिक जुर्माना औद्योगिक क्षेत्र स्थित फेज 2 के इनोवा कंपनी पर हुआ. जिसपर विभाग ने 20 लाख रुपए का जुर्माना लगाते हुए केस दर्ज किया है. बता दें कि मंगलवार को रेड डे के मौके पर औद्योगिक क्षेत्र स्थित फेज 2 के इनोवा कंपनी में विभाग के अभियंताओं ने बिजली चोरी की सूचना पर दबिश दी थी. इस कंपनी में मार्च महीने से बिजली डिस्कनेक्ट होने के बाद से हुकिंग कर बिजली चोरी की जा रही थी. बिजली चोरी करने के लिए कंपनी प्रबंधन द्वारा पड़ोस के दूसरे कंपनी के मेन लाइन में केबुल से हुकिंग की गई थी.



▪ इनोवा कंपनी में पकड़ी बिजली चोरी ,20 लाख का लगा जुर्माना

## 2025 तक 5 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था असंभव: राजन

एजेंसी। नयी दिल्ली

**बोले रघुराम**

- चमत्कार के बगैर हम नहीं पा सकेंगे संभावित लक्ष्य
- नौकरियां बढ़ाने के लिए अभी बहुत कुछ करना होगा

बुनियादी ढांचे पर खर्च और दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के अच्छे प्रदर्शन से चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में देश की जीडीपी तेजी से बढ़ी है. रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने ये बात कही है. उन्होंने साथ ही जोड़ा कि भारत को काफी कुछ करने की जरूरत है और 2025 तक 5,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य लगभग असंभव है.

राजन ने कहा कि भारत की वृद्धि दर मजबूत होने के बावजूद निजी निवेश और निजी खपत में तेजी नहीं आई है. तो अगर आप देखें कि हमने इस साल इतना अच्छा प्रदर्शन क्यों किया है, तो हमारे इतना अच्छा प्रदर्शन करने का एक कारण यह भी है कि दुनिया अच्छा कर रही है. पहली छमाही में मजबूत वृद्धि का दूसरा कारण बुनियादी ढांचे पर जबर्दस्त सरकारी खर्च है. भारत ने दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था का दर्जा बरकरार रखा है. सरकारी खर्च और विनिर्माण से मिली मजबूती से जुलाई-सितंबर तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 7.6% रही है.

उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति नियंत्रित है. इसका कारण यह है कि हम अपनी संभावित दर से नहीं बढ़े हैं. प्रख्यात अर्थशास्त्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत को बहुत तेजी से वृद्धि करने की जरूरत है, क्योंकि पर्याप्त संख्या में नौकरियां नहीं तैयार हो रही हैं.

## दिसंबर के पहले सप्ताह से शुरू ऑनलाइन प्रविष्टि 8 जनवरी 2024 की शाम तक जारी रहेगी

# 11वीं-12वीं के छात्रों के लिए होगी क्विज-निबंध लेखन प्रतियोगिता

**संवाददाता। रांची**

इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट(आईएचएम), रांची द्वारा नेशनल कौंसिल फॉर होटल मैनेजमेंट नोएडा एवं पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत झारखंड राज्य के विभिन्न माध्यमिक उच्च विद्यालयों के 11वीं व 12वीं के छात्रों के लिए अखिल भारतीय विद्यालय स्तरीय प्रश्नोतरी (क्विज) एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. लगभग 1.43 करोड़ लोगों की मातृभूमि वाला धर्म/आस्था, भाषा, जाति लेकिन विविधता में एकता की मिसाल, जीवंत संस्कृति, सदियों पुरानी परंपरा, खान-पान और विविधता में एकता दिखाने वाला देश है भारत. यहां दुनिया भर से पर्यटकों को अतिथि देवो भवः अर्थात अतिथि भगवान के समान होता है, जो मेजबान-अतिथि संबंधों की गतिशीलता को निर्धारित करता है जैसे विचारों को दर्शाता हुआ "भारत पर्यटन, आतिथ्य, विरासत और संस्कृति" विषय पर प्रश्नोत्तरी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. भारत में आतिथ्य शिक्षा शुरू करने के इतिहास, आतिथ्य के क्षेत्र में कौशल प्रदान करने में आईएचएम की भूमिका को और स्पष्ट करना है, जिसके माध्यम से न केवल होटल बल्कि अन्य आतिथ्य और सेवा उद्योग में कॅरियर बनाया जा सके.

राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय रोजगार बाजार में "भारत में आतिथ्य प्रबंधन क्षेत्र में आतिथ्य शिक्षा और कॅरियर निर्माण में एनसीएचएमसीटी के तहत आईएचएम की भूमिका" विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा.

निबंध लेखन प्रतियोगिता में निबंध हिंदी या अंग्रेजी भाषा में 700 से 800 शब्दों के बीच लिखना होगा. प्रतियोगिता में किसी मान्यता प्राप्त स्कूल की 11वीं या 12वीं कक्षा में पढ़ाई कर रहे छात्र शामिल हो सकते हैं. प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कोई शुल्क नहीं है. भागीदारी एनसीएचएमसीटी के पोर्टल https://nchmnoida.com पर ऑनलाइन होगी और दिसंबर 2023 के पहले सप्ताह से शुरू ऑनलाइन प्रविष्टि 8 जनवरी 2024 की शाम तक जारी रहेगी.

### खास बातें

- भारत पर्यटन, आतिथ्य, विरासत और संस्कृति विषय पर होगी क्विज प्रतियोगिता
- हिंदी या अंग्रेजी में 7-8 सौ शब्दों में निबंध लेखन प्रतियोगिता हागी



### प्रथम पुरस्कार 1 लाख रुपये व स्वर्ण पट्टिका

अखिल भारतीय विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम विजेता को रु 1,00,000/ (एक लाख) और एक स्वर्ण पट्टिका, द्वितीय विजेता को रु. 50,000/ और एक कांस्य पट्टिका और तृतीय विजेता को रु. 20,000/- (बीस हजार) और जोन द्वारा शॉर्टलिस्ट व परिषद को अग्रेसित किए गए अन्य विजेता को रु 10,000/- प्रदान किए जाएंगे. जिस विद्यालय से 20 से अधिक प्रतिभागी होंगे, उसे स्वर्ण पट्टिका और 15 से अधिक प्रतिभागी होने पर कांस्य पट्टिका दी जाएगी. इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंटस, रांची के डॉ. भूपेश कुमार ने बताया कि छात्रों को अखिल भारतीय विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के साथ ही साथ भारत की पर्यटन व कला-संस्कृति के साथ-साथ अतिथ्य एवं सेवा क्षेत्र को जानने और प्रतिभागी बनकर विजेता बनने का मौका मिलेगा. इच्छुक छात्र विशेष जानकारी के लिए आईएचएम, रांची या एचसीएचएमसीटी की वेबसाइट पर भी संपर्क भी कर सकते हैं.

## आपकी बात

> बड़े भैया की मृत्यु के समय उनकी अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए अतुल ने विधवा भाभी से विवाह किया



**नाम : अतुल कुमार**
**पद** : सहायक अध्यापक
**कार्यक्षेत्र** : उत्क्रमित उच्च विद्याल, करकट, लातेहार

सहायक अध्यापक अतुल कुमार वर्ष 2004 से लगातार मध्य विद्यालय, करकट, लातेहार में सहायक अध्यापक के रूप में कार्यरत हैं. आज अतुल कुमार किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं. पीजी एवं एलएलबी की डिग्री हासिल करने वाले सहायक अध्यापक अतुल प्रारंभ से ही शैक्षणिक कार्यों में रुचि लेते थे. उन्होने सहायक अध्यापक बनने से पहले भी वह अपने मुहल्ले में बच्चों को निःशुल्क ट्यूशन देते थे. उन्होने एक संस्था सुभाष चंद्र बोस की भी स्थापना की है. इस संस्था के माध्यम से अतुल कुमार सामाजिक कार्य भी करते रहे हैं. विभिन्न खेल प्रतियोगिता भी इस संस्थान द्वारा कराया जाता है. उन्होंने वकालत में भी अपना पंजीयन कराया है, लेकिन शिक्षण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के कारण वे वकालत छोड़ कर शिक्षक के कार्य को अधिक महत्व दिया. अतुल ने कहा कि बच्चों को शिक्षा देना उनका जुनून है. बच्चे देश के भविष्य हैं और उनका भविष्य एक शिक्षक पर टीका होता है. शिक्षक का दायित्व बहुत ही जिम्मेवारी भरा होता है. आज अतुल कुमार मास्टर प्रशिक्षक के रूप में भी अन्य जिलों में भी प्रशिक्षण के लिए जाते हैं. उन्होंने निवार्चन कार्यों के अलावा कोविड काल में समय पर राशन वितरण कार्य, स्कूल बंद अवधि में मुहल्ले में जाकर बच्चों के समूह में खुले मैदान में पढ़ाने और सभी को कोरोना का टीका लेने के लिए प्रेरित करने का कार्य किया. इसके लिए उन्हें जिला प्रशासन से भी प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुआ. वर्तमान ने इनके विद्यालय के लगभग 500 छात्र व छात्रायें कक्षा एक से नौ तक में पढ़ती है. विद्यालय में अतुल कुमार सबसे अधिक लोकप्रिय शिक्षक माने जाते हैं. अतुल ने अनुशासन को सफल जीवन का मूलमंत्र मानते हैं. उनका कहना है कि बिना अनुशासन व समय प्रबंधन के कोई आगे नहीं बढ़ सकता है. अपने बड़े भैया की मृत्यु के समय उनकी अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए उन्होंने अपनी विधवा भाभी से 1997 में विवाह किया और समाज मे एक आदर्श प्रस्तुत किया.

## ब्रीफ खबरें

### आज से शुरू हो जाएगी स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस

**रांची।** हटिया आनंद बिहार झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन (संख्या 12873/12874) का फिर से परिचालन 14 दिसंबर से शुरू हो जाएगा. इस ट्रेन का परिचालन चार दिसंबर को कोहरा और धुंध के कारण एक मार्च 2024 तक रेलवे बोर्ड ने रद्द कर दिया था. इस मामले को लेकर सांसद बीडी राम ने चेयरमैन रेलवे बोर्ड एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जया वर्मा सिन्हा से मुलाकात की थी. मंत्री से इस ट्रेन को फिर शुरू करने को कहा था.

### जिला स्कूल में प्रदेश स्तरीय प्रदर्शनी कल

**रांची।** झारखंड में राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन 15 दिसंबर को होना है. यह प्रदर्शनी रांची जिला स्कूल में आयोजित की जाएगी. झारखंड के 24 जिलों में चयनित प्रतिभागी इस राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में शामिल होंगे. जिला स्तर की प्रतियोगिता में वे ही छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं, जिनके स्कूल का यूडाइस कोर्ड है. इसके साथ ही उन्हें क्लास 6 से 10वीं तक का छात्र होना चाहिए और उनकी उम्र 10 से 15 वर्ष होना अनिवार्य है. छात्रों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना होगा.

### रांची विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव

**रांची।** रांची विवि के प्लेसमेंट सेल ने प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया. इसमें एसबीआई लाइफ के एसोसिएट एचआर देवाशीष साहू भरती करने आए लोगों का नेतृत्व किया. पहले छात्रों का प्रोफाइल चैक किया गया. शार्टलिस्ट किए गए छात्रों का इंटरव्यू किया गया. एसबीआई के ओर से आए अधिकारियों ने शामिल छात्रों के साथ ग्रुप डिस्कशन चलाया. इसमें आईएमएस और साइंस डिपार्टमेंट के 40 छात्र-छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया था.

### जैक इंटर की फॉर्म भरने की तिथि पढ़ी

**रांची।** जैक ने इंटर के परीक्षा फॉर्म को भरने की तिथि को बढ़ाया है. पहले परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 12 दिसंबर था. वहीं अब 15 दिसंबर तक बिना विलंब शुल्क के भरा जाएगा. चालान जमा करने की अंतिम तिथि 18 दिसंबर है. विलंब शुल्क से ऑनलाइन फॉर्म भरने की तिथि 16 से 20 दिसंबर तक और बैंक चालान से जमा करने की अंतिम तिथि 22 दिसंबर तय की गई है.

## सरकारी खरीद नहीं होने से किसानों को हो रही आर्थिक क्षति

# सस्ती दर पर बिचौलिये खरीद रहे धान

**प्रवीण कुमार। रांची**

झारखंड के किसानों को सरकारी दर पर धान बेचने के लिए अभी कुछ दिन और इंतजार करना होगा. 2011-12 से सरकार की ओर से धान खरीदने किया जा रहा है, लेकिन इस वर्ष धान खरीद की तैयारी नोडल एजेंसी के स्तर पर तय समय में पूरा नहीं हो सका है. जानकारी के मुताबिक धान खरीद की शुरुआत दिसंबर के बाद यानी जनवरी के प्रथम सप्ताह तक होने की संभावना है. अमूमन हर साल धान खरीद की शुरुआत 15 दिसंबर से की जाती रही है, लेकिन इस साल खाद्य आपूर्ति विभाग और झारखंड राज्य फूड कॉरपोरेशन द्वारा प्रारंभिक तैयारी में किए देरी किए जाने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई. इस बीच धान की खरीद करने वाले व्यापारी किसानों से सस्ती दरो में धान की खरीद कर राज्य से बहार भेज रहे है. ओरमांझी के किसान बैजनाथ महतो कहते हैं कि किसान बिचौलियों के हाथों 17-18 सौ रुपये प्रति क्विंटल धान बेचने को मजबूर है.

### सरकारी दर पर धान बेचने के लिए किसानों को करण होगा इंतजार



**किस वर्ष क्या था धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य और बोनस**

प्रति क्विंटल

| वर्ष | एमएसपी | बोनस |
|---|---|---|
| 2018-19 | 1750 | 150 |
| 2019-20 | 1815 | 185 |
| 2020-21 | 1868 | 182 |
| 2021-22 | 1940 | 110 |
| 2022-23 | 2040 | 10 |
| 2023-24 | 2203 | 117 |

### झारखंड राज्य फूड कॉरपोरेशन को बनाया गया नोडल एजेंसी

सरकार द्वारा धान अधिप्राप्ति के लिए झारखंड राज्य फूड कॉरपोरेशन को नोडल एजेंसी बनाया है. 12 दिसंबर को इस संबंध में सभी जिलों के जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभागीय सचिव निर्देश जारी कर जिलों को लक्ष्य तय करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है. इसको लेकर खाद्, सार्वजनिक वितरण व उपभोक्ता मामने विभाग नें बुधवार को संकल्प जारी किया है. जारी संकल्प में कहा गया है कि भारत सरकार द्वरा तय न्यूतम समर्थन मूल्य के अतिरिक्त राज्य सरकार किसानों को 117 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बोनस देगी. सरकार ने इसके लिए सत्तर करोड़ बीस लाख रुपये स्वीकृति प्रदान की है. भारत सरकार ने धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2183 रुपये प्रति क्विंटल साधारण और 2203 रुपये प्रति क्विंटल ग्रेड ए के धान के लिए निर्धारित किया है.

### इस साल 6 लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य

झारखंड सरकार ने इस साल किसानों से 6 लाख मेट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य रखा है. इसमें 30 लाख 70 हजार नेशनल फूड सेफ्टी के लिए और शेष झारखंड खाद्य सुरक्षा योजना (ग्रीन राशन कार्ड) के लिए 29 लाख 30 हजार मीट्रिक टन खरीदने का लक्ष्य रखा है. 7 दिसंबर की कैबिनेट की बैठक में इस पर मुहर लग चुकी है.

### दिसंबर के अंतिम दिनों में शुरू हो सकती है धान की खरीद

झारखंड स्टेट फूड कॉरपोरेशन के महाप्रबंधक यतींद्र प्रसाद कहते हैं कि धान अधिप्राप्ति को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है. दिसंबर के अंतिम सप्ताह में धान की खरीद शुरू होने की संभावना है. देरी के पीछे की वजह चुनाव कार्यों में राज्य से बाहर रहना है. इस कारण समय से खरीद शुरू नहीं हो सकी है.

## मोदी की गारंटी एक बार फिर से हुई धराशायी : राजेश ठाकुर

**रांची।** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा है कि संसद में हुई भारी चूक पर मोदी की गारंटी एक बार फिर से धराशायी हुई. यह गंभीर मामला है. इस गंभीर मामले पर भी गृहमंत्री का बयान देने से इंकार करना इस बात को दर्शाता है कि राष्ट्रवाद का ढोंग रचने वाली भाजपा राष्ट्र की सुरक्षा पर कितनी गंभीर है. आज ही के दिन 22 वर्ष पूर्व संसद में हमला हुआ था. कई सुरक्षा कर्मी उस हमले में शहीद हुए थे और फिर 22 वर्ष बाद इस घटना का पुनरावृति होना यह बिलकुल दुखद है. देश के गृहमंत्री लगातार देश संभालने में असफल साबित हो रहे हैं. वे अविलंब इस्तीफा दें. इसके साथ ही भाजपा सांसद प्रताप सिन्हा को तत्काल गिरफ्तार किया जाए.

## बूढ़े कंधों पर जंगल की सुरक्षा रेंजर के 300 पद हैं खाली

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

झारखंड के जगंलों की सुरक्षा अब बूढ़े कंधों पर है. इसकी वजह यह है कि रेंजर(वन क्षेत्र पदाधिकारी) के 300 पद खाली हो गए हैं. सिर्फ 83 रेंजर ही कार्यरत हैं. झारखंड में रेंजर के कुल 383 पद स्वीकृत हैं. जो रेंजर कार्यरत हैं, वो भी अब रिटायरमेंट के कगार पर हैं. एकीकृत बिहार के समय ही 1983 में रेंजरों की नियुक्ति हुई थी. झारखंड बनने के बाद रेंजरों की नियुक्ति नियमावली भी बनी. इसके बावजूद अब तक रेंजरों की नियुक्ति नहीं हो पाई है. वहीं इस रेंजर को गजेटेड और नॉनगजेटेड तय करने का मामला भी काफी दिनों तक झूलता रहा. अब रेंजर को गजेटेड(राजपत्रित) अफसर के रूप में राज्य सरकार ने मान्यता दी है.

**आईएफएस अफसरों की संख्या बढ़ी :** झारखंड कैडर में आईएफएस अफसरों की संख्या बढी है. फिलहाल झारखंड में 141 आईएफएस हैं. यह संख्या छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्यप्रदेश से अधिक है, जबकि इन राज्यों में वन का क्षेत्रफल झारखंड से अधिक है.



**सिर्फ 83 रेंजर हैं 1983 के बाद नियुक्ति नहीं**

### घट गया है घना जंगल

झारखंड में घना जंगल का दायरा घटता जा रहा है. झारखंड में 2019 में घना वन क्षेत्र 2603 .2 वर्ग किमी था. जो अब घटकर 2601.05 वर्ग किमी हो गया है. करीब दो वर्ग किमी की कमी आयी है. पूरे राज्य में सबसे अधिक वन क्षेत्र गढ़वा में बढ़ा है. वहीं पाकुड़, लोहरदगा, लातेहार और कोडरमा में वन क्षेत्र घटा है. फिलहाल झारखंड के क्षेत्रफल का 29 .76 फीसदी हिस्सा में जंगल है.

## तीन जिलों में 19.43 करोड़ से जेपीएचसीएल कराएगा निर्माण कार्य

**रांची।** झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिडेट (जीपीएचसीएल) राज्य के तीन जिलों, जामताड़ा, गोड्डा व गिरिडीह में 19.43 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य कराएगा. गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इसोकर राशि स्वीकृत कर दी है. निर्माण कार्य की राशि रांची जिला कोषागार से झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन के खाते में ट्रांसफर की जाएगी.

**जाने कहां-कहां कितने की लागत से होगा निर्माण कार्य**

- 10 .69 करोड़ की लागत से गिरिडीह जिले के आईआरबी 9 में चहारदीवारी और कंसर्टिना क्वायल फेंसिंग का निर्माण कराया जाएगा.
- **2 .69 करोड़ से गिरिडीह जिले के आईआरबी 9 में सात वॉच टावर और दो गेटों का निर्माण कार्य होगा.**
- 1.46 करोड़ की लागत से जामताड़ा जिले के नाला सीडीपीओ कार्वयन निर्माण कार्य होगा.
- **1.43 करोड़ से जामताड़ा पुलिस लाइन में मैगजीन भवन का निर्माण कराया जाएगा.**

## प्रेस बयान धीरज साहू के यहां बरामदगी रुपये सीधे टैक्स चोरी का मामला

# भ्रष्टाचार करने वालों को जेल भेजो : वाम दल


**प्रमुख संवाददाता। रांची**

वाम दलों ने संयुक्त प्रेस बायन जारी कर भ्रष्टाचार करने वालों को जेल भेजने की मांग की है. कांग्रेस सांसद धीरज साहू के यहां से करोड़ों रुपये की बरामदगी सीधे - सीधे टैक्स चोरी का मामला है. इसलिए इसकी जांच कर उन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए. हालांकि आयकर विभाग ने कितने रुपये की बरामदगी की है, अभी तक उस पर कोई अधिकृत बयान जारी नहीं किया है. लेकिन भाजपा जिस तरह से इस मुद्दे पर संसद में और झारखंड मे हाय - तौबा मचा रही है, उससे उसे कोई राजनीतिक लाभ नहीं मिलने वाला है. क्योंकि आर्थिक - राजनीतिक भ्रष्टाचार की सबसे बड़ी खिलाड़ी तो भाजपा ही है.



चुनाव फंड में कार्पोरेट घरानों से अरबों रुपये लेने और उन्हें लाखों - करोड़ों का फायदा पहुंचाने के मामले में भाजपा आज चैंपियन है. उसी प्रकार भाजपा के भी कई नेता और सांसद भ्रष्टाचार के आरोपी हैं. गुजरात के एक बड़े व्यापारी के पास से भारी मात्रा में अवैध धन बरामद हुआ था, लेकिन उसके द्वारा दिए गए बयान में केंद्र के एक बड़े नेता जो कि एक पावर फुल मंत्री भी हैं, का नाम उजागर होने पर मामले को ही दबा दिया गया. इसलिए भष्टाचार पर हाय - तौबा मचाने वाली भाजपा को पहले अपने गिरेबान में झांक कर देखना चाहिए. पूरे देश में भ्रष्टाचार के प्रमाणित के आरोप से केवल वाम दल ही बेदाग हैं. कई राज्यों में दशकों तक सरकार चलाने के बावजूद कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व पर घोर विरोधियों की भी हिम्मत नहीं हुई कि उन पर आर्थिक अनियमितता का आरोप लगायें. वाम दलों ने कार्पोरेट घरानों द्वारा राजनीतिक पार्टियों को इलेक्ट्रोरल बांड के माध्यम से धन दिए जाने की प्रणाली को भी खारिज करते हुए इसे बंद करने की मांग वाली एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की है. उदारीकरण के दौर में राजनीतिक भ्रष्टाचार तेजी से बढ़ा है और वर्तमान आर्थिक नीतियां इसका पोषण करती हैं. वाम दल मेहनतकश जनता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और प्रगतिशील विचारधारा के प्रति अपने विश्वास के चलते इससे बचे हुए हैं. इसलिए वाम दलों की स्पष्ट समझ है कि भ्रष्टाचार किसी भी दल का हो, दोषी को सजा मिलनी चाहिए. संयुक्त बयान जारी करने वाले में माकपा के प्रकाश विप्लव ,भाकपा माले के मनोज भक्त, भाकपा के महेंद्र पाठक, मासस के हलधर महतो, फारवर्ड ब्लॉक अरुण मंडल, गणेश दीवान के नाम शमिल हैं.

CLASSIFIED




























राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | गुरुवार, 14 दिसंबर 2023 ● मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 02, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 236 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

# स्क्रैप पर वर्चस्व को लेकर सारंडा में खूनी संघर्ष की आशंका

संवाददाता। किरीबुरु

सेल की गुवा खदान से स्क्रैप की चोरी बदस्तूर जारी है.स्क्रैप चोरी के धंधे अथवा कारोबार पर गुवा की एक चर्चित महिला स्क्रैप माफिया ने अपना वर्चस्व बना रखा है. इस अवैध कारोबार में कुछ दूसरे लोग भी शामिल होना चाहते हैं, लेकिन महिला अपनी बादशाहत कायम रखने के लिए अपने गुर्गों के माध्यम से दूसरे को इस कारोबार में घुसने से रोक रही है.

स्क्रैप के इस अवैध कारोबार में वर्चस्व को लेकर सारंडा के सुदूरवर्ती गांवों में गैंगवार की संभावना बनी हुई है.कभी भी मारपीट अथवा हत्या जैसी घटना घट सकती है. बीते दिनों गुवा खदान के नीचे सारंडा जंगल स्थित जोजोगुटू एवं पेचा गांव के बीच जंगल में उक्त चर्चित महिला स्क्रैप माफिया व दूसरी टीम में हल्की मारपीट की घटना हुई. बाद में दोनों टीम अलग-अलग हट गई. इस घटना की जानकारी पुलिस को होने के बावजूद इस अवैध कारोबार को रोकने में असफल साबित हो रही है.

## गुवा खदान से चोरी होने वाले स्क्रैप पर महिला माफिया का वर्चस्व



### कुछ महीनों से निरंतर स्क्रैप की चोरी हो रही है

सेल की गुवा खदान से पिछले कुछ महीनों से निरंतर स्क्रैप की चोरी हो रही है. सारंडा के काशिया-पेचा व आसपास गांवों के कुछ चोर दिन अथवा रात में जंगल के रास्ते उक्त खदान में घुसकर रोलर व अन्य लोहे के सामान की चोरी कर खदान से पैदल ऊंची पहाड़ी से नीचे उतरते हैं और चोरी का स्क्रैप कच्ची सड़क किनारे जंगल में छुपाकर रख देते हैं. जब स्क्रैप एक कैम्फर हो जाता है तो चोरों द्वारा उक्त महिला को स्क्रैप उठाने की जानकारी दी जाती है. महिला अपनी कार व कैम्फर वाहन से आकर ग्रामीणों को मामूली पैसा देकर स्क्रैप उठा ले जाती है. इस अवैध कारोबार में बेतहाशा पैसा देकर गांव के ही कुछ लोग भी शामिल हैं.

### चोरी का विरोध करने पर करवाया जाता है हमला

चोरी का स्क्रैप ग्रामीणों से स्वयं खरीदने की कोशिश की. इसकी जानकारी मिलते ही उक्त महिला अपनी कार से गुवा से मौके पहुंची और जबरन स्क्रैप उठाकर चली गई. इसका विरोध करने वाले दूसरे लोगों पर अपने गुर्गों से हमला करवा दिया. इसके बाद अब वर्चस्व की लड़ाई तेज हो गई है. स्क्रैप चोरी काशिया-पेचा के जंगलों से हो रही है. और पुलिस को जानकारी तक नहीं, यह आश्चर्यजनक है. अगर पुलिस का सूचना तंत्र इस नक्सल क्षेत्र में कमजोर है तो वह नक्सलियों की जानकारी कैसे प्राप्त कर पाती होगी. यह नक्सलियों का सुरक्षित जोन है जो गुवा व छोटानागरा थाना सीमा से लगा है.

## ब्रीफ खबरें

### 6 साल बाद जेल से निकलेंगे राजा पीटर

**रांची।** बुंडू के तत्कालीन विधायक रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड मामले में 9 अगस्त 2017 से जेल में बंद गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर को जमानत मिल गई है. वह छह साल बाद जेल से बाहर आएंगे. उन्हें झारखंड हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है. जस्टिस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने जमानत दी है. अदालत ने उन्हें शर्त के साथ जमानत दी है. राजा पीटर के कस्टडी पीरियड और ट्रायल में गवाहों की अधिकता को देखते हुए जमानत दी है. -पेज 7 भी देखें

### कैबिनेट की बैठक कल, कई प्रस्तावों को मिलेगी स्वीकृति

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 15 दिसंबर को बुलाई गई है. मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने इसकी सूचना देते हुए बताया कि शुक्रवार को शाम 4 बजे या विधानसभा की बैठक के तुरंत बाद (जो भी बाद में हो) प्रोजेक्ट भवन स्थित कैबिनेट कक्ष में बैठक होगी. बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति दी जाएगी. बैठक शाम 4 बजे से प्रोजेक्ट भवन सभागार में होगी.

### दशरथ चंद्र रांची-पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त

**रांची।** सरकार ने राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के विशेष सचिव दशरथ चंद्र दास का तबादला कर दिया है. दास को अगले आदेश तक दक्षिणी छोटानागपुर का प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त बनाया गया है. झारखंड सरकार के कार्मिक, प्रशासनिक और राजभाषा विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारीकर दी है. दशरथ चंद्र दास को अपने कार्यों के अलावा पलामू प्रमंडल के प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त की जिम्मेवारी भी सौंपी गयी है.

### बहू ने सास को मार कर काट ली नाक

**गोमो (कतरास)।** हरिहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गुनघुसा गांव में एक बहू ने अपनी सास को टांगी से मार कर उसकी नाक काट दी. लहूलुहान महिला कामिनी देवी ने थाने पहुंच कर लिखित शिकायत दी, परंतु पुलिस ने आवेदन लेने से इंकार कर दिया. पीड़ित महिला कामिनी ने बताया कि पुत्रवधू फूल कुमारी पति कामराज गोस्वामी बुधवार सुबह घरेलू विवाद होने पर टांगी निकाल कर मार दी, जिससे मेरी नाक कट गयी.

### हेमंत सरकार के खिलाफ भाजपा लाएगी आरोप पत्र

**रांची।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार 28 दिसंबर को अपने 4 साल पूरे करेगी. भाजपा का आरोप है कि पिछले 4 सालों में हेमंत सरकार हर मोर्चा पर फेल साबित हुई है. भाजपा ने तय किया है कि वह हेमंत सरकार के 4 साल की नाकामियों, लूट, झूठ, भ्रष्टाचार को सटीक आंकड़ों के साथ जनता के बीच जाएगी. इसके लिए भाजपा हेमंत सरकार के खिलाफ एक आरोप पत्र तैयार करेगी.

### नगर विकास के संविदाकर्मियों की रिटायरमेंट की उम्र सीमा 60 वर्ष

**रांची।** नगर विकास विभाग में केंद्र और राज्य प्रायोजित योजनाओं के लिए कई कर्मियों को संविदा पर रखा गया है. विभाग ने इनके रिटायरमेंट की उम्र सीमा 60 वर्ष तय की है. इसे लेकर निदेशक ने सभी नगर आयुक्तों और नगर निकाय के अफसरों को पत्र लिख कर निर्देश जारी किया है. कहा कि केंद्र और राज्य की योजनाओं में संविदा पर कार्यरत कर्मी काम कर रहे हैं. सरकार की सेवानिवृति के प्रावधान इन पर भी लागू होंगे.

### मजलिस-ए-उलेमा का इजलास आज

**रांची।** मजलिस ए उलेमा झारखंड की ओर से एक दिवसीय मजलिस का आयोजन मदरसा इस्लामिया सुरसा मुड़मा मिसाल में गुगुवार को होना है, जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है. बुधवार को उस तैयारी का निरीक्षण करने के लिए मजलिस उलेमा ए झारखंड की टीम मुड़मा के मदरसा इस्लामिया महमुदिया ग्राउंड पहुंची. मजलिस के अध्यक्ष मौलाना साबिर हुसैन मजाहिरी ने कहा कि यह इजलास एक तारीखी इजलास होगी.

निरसा की शराब कंपनी अंकुर बायोकेम में भी आईटी की रेड

# साहू कनेक्शन की चर्चा

संवाददाता। निरसा

निरसा के तेतुलिया स्थित शराब कंपनी अंकुर बायोकेम में बुधवार सुबह कोलकाता और आसनसोल की इनकम टैक्स विभाग की टीम ने छापेमारी की, तो हड़कंप मच गया. कंपनी के मालिक महेंद्र शर्मा भागे-भागे आसनसोल से कंपनी पहुंचे. सूत्रों के अनुसार इस छापेमारी के कनेक्शन सांसद धीरज साहू के ठिकानों से मिले करोड़ों रुपए और शराब कारोबार से जुड़े कागजात से कनेक्शन की आशंका जतायी जा रही है.

सुबह से रात तक कोलकाता और आसनसोल की टीम ने कंपनी और ठिकानों में कारोबार से जुड़े कागजात खंगाले. जांच कर रही टीम में एक दर्जन से अधिक अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं. सुबह से रात तक कंपनी का गेट बंद था, किसी को भीतर और बाहर आने पर पाबंदी थी. चर्चा है कि कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों से मिले कागजात से पता चला है कि अंकुर कंपनी से उनका कनेक्शन है. यहां के लोगों में यही चर्चा है कि ये छापे धीरज साहू कनेक्शन के चलते ही डाले जा रहे हैं.



## एक दर्जन से अधिक अधिकारियों की टीम कर रही जांच



## सुबह से रात तक कोलकाता और आसनसोल की टीम ने खंगाले कागजात, बरामदगी पर साध रखी है चुप्पी

### टीएमसी के पूर्व विधायक और व्यवसायी के ठिकानों पर भी छापे

इस बीच, तृणमूल कांग्रेस के पूर्व विधायक सोहराब अली और व्यवसायी सैयद इम्तियाज के ठिकानों पर भी आईटी विभाग ने छापा मारा है. पूर्व विधायक सोहराब अली और व्यवसायी सैयद इम्तियाज आसनसोल के हीरापुर थाना अंतर्गत रहमत नगर के रहनेवाले हैं. आयकर विभाग बुधवार सुबह से ही उनके आवास और कार्यालय सहित कई ठिकानों पर छापेमारी कर रही है. गौरतलब है कि सोहराब अली के रहमत नगर स्थित आवास पर छापेमारी की गई है. जबकि सैयद इम्तियाज के बिजनेस पार्टनर और सहयोगी मुनव्वर हुसैन, विजय सिंह, जवैद खान के घरों पर भी छापेमारी की सूचना मिली है. वहीं दूसरी ओर पायल इंटरप्राइजेज के एसबी गोराई रोड स्थित कार्यालय पर भी छापेमारी चल रही है. सूत्रों के अनुसार विजय सिंह के घर पर नगदी और गहने मिले हैं. सुगम पार्क स्थित जावेद खान के घर पर भी आयकर विभाग ने छापेमारी की है.

### आसनसोल के प्रभावशाली नेताओं में होती है गिनती

बताते चलें कि तृणमूल कांग्रेस के दोनों नेताओं की गिनती आसनसोल के प्रभावशाली नेताओं में होती है. तृणमूल के पूर्व विधायक सोहराब अली की पत्नी नर्गिस बानो अभी वर्तमान में आसनसोल नगर निगम के वार्ड संख्या 82 से तृणमूल पार्षद भी हैं. इसके अलावा तृणमूल के दोनों नेता बड़े कारोबारी भी हैं. दोनों का आसनसोल सहित कोलकाता तक कारोबार फैला हुआ है.

शिबू सोरेन के 40 साल के संघर्ष से झारखंड मिला, लेकिन 20 साल में हक नहीं मिला

# सरकार को सबकी चिंता : सीएम

➲ **पिछली सरकार में तो लोग हाथ में राशन कार्ड लेकर मर गये**

प्रमुख संवाददाता। जामताड़ा

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जामताड़ा के नाला प्रखंड के नूतनडीह मैदान में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में जनता से संवाद किया. कहा कि एकीकृत बिहार में झारखंड की जनता की हालत बद से बदतर होती जा रही थी, तब शिबू सोरेन ने अलग राज्य के लिए संघर्ष किया. 40 साल के संघर्ष और कई कुर्बानियों के बाद हमें अलग राज्य मिला, लेकिन जनता को अधिकार राज्य गठन के 20 वर्ष बाद भी नहीं मिला. राज्य में लोग हाथ में राशन कार्ड हाथ में लेकर मर गए, लेकिन हमारी सरकार ने कोरोना महामारी और सुखाड़ में भी किसी को भूखे मरने नहीं दिया. डबल इंजन की सरकार ने तो 11 लाख का राशन कार्ड तक डिलीट कर दिया था.

सीएम ने कहा कि गांव के प्रधानों ने अपना मानदेय बढ़ाने के बाद कही है. सरकार को सब की चिंता है। समय के साथ हम काम करेंगे. आज हमारे पास जो संसाधन है, उसके अनुरूप हमें निर्णय लेना पड़ता है. केंद्र सरकार के पास बकाया 01 लाख 36 हजार करोड़ रुपए हमें मिलता तो आज ग्राम प्रधानों का भी मानदेय बढ़ाने में यह राशि सहायक होती. कार्यक्रम में सीएम ने 634.30 करोड़ की 92 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया और 26126 लाभुकों के बीच 18211.5 लाख रुपए की परिसंपत्ति बांटी.



### विपक्ष ने मलेरिया से मौत का वीडियो वायरल किया

सीएम ने कहा विपक्ष ने संथाल के सुंदरपहाड़ी में मलेरिया से आदिम जनजाति समुदाय के लोगों की मौत की खबर का वीडियो वायरल किया. मलेरिया अमीरों की बीमारी नहीं है. यह गरीबों की बीमारी है. जिनके पास घर नहीं है उन्हें यह बीमारी हुई। हमने केंद्र से अतिरिक्त पीएम आवास मांगा, लेकिन नहीं मिला. हमारे आवासों की संख्या घटाकर भाजपा शासित राज्यों को दिया गया.

### जिले में काजू की खेती को दी जाएगी प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां काजू के काफी पेड़ दिखाई दे रहे हैं. 80 के दशक में संथाल परगना काजू के पेड़ से ढका हुआ था, लेकिन उस समय इसके फल का उपयोग यहां के लोग नहीं कर पाते थे. अब इसके फल को आधुनिक तकनीक से प्रोसेसिंग कर आय में वृद्धि का जरिया बनाया जा सकेगा. इसे लेकर वन प्रमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है.

### 720 किलोमीटर सड़क का कराएंगे निर्माण

मुख्यमंत्री ने बताया कि जामताड़ा जिला में 500 किलोमीटर ग्रामीण सड़क की स्वीकृति दी गई है. यह 300 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा. साथ ही पथ निर्माण विभाग के तहत 220 किलोमीटर उच्च स्तरीय सड़क की स्वीकृति दी है, जो करीब 250 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा। कई जगह टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है.

**जामताड़ा के नूतनडीह में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम**

- मुख्यमंत्री ने 634 .30 करोड़ की 92 योजनाओं का किया शिलान्यास-उद्घाटन
- 26126 लाभुकों के बीच 18211 .5 लाख रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण

# विस का शीतकालीन सत्र कल से

संवाददाता। रांची

झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुक्रवार से आहूत है. सदन की कार्यवाही सफलतापूर्वक चले, इसके लिए विधानसभा में सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं. विधानसभा के अधिकारी व कर्मचारी दिन रात तैयारी में जुटे हैं. स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने छह दिवसीय शीतकालीन सत्र को लेकर गुरुवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है.

**आज सर्वदलीय बैठक**



इसके अलावा प्रदेश के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक भी की जाएगी. बैठक दिन के 11.30 बजे से शुरू होगी. पंचम विधानसभा में ये पहला मौका होगा जब नेता प्रतिपक्ष बैठक में मौजूद रहेंगे. लोकसभा में बुधवार को दर्शक दीर्घा में हघटी घटना के बाद इस बार सुरक्षा के भी विशेष इंतजाम किए जाएंगा. विधानसभा के प्रभारी सचिव जावेद हैदर ने बताया कि बैठक में इस पर भी चर्चा होगी. साथ ही ऑनलाइन प्रश्न लेने पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि विधानसभा के सदस्य अगर सदन से अनुपस्थित भी हैं, तो उनके प्रश्न सदन में आयें.

# लोयाबाद थाने के एएसआई 10 हजार घूस लेते गिरफ्तार

संवाददाता। लोयाबाद

धनबाद एसीबी ने बुधवार को करकेंद में औचक छापेमारी कर लोयाबाद थाना के एएसआई मनोज मिश्रा को 10 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया. एसीबी की टीम ने यह कार्रवाई लोयाबाद 5 नंबर निवासी मो. शकील की शिकायत पर की है. एसीबी को दिए आवेदन में मो. शकील ने कहा



था कि दो पड़ोसियों में जमीन विवाद को लेकर दर्ज केस से नाम हटाने और केस को हल्का करने के लिए एएसआई मनोज मिश्रा ने 30 हजार की मांग की थी. शिकायत के बाद एसीबी ने जाल

**मुकदमा से नाम हटाने के लिए मांगी थी 30 हजार रुपये रिश्वत**

बिछाया और मनोज को रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोचा. टीम का नेतृत्व एसीबी धनबाद के सब इंस्पेक्टर जीतेंद्र सिंह कर रहे थे. शकील के पुत्र आमिर हुसैन ने इससे पहले एसएसपी को आवेदन देकर कहा था कि जमीन विवाद को लेकर 8 नवंबर को उसके और उसके परिजनों के खिलाफ मामला किया गया है. जबकि उसकी मां मेहताब खातून ने पड़ोसियों की ज्यादती के खिलाफ 8 नवंबर को थाने में लिखित शिकायत दी थी, लेकिन पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया. उसी केस की डायरी को मैनेज करने के लिए एएसआई मनोज मिश्रा ने 30 हजार रुपए घूस मांगी थी.

**नेक काम** घरेलू उपयोग के सारे सामानों के साथ नवदंपती को दुआएं देकर विदा किया

# हाईकोर्ट के वकील और दोस्तों ने करायी युवक-युवती की शादी

विनीत आभा उपाध्याय। रांची

झारखंड हाईकोर्ट के एक युवा अधिवक्ता ने अपने साथियों के सहयोग से एक युवक-युवती की शादी करायी है. रांची के धुर्वा स्थित जगन्नाथ मंदिर में हुए इस आदर्श विवाह के गवाह झारखंड के महाधिवक्ता राजीव रंजन समेत हाई कोर्ट के कई वकील बने.

दरअसल झारखंड हाई कोर्ट में नियमित प्रैक्टिस करने वाले वकील शुभम गौतम और देश -विदेश में रहने वाले उनके दोस्तों ने यह तय किया है कि समाज के लिए कुछ बेहतर करना है. उन्होंने हर साल समाज की एक गरीब लड़की का विवाह ठीक वैसे ही कराने का निर्णय लिया है, जैसे एक पिता या भाई अपनी बेटी व बहन की शादी धूमधाम से कराते हैं. एडवोकेट शुभम गौतम बताते हैं कि शादी कराने से पहले वे लड़की को सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण, जबकि लड़के को स्वरोजगार का प्रशिक्षण दिलाते हैं, ताकि शादी के बाद दोनों अपना परिवार सम्मान के साथ चला सकें.



### स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण दिलाया

एडवोकेट शुभम गौतम ने अपनी मित्र मंडली के सहयोग से हर वर्ष यह पुण्य का काम कराने का निर्णय लिया है. इसके लिए किसी से सहयोग नहीं लिया जाएगा. इस योजना के तहत ही बुधवार को रांची की रहनेवाली नीलम कुमारी और हजारीबाग के रहने वाले सुमित राय का विवाह कराया गया. शादी कराने से पहले युवती को सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण दिया गया और युवक को ड्राइविंग सिखाया गया, ताकि दोनों रोजगार से जुड़कर अपना परिवार चला सकें. गौतम ने बताया कि उनका लक्ष्य समाज में खुशहाली लाना है और जरूरतमंदों की मदद करना है.

### घरेलू उपयोग के सारे सामान गिफ्ट दिए

रांची की बेटी नीलम और हजारीबाग के सुमित राय की शादी कराने के बाद घरेलू उपयोग के सारे सामान के साथ दोनों को विदा किया. अधिवक्ता शुभम गौतम के साथ-साथ नीदरलैंड की तनुश्री, बेंगलुरु के गौरव गौतम, अमेरिका के सौरभ गौतम, चेन्नई की शिवानी वर्मा और रांची के रितेश ने युवक-युवती के दैनिक जीवन में इस्तेमाल होनी वाली चीजों का इंतजाम किया. युवाओं की यह टीम गरीब बच्चों की शिक्षा को लेकर भी काम कर रही है.

# केसरगढ़: अवैध उत्खनन के दौरान मजदूरों के दबने की खबर, हड़कंप

संवाददाता। बाघमारा

बीसीसीएल ब्लॉक दो क्षेत्र केसरगढ़ बस्ती स्थित साइडिंग के पास बुधवार को अवैध मुहाने से कोयला खुदाई के दौरान कुछ मजदूरों के दबने की खबर इलाके में जंगल की आग तरह फैल गई.

घटना में एक मजदूर की मौत होने की बात कही जा रही थी. मृतक महुदा का बताया जाता है. हालांकि घटना की आधिकारिक पुष्टि किसी ने नहीं कि है. न ही मौके पर पुलिस पहुंची. चर्चा है कि बुधवार को 12 बजे दिन में ब्लॉक दो के केसरगढ़ में अवैध उत्खनन के दौरान कई मजदूर चाल धंसने से दब गए. जिसमें एक मजदूर की मौत हो गई जबकि घटना में आधा दर्जन के करीब मजदूर घायल हो गए. आनन -फानन में घायल मजदूरों को वहां से उठा कर इलाज के लिए भेज दिया गया. जबकि मृत मजदूर को वहीं पर दफन कर दिया गया. घटना की चर्चा इलाके में आग की तरह फैल गई. बताया जाता है कोयला तस्करों द्वारा में दुर्घटना के सभी साक्ष्यों को मिटा दिया गया. घटना को लेकर बस्ती में कोई कुछ बताने को तैयार नहीं है. हकीकत क्या है, इस की जानकारी देने से सभी लोग परहेज कर रहे हैं. बहरहाल चर्चा में कितनी सच्चाई है, यह तो पुलिसिया जांच पड़ताल से ही स्पष्ट हो सकता है.

**खास बातें**

- पुलिस-प्रशासन नहीं पहुंचा, तरह-तरह की चर्चाएं
- गांव के लोग मुंह खोलने को तैयार नहीं, सब तरफ सन्नाटा

## ब्रीफ खबरें

### अयोध्या पहाड़ की ओर पहुंचाए गए जंगली हाथियों का झुंड

**चांडिल।** चांडिल अनुमडल क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात थमने की संभावना जताई जा रही है. वन विभाग ने हाथी भगाओं दस्ता के माध्यम से ग्रामीणों के सहयोग से हाथियों के झुंड को वापस जंगल की ओर खदेड़ दिया है. वन विभाग की ओर से बताया गया कि सिरुम और आसपास के क्षेत्र में डेरा जमाए हाथियों के झुंड को मंगलवार की रात को पश्चिम बंगाल के अयोध्या पहाड़ की ओर पहुंचा दिया गया है. वहीं दूसरी ओर अकेला घुक रहा दंतैल हाथी अब भी क्षेत्र में ही डेरा जमाए हुए है.

### टोन्टो पंचायत की मुखिया ने किया कंबल वितरण

**चाईबासा।** टोन्टो प्रखंड के टोन्टो पंचायत की मुखिया दीपिका लागुरी ने बढ़ती ठंड को देखते हुए अपनी पंचायत में 20 से अधिक वृद्ध महिलाओं के बीच कंबल का वितरण किया. उन्होंने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्र और जंगल क्षेत्र के होने के कारण पंचायत के सभी गांव ठंड में ज्यादा ही प्रभावित हो जाते हैं. ऐसे में पंचायत के सभी वृद्ध महिला-पुरुषों के बीच कंबल वितरण किया जाएगा. इस क्रम में यह वितरण का कार्य किया गया है. मौके पर टोन्टो गांव के अन्य लोग भी उपस्थित थे.

### मलेरिया उन्मूलन जागरूकता अभियान का हुआ आयोजन

**मनोहरपुर।** मलेरिया ज़ोन सारंडा के सुदूरवर्ती क्षेत्र एवं मलेरिया प्रभावित क्षेत्र में मलेरिया के रोकथाम को लेकर जनजागरूकता अभियान का प्रारंभ किया गया.बुधवार को मनोहरपुर सीएचसी में जागरूकता अभियान टीम को जिला परिषद उपाध्यक्ष रंजित यादव ने हरी झंडी दिखाकर सारंडा के लिए रवाना किया. सुदूरवर्ती सारंडा के गंगदा, छोटानागरा,जामकुंडीया, चिड़िया, ममार, जोजोगुटू, दोदारी आदि विभिन्न गांवों में डोर टू डोर जागरूकता जनसंपर्क अभियान चलाया गया.

### मझगांव में लगा शिविर उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

**मझगांव।** मझगांव प्रखंड के मझगांव पंचायत में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार , आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रतिनिधि राजेश पिंगुवा ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन राज्य के हर तबके का विकास कर रही है. हर जरूरतमंद को उनका हक मिल रहा है. रोजगार, मकान, रोटी, कपड़ा, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली पानी, पेंशन घर-घर पहुंचने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है. जब गरीब जनता को अनाज की जरूरत हुई तो केंद्र सरकार ने अपना कोटा निर्धारित करते हुए गरीबों को हक देने से इनकार कर दिया.

### वार्ड नं 12 में लगा शिविर 80 कंबल का वितरण

**चाईबासा।** नगर परिषद चाईबासा के द्वारा वार्ड नं 12 के लूथेरन स्कूल परिसर में "आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का शिविर लगाया गया, कुल मिलाकर अबतक 12 वार्डों में अब तक शिविर लग चुका है. मगर एक में भी पेयजल स्वच्छता विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति नहीं हुई है, जबकि नगर परिषद प्रशासक द्वारा पिछले शिविर में फोन के माध्यम से विभाग के पदाधिकारी को खबर दी गई थी. इस शिविर में 38 वार्डवासियों ने स्वास्थ्य जांच कराया.

### मुख्य पथ पर जमा मिट्टी जल्द हटायें: प्रमुख

**मुसाबनी।** मुसाबनी-हाता मुख्य सड़क के किनारे चापड़ी और चाकुलिया के बीच मिट्टी खोदकर रखी गई है. पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से बारुनिया वाटर प्रोजेक्ट की एजेंसी द्वारा पाइप बिछाने के लिए गड्ढा खोदा गया है. ठेकेदार द्वारा मिट्टी को सड़क किनारे छोड़ दिया गया है. इसकी चपेट में आने से वाहन स्किट कर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं. विगत दिनों मऊभंडार टुमांगडुंगरी के अनिल कर्मकार की मृत्यु सड़क किनारे रखी मिट्टी से बाइक स्किट करने से दुर्घटना से हो गई.

### समीर शेख बने आजसू के केंद्रीय सदस्य

**नोवामुंडी।** नोवामुंडी प्रखंड के गुवा पंचायत से गुवा निवासी सह आजसू के सक्रिय व मेधावी कार्यकर्ता समीर शेख को केंद्रीय सदस्य बनाया गया है. आजसू पार्टी के सुप्रीमो सह झारखंड राज्य पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो को ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान मे युवा को पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी देकर समाज में मान सम्मान देने का काम किया जा रहा है. गुवा क्षेत्र के लोगो ने बताया कि कार्यकर्ता समीर शेख को केंद्रीय सदस्य बनाए जाने से पार्टी को नया बल मिलेगा.


---

### बीएकेएस, बोकारो के अध्यक्ष हरिओम ने कहा कि एनजेसीएस का गठन ही अवैध है

# गलत बोनस फॉर्मूला पर उप मुख्य श्रमायुक्त ने लिया संज्ञान

**संवाददाता। किरीबुरु**

बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ द्वारा एनजेसीएस संविधान का उल्लंघन कर लागू कर, सेल प्रबंधन द्वारा एकतरफा तरीके से लागू किए गए एएसपीएलआईएस फॉर्मूला पर मुख्य श्रमायुक्त, उप मुख्य श्रमायुक्त को शिकायत पत्र भेजा था. उस पर संज्ञान लेते हुए उप मुख्य श्रमायुक्त धनबाद ने बोकारो इस्पात संयंत्र के अधिशासी निदेशक,कार्मिक एवं प्रशासन को 7 दिनों के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया है. वही बीएकेएस भिलाई के द्वारा भी इस मामले के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसके जवाब में


The Executive Director(P&A),
SAIL, Bokaro Steel Plant,
Administrative Building, Ispat Bhawan,
Bokaro Steel City, Distt. Bokaro-827001

Sub:

Sir,

Please find enclosed a copy of complaint/representation dated 25.10.2023 of Sri Hariom Kumar, President and Sri Dilip Kumar, General Secretary, B.S.L Anadhishasi Karamchari Sangh, Bokaro, addressed to the Chief Labour Commissioner(Central), New Delhi, which is self-explanatory.

In this connection, you are requested to offer your detailed comments on the complaint of the union within 07 days so that further necessary action in the matter can be initiated as per law for resolving the issue.

Please take it on TOP PRIORITY.

भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने जवाब दिया कि एएसपीएलआईएस मामला सेल कारपोरेट कार्यालय स्तर से तय होता है. भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकार क्षेत्र में उक्त मामला नहीं है. अब सभी नजरें बोकारो इस्पात संयंत्र प्रबंधन का जवाब पर टिकी है कि वह अपना पक्ष कैसे रखता है.

**खास बातें**

- एएसपीएलआईएस मामला सेल कारपोरेट कार्यालय स्तर से तय
- एनजेसीएस में 25 में से 20 नेता गैर निर्वाचित कैसे है

**एनजेसीएस का गठन ही अवैध है:अध्यक्ष**

गौरतलब है कि सेल प्रबंधन ने वेज रीविजन के पैटर्न पर बोनस फॉर्मूला को भी पांच में से तीन यूनियनों के हस्ताक्षर से बहुमत के आधार पर जारी कर दिया था. जबकि एनजेसीएस संविधान में सिर्फ सभी यूनियनों तथा उसके प्रतिनिधि के बीच आम सहमती का प्रावधान है. बीएकेएस, बोकारो के अध्यक्ष हरिओम ने कहा कि एनजेसीएस का गठन ही अवैध है. जब औद्योगिक विवाद अधिनियम में स्पष्ट वर्णित है कि कर्मचारियों का निर्वाचित प्रतिनिधि ही उनका प्रतिनिधित्व करेगा तो एनजेसीएस में 25 में से 20 नेता गैर निर्वाचित कैसे है . जब सभी यूनिट से रिकॉगनाईज्ड यूनियन लीडर का प्रावधान है तो 15 नॉमिनैटेड लीडर किस श्रम कानून के आधार पर एनजेसीएस मे भाग लेते है .

---

## आओ जानें
### सामान्य ज्ञान

- झारखंड में बीज बोने का त्यौहार कौन सा है – श्रोहिन
- गुप्त काल में हलदंड या हलिवकर क्या था – टैक्स
- कैटरीना कैफ किस कंपनी की ब्रांड एंबेसडर बनेंगी – एतिहाद एयरवेज
- गुजरात का वो मंदिर जिसका शिवलिंग कम–ज्वार में देखा जाता है – स्तंभेश्वर मंदिर
- पतरालु थर्मल विद्युत शक्ति गृह किस देश के सहयोग से बना है – रूस
- किस राज्य में पहला सहकारिता विश्वविद्यालय शुरू होगा – मध्यप्रदेश
- कौन सा राजा बुध्द और महावीर का समकालीन था – बिंबिसार
- अरब सागर की राजधानी किसे कहा जाता है – कोच्चि बंदरगाह
- किसे नैसकॉम का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है – सिंधु गंगाधरन
- बाबूलाल मरांडी किस सरकार में वन एवं राज्य पर्यावरण मंत्री थे – अटल बिहारी वाजपेयी

---

### बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम में एसआर रूंगटा ए-डिवीजन लीग का आयोजन

# लारसन क्लब ने टॉउन क्लब को 88 रनों से पराजित किया

**संवाददाता। चाईबासा**

पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में चल रहे एसआर रूंगटा ए-डिवीजन लीग के अंतर्गत आज खेले गए मैच में लारसन क्लब चाईबासा ने टॉउन क्लब चाईबासा को 88 रनों से पराजित कर अपना जीत का खाता खोला. इससे पहले खेले गए अपने दोनों मैच लारसन क्लब हार चुकी है. बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए बुधवार को मैच में टॉस टास टॉउन क्लब चाईबासा के कप्तान ने जीता तथा पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया. पहले बल्लेबाजी करने उतरी लारसन क्लब की टीम ने अच्छी बल्लेबाजी का परिचय देते हुए निर्धारित 35 ओवर में 7 विकेट खोकर 271 रनों का स्कोर खड़ा किया. जयप्रकाश गुप्ता ने छह चौकों एवं एक छक्का की मदद से सर्वाधिक 64 रन बनाए. अन्य बल्लेबाजों में आनंद श्रीवास्तव ने 40 रन, हिमांशु पांडेय ने 39 रन, जन्मजय सिंह यादव ने 36 रन, देवांश शुक्ला ने 23 रन तथा आकर्ष गुप्ता ने 22 रन बनाए. टॉउन क्लब चाईबासा की ओर से भारत भूषण ने 67 रन देकर तीन विकेट तथा सुमित शर्मा ने 60 रन देकर दो विकेट हासिल किए. अभिजित बर्मन एवं प्रणय कुमार को एक-एक विकेट मिला. जीत के लिए निर्धारित 35 ओवर में 272 रनों का पीछा करने उतरी टाउन क्लब चाईबासा की टीम 32 ओवर में 183 रन बनाकर आल आउट हो गई.

इस टीम की ओर से महेश मोहन महंता ने तीन चौकों एवं तीन छक्कों की सहायता से 40 रन, चित्रा साहु ने तीन चौकों की मदद से 25 रन, सुमित शर्मा एवं प्रणय कुमार ने 21-21 रन, शुभम यादव एवं राहुल लकड़ा ने 18-18 रन तथा संजीत कुमार ने 16 रन बनाए. लारसन क्लब चाईबासा की ओर से शिवम यादव ने 32 रन देकर चार खिलाड़ियों को आउट किया. आनंद श्रीवास्तव ने 37 रन देकर तीन विकेट तथा फैजानुल रहमान ने 17 रन देकर दो विकेट अपने नाम किए.



### राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक विजेता

**आदित्यपुर।** गायत्री शिक्षा निकेतन,आदित्यपुर में बुधवार की देर शाम अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद सरायकेला– खरसांवा के तत्वाधान में राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक विजेता रौनक मिश्रा को सम्मानित किया गया. रौनक मिश्रा को परिषद के अध्यक्ष हंसराज जैन और महासचिव गोपाल चंद्र झा द्वारा पाग, दोपट्टा और प्रतीक चिन्ह द्वारा सम्मानित किया गया. रौनक मिश्रा अपने पिता अशोक मिश्रा के साथ जमशेदपुर बागबेड़ा में रहते हैं. सम्मान कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यकारिणी के सदस्य विजय झा, नीलेश झा, राजीव रंजन, सुबोध झा,अशोक झा, धनंजय झा, अरुण कुमार झा, पुष्कर सुमन, विजय कुमार झा और अजय कुमार झा का योगदान रहा.

---

### सीआरपीएफ ने स्कूली बच्चों के बीच कंबल व बैग बांटा

**मनोहरपुर।** सीआरपीएफ के ई/174 बटालियन के कमांडेंट संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में पश्चिम सिंहभूम जिला के अति नक्सल प्रभावित टोंटो प्रखंड के गांव पालीसाई, टोन्टो, बंदाबेडा, लिसीमोती, टोपाबेडा, कुदमसदा, टेनसेरा में बुधवार को सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत शिविर का आयोजन किया गया. इसमें 174 वाहिनी के समवाय अधिकारी कमलेश कुमार साहू (सहायक कमांडेंट) व अन्य सहायक कर्मी उपस्थित थे. वहीं सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए सीआरपीएफ द्वारा स्कूली बच्चों समेत जरुरतमंदों के बीच सोलर लैंप, मच्छरदानी, पानी टंकी, टीन शीट, कंबल, स्कूल बैग, नोटबुक, ज्योमेट्री बॉक्स, फुटबाल, आदि का वितरण किया गया.

---

# हत्यारोपी बब्लू बोबोंगा को पुलिस ने गिरफ्तार किया



**संवाददाता। किरीबुरु**

नोवामुण्डी थाना कांड संख्या-38/2023 का फरार आरोपी बब्लू बोबोंगा (22 वर्ष) को नोवामुण्डी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है.सूत्रों अनुसार बब्लू बोबोंगा पर बीते अक्टूबर माह में एक महिला की हत्या करने का आरोप है.महिला की हत्या करने के बाद से बब्लू फरार चल रहा था.आज नोवामुंडी पुलिस ने बब्लू की गिरफ्तारी के बाद जगन्नाथपुर अस्पताल में चिकित्सीय जांच के लिएले गई थी. बब्लू के बाबत नोवामुंडी पुलिस कुछ भी बताने को तैयार नहीं है.

---

# सभी अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहे: प्रो पिंकी कुमारी

**संवाददाता। चाईबासा**

ज्ञानचंद जैन कॉमर्स कॉलेज में बुधवार को मानवधिकार दिवस मनाया गया. कार्यक्रम के उद्घाटन में सभी शिक्षकों ने सामुहिक रूप से दीप प्रज्वलित किया. कार्यक्रम में कॉमर्स की विभागध्यक्ष प्रोफेसर पिंकी कुमारी ने कहा कि सभी को अपने अधिकार जानने होंगे और उस अधिकार को लेना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है. आज के इस समय में हर व्यक्ति को अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहना होगा. कहीं-कहीं अपने अधिकारों के लिए लड़ना भी होगा. प्रोफेसर बसन्ती कलुण्डिया ने कहा कि भारत जैसे बड़े लोकतांत्रिक देश में मानवधिकार का बहुत महत्व है हमें स्वतंत्रता का अधिकार ,बोलने का अधिकार और बहुत सारे मानवाधिकार संविधान द्वारा दिये गए है. कार्यक्रम में एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था. जिसमें प्रथम स्थान पर शालू तिवारी, द्वितीय स्थान पर-चांदनी बोदरा, और तृतीय स्थान पर ललिता दास रही. सभी सफल प्रतिभागियों को शिक्षकों द्वारा पुरुस्कृत किया गया. कार्यक्रम को प्रोफेसर स्वाति राजा, प्रोफेसर मुरारी लाल बैध, प्रोफेसर मुकुल मुंडा ,प्रोफेसर लक्ष्मी बोदरा तथा प्रोफेसर करण चंद्र टुडु ने संबोधित किया.



---

### टेकराहातु पंचायत में लगा शिविर,जुटे लोग

**चाईबासा।** सदर प्रखंड के सालीहातु गांव में टेकराहातु पंचायत का 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसमें अबुआ आवास, आधार कार्ड, जॉब कार्ड,श्रम कार्ड, जन्म, जाति, आवासीय, आय, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन आदि का आवेदन पंचायत वासियों से लिया गया. मौके पर कल्याण विभाग की ओर से बीडीओ अमिताभ भगत, सीओ बुड़ाए सारु एवं सांसद प्रतिनिधि दिकू सावैयां के हाथों पंचायत के उमवि. नीमडीह और उमवि मुंडुएदेल के आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को साइकिल क्रय हेतु प्रति छात्र चार हजार पांच सौ रुपये एवं जेएसएलपीएस के महिला समूहों 42 लाख रुपए का लोन का चेक दिया गया. मौके पर बाल विकास परियोजना की ओर से गोद भराई एवं मुंह जुठी रस्म अदायगी किया गया. बीडीओ कार्यालय द्वारा पंचायत के जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया. वन विभाग ने पौधे का वितरण किया.

---

# रामलला का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को भव्य तरीके से मनायी जायेगी

**संवाददाता। किरीबुरु**

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पूरा देश उत्सव की तरह मनाएगा. इस उत्सव को श्री श्री लोकेश्वरनाथ धाम मंदिर कमिटी, किरीबुरु भी भव्य तरीके से मनायेगी. मंदिर कमिटी के पदाधिकारी अरविन्द चौहान ने बताया कि 22 जनवरी की शाम लगभग 6 बजे से दो घंटे तक किरीबुरु स्थित इस मंदिर प्रांगण में भगवान रामलला का भव्य उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा. इस कार्यक्रम में पूरे क्षेत्र के रामलला के भक्तों को पूरे परिवार के साथ आमंत्रित किया जा रहा है. उन्होंने भगवान रामलला के भक्तों व कमिटी के सदस्यों से अपील की है कि वे भारी तादाद में 22 जनवरी को लोकेश्वरनाथ धाम मंदिर में शाम 6 बजे तक पहुंचे. सारे भक्तों से अपनी क्षमता अनुसार अपने साथ मिट्टी का दीया, बाती और तेल लाने की अपील की गई है, ताकि वे स्वयं पूरे मंदिर परिसर में अपने हाथों से दीप प्रज्ज्वलित कर पूरे मंदिर प्रांगण को जगमग कर अयोध्या में आयोजित होने वाली रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को किरीबुरु में रहकर ही भव्य बनायें. अरविन्द चौहान ने लोगों से यह भी अपील की कि कौन-कौन भक्त उक्त कार्यक्रम में शामिल होकर कितना दीया लेकर आयेंगे, उसका रजिस्ट्रेशन पहले से ही मंदिर कमिटी के पास करायें, ताकि यह पता चल सके कि 22 जनवरी को हमारे मंदिर में कितने दीये प्रज्ज्वलित किये गये, कितने भक्त शामिल हुये.

**खास बातें**

- श्रीश्री लोकेश्वरनाथ धाम मंदिर कमिटी कर रही तैयारी
- दीपों से पूरे मंदिर परिसर को जगमगाया जायेगा

---

### शोक संतप्त परिजनों से मिला महासंघ का प्रतिनिधिमंडल

**चांडिल।** सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के बाकारकुड़ी गांव निवासी गणेश कुमार को जंगली हाथी ने कुचलकर मार दियाा था.दो दिसंबर को सुबह शौच के लिए जाने के क्रम मे गणेश कुमार को जंगली हाथी ने कुचला था. घटना के बाद बुधवार को आदिम कुम्हार महासंघ के अध्यक्ष सुधीर कुमार और मुख्य सलाहकार सरोज कुमार चौधरी अपने टीम के साथ मृतक के परिजनों से मुलाकात किया.इस दौरान परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दिया और श्राद्ध कर्म के लिए महासंघ की ओर से सहयोग राशि प्रदान किया.परिवार को सांत्वना देते हुए सुधीर कुम्हार ने कहा कि दिवंगत गणेश कुमार आदिम कुम्हार महासंघ के सदस्य थे. उनके परिवार के इस दुख की घड़ी में आदिम कुम्हार महासंघ उनके साथ खड़ा है.आगे भी सदैव तत्पर रहेगा. मौके पर आदिम कुम्हार महासंघ के कुकड़ू प्रखंड अध्यक्ष सदानंद कुमार, सचिव मनोज कुमार, सदस्य डॉ दिलीप कुमार समेत महासंघ के कई सदस्य शामिल थे.

---

# वीरान जगह पर मिली उत्तर प्रदेश सरकार लिखी कार

**संवाददाता। चांडिल**

चौका थाना क्षेत्र के उरमाल के पास चापुडीह के निकट वीरान जगह से पुलिस ने एक कार बरामद की है. स्वीफ्ट डिजायर कार पर उत्तर प्रदेश सरकार लिखी और पुलिस का निशान भी लगा है. पुलिस ने मंगलवार की देर शाम कार को बरामद किया और देर को उसे जब्त कर क्रेन के मदद से थाना पहुंचाया. कार से पेंट, शर्ट के अलावा ऊनी कपड़े और बिस्कूट, कुरकुरे आदि बरामद किया गया है. वहीं कार के डिक्की में दो बैग रखे थे. पुलिस ने बैग की जांच की तो उसमें भी कपड़े ही मिले. फिलहाल पुलिस इसकी जांच कर रही है कि उत्तर प्रदेश सरकार लिखी कार उस वीरान जगह पर कैसे पहुंची और उस पर सवार कौन थे. लावारिश हालत में कार जहां से बरामद हुई है उससे आगे जाने के लिए सड़क ही नहीं है. बताया जा रहा है कि उक्त सड़क भी खस्ताहाल है और उस पर वाहनों का आवागमन नहीं होता है. चापुडीह गांव के बाहर वीरान स्थान से कार बरामद होने के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है. लोगों का मानना है कि उस बदहाल सड़क पर कोई अनजाने में कैसे जा सकता है. जानकर भी लोग छोटी कार को बड़े-बड़े पत्थरों से भरे उक्त सड़क पर क्यों ले जाएगा. और ले भी जाएगा तो भागेगा क्यों. ग्रामीणों को आशंका है कि जरूर अपराध प्रवृति के लोग कार को छाड़कर आगे की ओर फरार हुए होंगे.



---

### चाईबासा में शहीद देवेंद्र माझी मेमोरियल रोड रेस 24 को

**चाईबासा।** 24 दिसंबर को सुबह 6.30 बजे चाईबासा के एसोसिएशन मैदान से 10 किलोमीटर पुरुषों एवं 7 किलोमीटर महिलाओं के लिए आयोजित हो रही है. इस प्रतियोगिता का आयोजन पश्चिम सिंहभूम एथलेटिक्स एसोसिएशन कर रहा है. पश्चिमी सिंहभूम जिला ओलंपिक संघ सह एथलेटिक्स संघ के सचिव अजय कुमार नायक ने बताया कि 10 किलोमीटर में प्रथम 10000 रुपए, द्वितीय 7000 रुपए, तृतीय 5000 रुपए, चौथा 3000 रुपए, पांचवां 2000 रुपए, छठा 1000 रुपए, सातवां 700 रुपए, आठवां 600 रुपए, नौंवा 500 रुपए, 10वां 500 रुपए पुरस्कार दिया जाएगा. 7 किलोमीटर में प्रथम 7000 रुपए, दूसरा 5000 रुपए, तीसरा 3000 रुपए, चौथा 2000 रुपए, पांचवां 1000 रुपए, छठा 700 रुपए, सातवां 500 रुपये पुरस्कार दिया जाएगा. रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन 15 दिसंबर एवं ऑफ लाइन 22 दिसंबर सुबह 10 बजे से एसोसिएशन मैदान में शुरू होगा .

---

**आयोजन** डिंबुली पंचायत में लगा शिविर, लोगों ने ली योजनाओं की जानकारी

# लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का किया गया वितरण

**संवाददाता। मनोहरपुर**

प्रखंड के डिंबुली पंचायत अंतर्गत कमारबेड़ा स्कूल मैदान में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें जिला परिषद उपाध्यक्ष रंजित यादव,मनोहरपुर प्रखंड प्रमुख गुरुवारी देवगम, बीडीओ शक्तिकुंज, मुखिया हल्यानी जाते उपस्थित थे. जिनके हाथों से विधिवत दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम में ज़िप उपाध्यक्ष, प्रमुख, बीडीओ, मुखिया एवं अन्य के हाथों विभिन्न लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों के अलावा कंबल का वितरण किया गया.



### ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी गयी

मौके पर मनोहरपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी शक्तिकुंज ने ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की. वहीं जिला उपाध्यक्ष रंजित यादव ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाना ही सरकार के द्वारा आयोजित शिविर का मुख्य उद्देश्य है ताकी इस शिविर के माध्यम से पंचायत स्तर पर गांव में ही सरकारी अधिकारी पहुंच कर आपकी समस्या सुन रहे हैं .

### शिवर में ग्रामीणों की उमड़ रही भीड़

ग्रामीण शिविर में पहुंचकर विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठायें .राज्य सरकार की सोच है कि प्रशासन के द्वारासंचालित योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मिले . प्रखंड प्रमुख ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं उनके अधीनस्थ कर्मचारियों को संवेदनशील होकर कार्य करने का निर्देश दिया . संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इसकी प्रचार प्रसार को तेज करते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ कार्यक्रम का सफल संचालन सुनिश्चित कराएं .

### इन योजनाओं का ले रहे लाभ

अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट योजना, सावित्री बाई फुले बालिका समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, मनरेगा,पेंशन आदि विभिन्न योजनाओं का लाभ ले रहे है . शिविर में ई श्रम विभाग समेत क्रियान्वयन समिति सदस्य, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी राजेंद्र बाड़ा, एई मनय मुदैया, एई नरेश तियु . सीडीपीओ गीता सोय, पंचायत जनप्रतिनिधि, मुंडा समेत अन्य मौजूद थे .

---

# नरसिंह आश्रम में मूर्ति का हुआ अनावरण,जुटे भक्तगण



**संवाददाता। मनोहरपुर**

श्रीश्री संत नरसिंह आश्रम परिसर में आयोजित पांच दिवसीय मूर्ति अनावरण सह लक्ष्मीनारायण महायज्ञ चौथे दिन का अनुष्ठान बुधवार को संपन्न हुआ. महायज्ञ नगरवासीयों के सर्वकल्याण के लिए किया जा रहा है. वहीं यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सामूहिक रूप से आहुति दी गई.धार्मिक अनुष्ठान वाराणसी से आए प्रकांड विद्वान आचार्य पंडितों के सानिध्य में कराया जा रहा है. कल यानी गुरुवार को अनुष्ठान की पूर्णाहुति की जाएगी. जिसमें योगी संत नरसिंह बाबा की प्रतिमा का स्थापना सह अनावरण के पूर्व सुबह पूरे नगर का भ्रमण के दौरान संत सिरोमनी नरसिंह बाबा की मूर्ति की भव्य झांकी शोभा यात्रा निकाली जाएगी.

# वॉइस ऑफ यूथ से अवगत हुए छात्र, मना भारतीय भाषा उत्सव

संवाददाता | जमशेदपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से **विकसित भारत 2047: युवाओं की आवाज** की शुरुआत की है. अर्का जैन यूनिवर्सिटी भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बना. यूनिवर्सिटी के ब्लॉक-ए आर्यभट्ट ऑडिटोरियम में विकसित भारत 2047ः का लाइव वीडियो चलाया गया. इसमें यूनिवर्सिटी के बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के चेयरमैन डॉ एसएस राजी, ज्वाइंट रजिस्ट्रार जसबीर सिंह धंजल, आईक्यूएसी के डॉ अमित कुमार समेत विभिन्न विभागों डिपार्टमेंट के डीन, प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं शामिल हुए. पीएम मोदी ने इस अवसर पर अपने प्लान को देश के युवाओं के सामने पेश तो किया ही है. इसके अलावा उनसे भी आईडिया मांगे जा रहे हैं. इसे "विकसित भारत 2047ः वॉइस ऑफ़ यूथ" का नाम दिया गया है. आईडिया इंडिया में सबसे पहले आता है. ये आईडिया ही सबसे कारगर तरीका होगा. हमें ऐसी युवा पीढ़ी को विकसित करना है जो आने वाले समय में देशहित को सर्वोपरि रखते हुए भारत को तरक्की की राह पर सबसे आगे बनाए रख सके. पीएम की बातों को सुनने के बाद छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह देखा गया.



मंच पर उपस्थित विश्वविद्यालय के अधिकारी व शिक्षक-शिक्षिकाएं.



कार्यक्रम में शामिल विश्वविद्यालय के अधिकारी व छात्र-छात्राएं.

### यूनिवर्सिटी में तीन अलग-अलग कार्यक्रम हुए

भारतीय भाषा दिवस के उपलक्ष्य में यूनिवर्सिटी में तीन अलग-अलग कार्यक्रम हुए. पहला कार्यक्रम फिल्म स्क्रीनिंग था, जिसमें 22 भाषाओं में बने वीडियो को दर्शाया गया और इसका संचालन स्कूल ऑफ नर्सिंग की बर्षा बासुरी और ऋतु तिग्गा ने किया. दूसरा कार्यक्रम "मेरी भाषा, मेरा हस्तक्तर" था, जिसमें सभी ने अपनी मातृभाषा में हस्ताक्षण किया. इसका संचालन स्कूल ऑफ नर्सिंग की पिंकी डे और पारमिता प्रधान ने किया.

## आओ जानें
## सामान्य ज्ञान

- झारखंड के हुंडरू जलप्रपात की ऊंचाई क्या है – 75 मीटर
- किस देश में डैनियल तूफान से भारी तबाही हुई – लीबिया
- सुनील गंगोपाध्याय का पहला उपन्यास कौन सा था – आत्मोप्रकाश
- हथकरघा व हस्तकला के समूह किस राज्य में सर्वाधिक हैं – उत्तर प्रदेश
- किस रेलवे का प्रबंध तंत्र झारखंड में है – पूर्वी रेलवे
- यूएस ओपन 2023 के पुरुष एकल विजेता नोवाक जोकोविच कहां के हैं – सर्बिया
- ऋग्वेद के अनुसार दशराज युद्ध किस नदी पर हुआ था – परुषणी
- पेप्सिको किस राज्य में नया संयंत्र लगाएगी – असम
- कौन से संत मोची का कार्य करते थे – रैदास
- 2001 से 2011 तक झारखंड में दशकीय वृद्धि दर क्या है – 22.4%

## ब्रीफ खबरें

### डिमना रोड में खड़ी टाटा ऐस में लगी आग



**जमशेदपुर।** उलीडीह थाना क्षेत्र के मानगो डिमना रोड में गोल्डी होटल के पास मंगलवार देर रात सड़क किनारे खड़ी एक टाटा ऐस (छोटा हाथी) में अचानक आग लग गई. वाहन से आग की लपटें उठता देख वहां अफरातफरी मच गई. लोग जब तक कुछ समझ पाते तब तक टाटा ऐस धू-धू कर जल गया. कुछ लोगों ने पानी डाल कर आग बुझाने का भी प्रयास किया लेकिन असफल रहे. इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई, जिसके बाद दमकल की एक वाहन मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. कुछ लोग ठण्ड से बचने के लिए गाड़ी के पास अलाव जलाया था.

### बेघर लोगों को राज्य सरकार दे रही है आवास : विधायक

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड के केशरदा पंचायत भवन में आपकी सरकार आपकी योजना आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक समीर कुमार मोहंती उपस्थित होकर विधिवत दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया.जिसमें विधायक ने कहा कि झारखंड के इतिहास में पहली बार हो रहा है कि गरीब और बेघर लोगों को राज्य सरकार द्वारा तीन कमरों के आवास देने की अबुआ आवास योजना शुरू की गई है. सरकार पंचायत स्तर पर पहुंच कर ग्रामीणों के समस्याओं का निराकरण करने में लगी हुई है.

### चुनाव कार्य को लेकर शिक्षकों के साथ बीडीओ ने की बैठक

**घाटशिला।** प्रखंड कार्यालय परिसर घाटशिला के सभागार में चुनाव कार्य को लेकर बुधवार को शिक्षकों के साथ बीडीओ युनिका शर्मा ने बैठक की. बैठक के दौरान बीडीओ ने शिक्षकों को बताया कि बच्चों को खेल-खेल में चुनाव के संबंध में जानकारी दें. नया मतदाता को अपने मताधिकार के संबंध में जागरूक करना है. 1 अक्टूबर 2023 को जो भी छात्र 18 वर्ष पूरे कर लिए हो वैसे छात्रों का मतदाता पहचान पत्र के साथ मतदाता सूची में नाम जोड़ना अनिवार्य है.

### पंचायत प्रतिनिधियों को दिया गया प्रशिक्षण

**घाटशिला।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में बुधवार को प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया.प्रशिक्षण शिविर में मुख्य रूप से पंचायत सचिव मुखिया पंचायत समिति सदस्य तथा रोजगार सेवकों को प्रशिक्षण देने उप विकास आयुक्त कार्यालय जमशेदपुर के अनिल कुमार एवं सुमन कुमार मिश्रा पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित थे.कार्यक्रम के तहत खासकर आबुआ आवास योजना तथा आम बागवानी के लिए सबसे अधिक आवेदन ग्रामीणों द्वारा दिया गया है.

### विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक परिभ्रमण

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के प्लस टू उच्च विद्यालय खंडामौदा के दशम तथा 12वीं की विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए बहरागोड़ा पॉलिटेक्निक कॉलेज व स्किल इंडिया का परिभ्रमण किया. जिसमें विद्यार्थियों ने वहां चल रहे वैज्ञानिक तकनीकी के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की. विद्यालय के फैशन डिजाइनिंग शिक्षक मुकेश कुमार सिंह, उषा बखला , पूर्णेन्दु हंसदा व विश्वजीत प्रधान के मार्गदर्शन में परिभ्रमण से संबंधित मुख्य बिंदुओं को सभी विद्यार्थियों ने अपने-अपने नोटबुक पर लिखे तथा समझने का प्रयास किया.

## प्रदूषण बोर्ड ने निगम कार्यालय को लिखा पत्र

# ठोस अपशिष्टों का खुलेआम नदी किनारे हो रहा निस्तारण

संवाददाता | आदित्यपुर

आदित्यपुर में ठोस अपशिष्टों का खुलेआम नदी किनारे फेंक कर उसका निस्तारण किया जा रहा है. इस बात की शिकायत मिलने पर प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने निगम कार्यालय को पत्र लिखा है और ठोस अपशिष्ट को नदी के किनारे डंपिंग नहीं करने की चेतावनी दी है. पर्षद ने पत्र में लिखा है कि ठोस अपशिष्ट नदी किनारे डंपिंग होने से नदियों के साथ आसपास का वातावरण प्रदूषित हो रहा है. बता दें कि नगर निगम के ठोस अपशिष्टों का विधिवत निस्तारण नहीं हो रहा है. नगर निगम कचरों को नदी किनारे डंप कर रही है. इससे नदियां व आसपास के वातावरण प्रदूषित हो रहे हैं. इसका लेकर पूर्व में भी दो बार नगर निगम कार्यालय को पत्र लिखा गया था. यह जानकारी प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के क्षेत्रीय पदाधिकारी राम प्रवेश कुमार ने दी.

**खैरबनी में प्रस्तावित कचरा निस्तारण प्लांट का नहीं हुआ निर्माण :** उन्होंने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद कचरों को यत्र तत्र जला दिया जा रहा है या नदियों के किनारे डंपिंग किया जा रहा है. इससे नदियां भी प्रदूषित हो रही हैं और आसपास के वातावरण भी दूषित हो रहे हैं. नगर निगम को जिला प्रशासन ने तीन जगहों पर कचरा डंपिंग यार्ड के लिए जमीन दी थी, लेकिन सभी जगहों पर स्थानीय लोगों के विरोध की वजह से अब तक कचरा डंपिंग यार्ड का निर्माण नहीं हो सका है.वहीं खैरबनी में प्रस्तावित कचरा निस्तारण प्लांट का निर्माण भी अब तक नहीं हो पाया है. ऐसे में नगर निगम आदित्यपुर समेत जमशेदपुर, जुगसलाई, मानगो नगर निगम क्षेत्र से निकलने वाले कचरों का निस्तारण विधिवत नहीं हो पा रहा है.



नदी किनारे हो रहे कचरा डंपिंग.

### यत्र-तत्र ही कचरे फेंके और जलाए जाते हैं

प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के क्षेत्रीय पदाधिकारी ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में अब भी यत्र तत्र ही कचरे फेंके और जलाए जाते हैं जो कि पर्यावरण संरक्षण के लिए खतरनाक है. इस संबंध में सोमवार को नगर निगम कार्यालय को एक रिमाइंडर पत्र लिखा गया है. बता दें कि नगर निगम अपने क्षेत्र के कचरों का निस्तारण सही तरीके से नहीं कर पा रहा है, लेकिन यहां के लोगों से इसके एवज में अतिरिक्त टैक्स यूजर चार्ज के रूप में वसूल करना शुरू कर दिया है.

## हादसे में मृत युवक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग

**जमशेदपुर।** जुगसलाई थाना अंतर्गत टाटा पिगमेंट गेट के पास मंगलवार की रात अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बागबेड़ा गाड़ाबासा हनुमान मंदिर के पास रहने विकास कुमार की मौत हो गई. इस घटना से आक्रोशित बस्तीवासी परिजनों के साथ बुधवार सुबह थाना पहुंचे और मुआवजे की मांग की. परिजनों ने घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी की जांच कर आरोपी वाहन चालक को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की भी मांग पुलिस से की. परिजनों का कहना था कि मुआवजा मिलने के बाद ही शव का पोस्टमार्टम किया जायेगा. हालांकि पुलिस के समझाने पर सभी पोस्टमार्टम के लिए तैयार हुए. मृतक के साथी गोविन्द पाण्डेय ने बताया कि विकास का परिवार काफी गरीब है और उनके पास अंतिम संस्कार के भी पैसे नहीं है. विकास घर का एकलौता संतान था और काम कर अपने माता-पिता का भरण पोषण करता था.



**अज्ञात वाहन ने मारी बाइक को टक्कर :** मालूम हो कि मंगलवार की रात अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार विकास कुमार की मौत हो गयी थी. वहीं उसका साथी घायल चिंटू घायल हो गया था. उसका इलाज टीएमएच में चल रहा है. दोनों दोस्त बिष्टुपुर से बाइक पर सवार होकर बागबेड़ा लौट रहे थे.

## न्यूज अपडेट

### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की एनएसएस विंग एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में स्पेशल कैंप के छठे दिन बुधवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया. शिविर की शुरुआत यूनिवर्सिटी की डीएसडब्ल्यू डॉ किश्वर आरा ने की. उन्होंने एनएसएस से जुड़ी छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए स्वास्थ्य जांच के महत्व पर प्रकाश डाला. यूनिवर्सिटी की एनएसएस को-ऑर्डिनेटर डॉ ग्लोरिया पूर्ति ने स्वागत भाषण करते हुए समय पर स्वास्थ्य जांच की आवश्यकता पर प्रकाश डाला. उन्होंने पूरे शिविर की जानकारी देते हुए यू रिपोर्ट से जुड़ने की सलाह दी. शिविर का आयोजन राष्ट्रीय राजदूत अभिषेक कुमार के नेतृत्व में किया गया, जहां नेत्र, कान, पैथोलॉजी, गायनोकोलॉजी की 500 से अधिक बच्चों की जांच की गयी.

### 5 किमी दौड़ प्रतियोगिता में मनोज व दिव्या ज्योति जीते



**जमशेदपुर।** भारत सरकार के खेल एवं युवा मंत्रालय के निर्देश के अनुसार बुधवार को कदमा स्थित डीबीएमएस कॉलेज में छात्र-छात्राओं के लिए पांच किलोमीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसमें करीब 150 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया. प्रतियोगिता कदमा उलियान स्थित स्वर्गीय निर्मल महतो की प्रतिमा के पास से शुरू होकर लिंक रोड से पुनः वापस आकर प्रतिमा के पास संपन्न हुई. प्रतिभागियों को टाटा स्टील स्पोर्ट्स के वरीय पदाधिकारी फिरोज खान, डीबीएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन बी.चंद्रशेखर एवं कॉलेज गवर्निंग बॉडी के सचिव सतीश सिंह ने झंडा दिखाकर रवाना किया. इस दौरान दौड़ में शामिल छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह देखा गया.

### संकल्प यात्रा में दी गयी योजनाओं की जानकारी

**आदित्यपुर।** बुधवार को गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत जगन्नाथपुर पंचायत प्रागण में आयोजित "विकसित भारत संकल्प यात्रा" कार्यक्रम में केंद्र की मोदी सरकार के लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में आम जनों को जानकारी दी गई, साथ ही भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प दिलाया गया. इस संकल्प यात्रा रथ के जरिये केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमलोगों दी जा रही है. प्रधानमंत्री के डिजिटल संदेश के जरिये लोगों ने योजनाओं का लाभ कैसे लें इसे जाना और विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने का संकल्प लिया.

### भोजपुरिया क्रिकेट लीग टूर्नामेंट 19 से

**जमशेदपुर।** भोजपुरिया क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के पांचवें सीजन का उद्घाटन 19 दिसंबर को होगा. सभी मैच गोलमुरी अंतर्गत केबुल क्रिकेट ग्राउंड में खेले जायेंगे.सभी नॉक आउट मकाबले दिन की रोशनी में खेले जायेंगे.टूर्नामेंट की विजेता टीम को ट्रॉफी समेत एक लाख रुपये ईनामी राशि और रनर-अप को 50 हजार रुपये समेत ट्रॉफी दीया जायेगी.मैन ऑफ द टूर्नामेंट को स्पोर्ट्स साइकिल पुरस्कार के रूप में भेंट की जायेगी.फाइनल मुकाबले के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को स्पोर्ट्स जूता और टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज व गेंदबाज को भी प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया जायेगा. भोजपुरिया क्रिकेट लीग के आयोजक और भोजपुरी नवचेतना मंच के प्रांतीय अध्यक्ष अप्पू तिवारी ने उक्त जानकारी दी. उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट का उद्देश्य स्थानीय क्रिकेट प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान कराने के साथ ही प्रतियोगिता के माध्यम से उनमें प्रतिस्पर्धा विकसित करना है.

### चुनाव को लेकर सेक्टर पदाधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

**जमशेदपुर।** चुनाव आयोग के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है. इसके मद्देनजर बुधवार को जिला के सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया. बिष्टुपुर स्थित माईकल जॉन ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया.इसमें जिला पंचायत राज पदाधिकारी डॉ रंजनीकान्त मिश्रा, जमशेदपुर बीडीओ सच्चिदानन्द महतो,धालभूमगढ़ बीडीओ बबली कुमारी,डीएसपी अनिमेष कुमार गुप्ता के साथ सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी मौजूद थे. सभी ने पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया. प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से धालभूम एसडीओ और उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह मौजूद थीं. एसडीओ ने बताया कि सभी को चुनाव के पूर्व एवं बाद में क्या-क्या करना है और चुनाव ड्यूटी कैसी करनी है इसकी जानकारी दी गई.

## बेकार पड़े लोहे के पोल में आया करंट, दो बच्चों को लगा झटका



संवाददाता | जमशेदपुर

मानगो शंकोसाई रोड नंबर एक के भीकू पथ में बिजली पोल के ठीक बगल में एक लोहे का पोल बेकार पड़ा है. इसमें मंगलवार शाम को अचानक करंट आ गया, जिससे मोहल्ले की प्रमिला प्रामाणिक के दो छोटे बच्चे प्रभात प्रमाणिक व नवीन प्रमाणिक को करंट का झटका लगा. दोनों बच्चे आंशिक रूप से घायल हुए. साथ ही खंभे के बगल में रहने वाली रीना साहू के मकान के चापाकल में करंट आ रहा है. लोगों ने बताया कि कई वर्ष पूर्व स्थानीय लोगों ने अपने खर्चे से लोहे का पोल लगाकर बिजली का कनेक्शन मोहल्ले में लाया था. कुछ दिन बाद विभाग द्वारा उसी स्थान पर सीमेंट का पोल लगा दिया गया. लेकिन लोहे के पोल को वहां से नहीं हटाया गया. विगत एक महीने से लोहे के पोल में लगातार करंट आ रहा है.

**कभी भी हो सकती है बड़ी घटना : विकास सिंह :** लोगों ने बताया कि इसकी शिकायत संबंधित विभाग को सैंकड़ो बार की गई, लेकिन विभाग मामले को गंभीरता से नहीं ले रहा है. भाजपा नेता विकास सिंह ने मामले की जानकारी बिजली विभाग के वरीय अधिकारियों को दी. कोई बड़ी घटना घटने से पहले पोल को अभिलंब हटाया जाए. बिना काम के पड़े लोहे का पोल कभी भी किसी बड़े हादसे को अंजाम दे सकता है, इसलिए अविलंब इसे हटाया जाना चाहिए. मौके पर प्रमिला प्रामाणिक, पाण्डु प्रामाणिक, महेश कुमार, बिमल सिंह लोधी, बीना ओझा, उर्मिला देवी, रमेश साव, रीना देवी, सुनील साव, पूजा साहू, राजेश प्रसाद, संदीप शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे.

## डीआरएम ने सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को दिया आश्वासन

# छह माह में बनेगा जुगसलाई फुट ओवरब्रिज

- बर्मामाइंस में भी रेलवे बनाएगी नया पुल

संवाददाता | जमशेदपुर

सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चेयरमैन सरदार शैलेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने चक्रधपुर रेल मंडल के डीआरएम अरुण जे राठौर से भेंट की. इस मौके पर जलियांवाला बाग एक्सप्रेस एवं जम्मू तवी एक्सप्रेस को रोज चलाने की मांग पर सकारात्मक बात हुई. प्रतिनिधिमंडल ने जमशेदपुर से जुड़ी विभिन्न जन समस्याओं को भी उनके समक्ष रखा. इस दौरान जुगसलाई नए ओवर ब्रिज बनाए जाने के लिए उन्हें अंग वस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया. इस मौके पर सरदार शैलेंद्र सिंह ने जुगसलाई फाटक पर लोगों के पैदल आने जाने के लिए नया फुट ओवर ब्रिज बनाने, बर्मामाइंस ओवरब्रिज हमेशा जाम रहने के कारण समानांतर एक और ओवरब्रिज बनाने का अनुरोध किया. साथ ही बर्मामाइंस ओवर ब्रिज की सड़क जर्जर होने पर रेलवे द्वारा बनाए जाने और टाटा पिगमेंट गेट के नजदीक अंडरब्रिज से लेकर प्रदीप मिश्रा चौक तक डबल सड़क बनाने से संबंधित वार्ता की गई.



### समस्याओं का निराकरण होने तक जारी रहेगा संघर्ष

: सरदार शैलेंद्र सिंह ने बताया कि सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी जहां धार्मिक स्तर पर अपने कार्यों का निर्वाह करती आ रही है. वही जमशेदपुर से संबंधित सामाजिक समस्याओं के निराकरण का कार्य भी कर रही है. उन्होंने कहा कि सेंट्रल गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान भगवान सिंह के नेतृत्व में भविष्य में भी इन समस्याओं का निराकरण होने तक संघर्ष जारी रखा जाएगा. इस मौके पर इन समस्याओं से संबंधित रेलवे पदाधिकारी एवं सरदार शैलेंद्र सिंह के अलावा चंचल सिंह, सुखदेव सिंह बिट्टू, ज्ञानी कुलदीप सिंह आदि कई लोग मौजूद थे.

**तीसरी लाइन बन जाने के बाद बनेगी डबल लेन सड़क :** डीआरएम अरुण जे राठौर ने आश्वासन दिया कि जुगसलाई फाटक ओवर ब्रिज पर लोगों के पैदल आने जाने के लिए फुट ओवर ब्रिज छह माह के भीतर बनकर तैयार हो जाएगा. ब्रिज बनाने की सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं एवं संबंधित ठेकेदार को पुल बनाने का टेंडर भी दे दिया गया है. उन्होंने बर्मामाइंस ओवर ब्रिज के समानांतर एक और पुल बनाए जाने की मांग पर अपनी सहमति जताई. कहा कि जल्द ही इसका प्रस्ताव बनाकर संबंधित विभाग को भेजा जाएगा. हर वर्ष बर्मामाइंस ओवर ब्रिज की सड़क टूटने पर रेलवे द्वारा बनाए जाने की बात उन्होंने कही.

## तैयारी | पोस्टर का विमोचन, गोलमुरी में आयोजित होगा शिविर

# अटल की जयंती को समर्पित रक्तदान शिविर 25 को

संवाददाता | जमशेदपुर

भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष, भारत रत्न और दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में इस वर्ष भी विराट रक्तदान शिविर का आयोजन होगा. भाजपा महानगर के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता और विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग इसे सफल बनाने में जुटे हैं. 25 दिसंबर को गोलमुरी केबुल वेलफेयर क्लब में एकदिवसीय महा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा. बुधवार को गोलमुरी स्थित आवासीय कार्यालय से भाजपा नेता ने रक्तदान शिविर के संदर्भ में पोस्टर का विमोचन किया. उक्त पोस्टर और पम्पलेट के साथ दिनेश कुमार एवं आयोजन समिति से जुड़े सदस्य डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को रक्तदान शिविर में आमंत्रित करेंगे. भाजपा नेता दिनेश कुमार ने बताया कि यह शिविर श्रद्धेय अटल जी के 99वें जयंती को समर्पित है. वर्ष 2003 से लगातार प्रतिवर्ष 25 दिसंबर को अटल जी के सम्मान में रक्तदान शिविर आयोजित की जाती रही है. इस वर्ष 700 से अधिक यूनिट रक्त संग्रहित करने का लक्ष्य रखा गया है.



रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन करते लोग

### सभी को किया जा रहा आमंत्रित

उन्होंने बताया कि इसके लिए व्यापक जनसंपर्क के मार्फत लोगों से जुड़ने की कार्योजना तैयार की जा रही है. साथ ही शहर के विभिन्न स्थानों पर बैनर और पोस्टर लगाए जा रहे है और कॉल सेंटर के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ता और सामाजिक संगठन से जुड़े लोगों को दूरभाष पर भी सूचना प्रदान की जा रही है. शिविर के निमित सभी को आमंत्रित किया जा रहा है, पोस्टर विमोचन के दौरान दिनेश कुमार, अमरजीत सिंह राजा, प्रोबीर चटर्जी राणा, अशोक सामंता, बंटी अग्रवाल, पप्पू उपाध्याय, सुरेंद्र सिंह शिंदे, लक्ष्मण बेहरा मौजूद थे.

# पंप हाउस में लगे नए मोटर का विधायक ने किया शुभारंभ

### खास बातें

- बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी के 1140 घरों को मिलेगा पानी
- लोगों ने नया मोटर लगने पर विधायक को दी बधाई

संवाददाता | जमशेदपुर


बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी जलापूर्ति योजना के अंतर्गत बिष्टुपुर स्थित फिल्टर पंप हाउस में 75 एचपी का नया मोटर, पंप सेट, स्टार्टर लग गया है.बुधवार को पोटका विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार ने इसका विधिवत पूजा-अर्चना कर उद्घाटन किया.विधायक संजीव सरदार ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मैकेनिकल कार्यपालक अभियंता सुनीता कुमारी सामंत, कार्यपालक अभियंता सुमित कुमार,एसडीओ जितेंद्र कुमार,जेई किशन कुमार किस्कू सहित पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे. विधायक ने फीता काट कर एवं बटन दबाकर नए पंप सेट से पानी सप्लाई का शुभारंभ किया.नया मोटर लग जाने से बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी के 1140 घरों में रहने वाले लगभग 15 से 20 हजार लोग लाभान्वित होंगे.



उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित विधायक व अन्य.

**मिठाइयां बांट कर मनाई खुशी :** उद्घाटन के बाद उपस्थित लोगों के बीच मिठाइयां बांटी गई एवं खुशी का इजहार भी किया गया. विभाग के पदाधिकारीगण, पंचायत प्रतिनिधि सहित स्थानीय लोग उपस्थित थे. उद्घाटन समारोह कार्यक्रम के पूर्व पंप हाउस परिसर में ही एक सभा का आयोजन किया गया .

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** समय अच्छा है. भाग्य के प्रभाव से धन प्राप्ति सुगम होगी. वरिष्ठजनों का सहयोग मिलेगा. नवीन योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए दिन अच्छा होने की संभावना है. परिवार में मेल-मिलाप बढ़ेगा. शिवलिंग पर जल अर्पण करें.

**वृषभ** किसी से विवाद हो सकता है. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. माता के स्वास्थ्य की ओर ध्यान देना आवश्यक. पुराने रुके कामों, लेनदेन में सफलता की संभावना है. विद्यार्थियों को शिक्षा में सफलता मिलेगा.

**मिथुन** लाभ के अवसर मिलेंगे. व्यवसाय ठीक चलेगा. प्रसन्नता रहेगी. राज्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में विशेष लाभ का योग है. आर्थिक उन्नति होगी. सामाजिक उत्तरदायित्व की पूर्ति करेंगे. अन्न का दान करें.

**कर्क** पेट में कष्ट हो सकता है. लेन-देन में सावधानी रखें. जोखिम व जमानत के कार्य बिलकुल न करें. संतान की गतिविधियों पर नजर रखना होगी. कामकाज का बोझ बढ़ने से व्यापार पर विपरीत असर हो सकता है.

**सिंह** संतान के लिए समय उपुक्त है. कर्म के प्रभाव से धनार्जन होगा. सोच-समझकर कार्य करना लाभप्रद रहेगा. पुरुषार्थ सफल होगा. वाहन चलाते समय सावधानी रखना चाहिए. व्यापार में नवीन प्रस्ताव मिलेंगे.

**कन्या** शिक्षा में सुधार होगा. पर वाणी पर नियंत्रण रखें. आत्मसम्मान बना रहेगा. सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभा सकेंगे. पारिवारिक सुख-शांति बरकरार रहेगी. जोखिम के कार्यों से दूर रहें. अनार का दान करें.

**तुला** किसी से विवाद हो सकता है. मान-सम्मान में कमी होगा. पारिवारिक सुख एवं पत्नी के सहयोग से मन प्रसन्न रहेगा. आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी. किसी से बहस न करें. काम-धंधे में सफलता के शुभ संकेत हैं.

**वृश्चिक** धन का आगमन होगा. दौड़धूप अधिक होगी. वाणी पर संयम रखें. विरोधियों से सावधान रहें. परिवार की परेशानी का हल संभव है. भागीदारी के कामों में सफलता मिलेगी. शिव मंदिर में पूजा अर्चना करें.

**धनु** बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे. कार्य होने से मन मे प्रसन्नता रहेगी. स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें. अधूरे काम समय से पूरे होने के योग हैं. नए कार्यों से लाभ के मार्ग प्रशस्त होंगे. धन का संग्रह होगा. सब्जी का दान करें.

**मकर** उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे. व्यवसाय ठीक चलेगा. संतान की प्रगति होगी. व्यापार-व्यवसाय में प्रगतिकारक वातावरण का सृजन होगा. पारिवारिक स्थिति आनंददायक रहेगी. मन प्रफुल्लित रहेगा.

**कुंभ** खर्च में वृद्धि होगी. दूर से कोई शुभ समाचार मिलेगा. इसके प्रभाव से प्रसन्नता रहेगी. संतान के संबंध में संतोष रहेगा. व्यावसायिक अथवा आजीविका संबंधी समस्या का समाधान हो सकेगा.

**मीन** पिता से लाभ होगा. आय के लिए दिन अच्छा है. पर जोखिम व जमानत के कार्य टालें. खर्च का बोझ बढ़ेगा. किसी पर अत्यधिक भरोसा न करें. व्यापार, नौकरी में अड़चनें आने से मनोबल में कमी आ सकती है.

**बड़ी उपलब्धि :** पेट के मरीजों का हो सकेगा बेहतर इलाज, अब तक चुनिंदा निजी अस्पतालों में ही रही है यह सुविधा

# सदर अस्पताल के गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग में होगी ईआरसीपी की शुरुआत

संवाददाता। रांची

सदर अस्पताल की सुपरस्पेशियलिटी सेवा में नई कड़ी जुड़ती जा रही है. इसी के तहत यहां के गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग में नए साल में एंडोस्कोपिक रेट्रोग्रेड क ोल ेंजिय ो पैंक्रेटोग्राफी (ईआरसीपी) की सुविधा मरीजों को मिलनी शुरू हो जाएगी. अस्पताल के पदाधिकारी और चिकित्सकों की टीम ने विभाग का जायजा लिया और इसकी शुरुआत को लेकर कई दिशा निर्देश दिए. बता दें कि ईआरसीपी की जरूरत वैसे मरीजों को पड़ती है, जिनके गॉलब्लैडर (पित्ताशय) में पथरी की समस्या हो. साथ ही पित्त नलिकाएं और लिवर (यकृत) में समस्या हो. इस विधि द्वारा आसानी से स्टोन को बाहर निकाला जाता है. रिम्स में भी इसकी सुविधा मरीजों को नहीं मिलती. शहर के चुनिंदा निजी अस्पतालों में ही ईआरसीपी होती है. जिसके लिए मरीजों को 40 हजार रुपए तक खर्च करने पड़ते हैं.




### ऐसी सुविधावाला राज्य का एकमात्र अस्पताल होगा सदर अस्पताल : डॉ. प्रभात

रांची के सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने कहा कि सदर अस्पताल राज्य का एक मात्र ऐसा अस्पताल है, जहां सुपर स्पेशियलिटी सेवा का संचालन होता है. नए साल में ईआरसीपी की शुरुआत होने से पेट की समस्या से ग्रसित मरीजों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में जाने से छुटकारा मिलेगा. मरीजों के पैसे की बचत भी होगी.

### पेट की चिकित्सा में कब होती है ईआरसीपी की आवश्यकता

ईआरसीपी से पित्ताशय ही नहीं, बल्कि सामान्य नली में फंसी पित्त की पथरी को निकालने के लिए भी किया जाता है. वहीं जब किसी भी व्यक्ति की अग्नाशय या पित्त की नली सिकुड़ जाती है या अवरुद्ध हो जाती है, तब स्टेंट प्लेसमेंट के लिए भी ईआरसीपी की जरूरत पड़ती है. पित्त एंडोस्कोपिक स्फिंक्टेरोटॉमी–अग्नाशय, पित्त रस और छोटे पित्त पथरी की उचित जल निकासी में मदद करने के लिए सामान्य पित्त नलिका और अग्नाशय वाहिनी में इसका उपयोग किया जाता है.

दो हजार पदों के लिए चार बार भरे गए आवेदन, रिक्ति का विज्ञापन होता रहा रद्द

# सातवीं बार स्थगित करनी पड़ी जेएसएससी (सीजीएल) की परीक्षा

रजनीश प्रसाद। रांची

झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) को 2000 पदों पर नियुक्ति के लिए झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा (सीजीएल) -2023 लेनी है. लेकिन इन पदों के लिए 2015 से अबतक चार बार आवेदन लिया जा चुका है और 7 बार परीक्षा स्थगित करनी पड़ी है. विभिन्न कारणों से आयोग द्वारा विज्ञापन रद्द किया जाता रहा और अंत में इस साल 20 जून से 3 अगस्त तक आवेदन भरे गए, जिसमें पूर्व में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को उम्र सीमा और परीक्षा शुल्क में छूट भी दी गई थी. उम्मीद की जा रही थी कि इस बार परीक्षा आयोजित करने में आयोग सफल हो जाएगा. लेकिन, साल के अंतिम माह में 10 दिसंबर तक एडमिट कार्ड जारी नहीं किया गया, फिर अचानक जेएसएससी ने नोटिस जारी कर 16-17 दिसंबर को होने वाली परीक्षा स्थगित कर दी. नोटिस में कहा गया कि एजेंसी परीक्षा लेने में असमर्थ है. इसे लेकर छात्रों में काफी रोष है. छात्रों का कहना है कि आधी-अधूरी तैयारी कर परीक्षा की तिथि क्यों जारी की जाती है. पूरी तैयारी के साथ परीक्षा की तिथि क्यों नहीं जारी की जाती है. इधर छात्रों के विरोध को देखते हुए आयोग ने परीक्षा तिथि जारी कर दी है.

### इन पदों पर नियुक्ति के लिए होनी है परीक्षा

| पद | संख्या |
|---|---|
| सहायक प्रशाखा पदाधिकारी | 863 |
| कनीय सचिवालय सहायक | 335 |
| श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी | 182 |
| प्लानिंग असिस्टेंट | 05 |
| प्रखंड कल्याण पदाधिकारी | 195 |
| प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी | 252 |
| अंचल निरीक्षक | 185 |
| बैकलॉग पद- कनीय सचिवालय सहायक | 08 |

### कब-कब भरे गये आवेदन, कब-कब जारी हुई परीक्षा तिथि और की गयी स्थगित

- वर्ष 2015 : आवेदन भरा गया
- **परीक्षा की तिथि : 21.08.2016, नहीं हुई परीक्षा.**
- फरवरी 2017 : फिर निकला विज्ञापन.
- **मार्च 2017 में परीक्षा होनी थी, नहीं हो सकी.**
- 2019 में नवंबर–दिसंबर को परीक्षा लेनी थी, नई सरकार आयी
- **2021 में अप्रैल व मई तक परीक्षा होनी थी. नहीं हुई.**
- 21.08.2022 को परीक्षा होनी थी, अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गयी.
- **फिर मई–2023 में परीक्षा होनी थी, लेकिन नहीं हुई.**
- अगस्त 2023 में परीक्षा तिथि की घोषणा की गयी, लेकिन परीक्षा नहीं हुई.
- **इसके बाद 16 – 17 दिसंबर 2023 को भी परीक्षा तिथि तय की गयी थी, लेकिन स्थगित कर दी गयी.**
- छात्रों के विरोध को देखते हुए आयोग ने 21 व 28 जनवरी 2024 को परीक्षा की नयी तिथि की घोषणा की है.

### करीब 6.5 लाख अभ्यर्थियों ने भरा है आवेदन

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित होने वाली स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 में शामिल होने के लिए करीब 6.50 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन भरा है. आयोग द्वारा ऑफलाइन मोड में तीन पालियों में लिखित परीक्षा ली जानी थी, इस वजह से रांची सहित राज्यभर के विभिन्न जिलों में 100 से अधिक परीक्षा केंद्र बनाये गये थे. इन परीक्षा केंद्र पर समुचित तैयारी करने की जिम्मेदारी स्थानीय जिला प्रशासन को भी दी गई थी. मगर ऐन वक्त पर परीक्षा स्थगित किए जाने के बाद जहां छात्रों को निराशा हाथ लगी है. वहीं आयोग के कामकाज पर सवाल उठे. छात्रों के गुस्से को देखते हुए आयोग ने फिर से जनवरी में परीक्षा तिथि की घोषणा कर दी है.

आओ जानें

### झारखंड के प्रमुख जल प्रपात-पांच

**उसरी जल प्रपात :** यह जलप्रपात गिरिडीह जिले में स्थित है, जो गिरिडीह– धनबाद मार्ग में खंडोली पहाड़ी क्षेत्र में उसरी नदी पर है. उसरी नदी बराकर नदी की सहायक नदी है, जो एक खड़ी घाटी से नीचे बहती है. उसरी झरना तीन अलग–अलग धाराओं में लगभग 12 मीटर (39 फीट) नीचे गिरता है. यह घने जंगल से घिरा हुआ है. इस क्षेत्र की कुछ चट्टानें विशाल आकार के खंडों में विभाजित हो गई हैं. झरने से से आगे नदी का निचला भाग अधिकतर सपाट और थोड़ा लहरदार है, जो घाटी का आकार देता है. सरकार ने खंडोली बांध और पारसनाथ के साथ–साथ इस क्षेत्र को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए कई



कदम उठाए हैं.

**रजरप्पा जलप्रपात :** यह जलप्रपात रामगढ़ जिले में स्थित है, जो दामोदर और भेड़ा (भैरवी) नदी के संगम तट पर स्थित है. इसकी ऊंचाई लगभग 4 मीटर है. रजरप्पा जलप्रपात झारखण्ड के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में से एक है. यह रामगढ़ कैंट से पूरब की ओर क़रीब 25 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित है. अनोखे प्राकृतिक दृश्यों से भरपूर इस जलप्रपात का धार्मिक महत्त्व भी है. प्रतिवर्ष इस स्थान पर मेला भी आयोजित किया जाता है.

### पुंदाग में बाल वाटिका का उद्घाटन

**रांची।** एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल, पुंदाग में प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए प्राचार्य एसके मिश्रा ने बाल वाटिका का उद्घाटन किया. वाटिका में विद्यार्थियों के खेलने और मनोरंजन के लिए कई प्रकार के झूले लगाए गए हैं. इस अवसर पर प्राचार्य एसके मिश्र ने कहा कि यह बाल वाटिका बच्चों के लिए उपयुक्त और मनोरम स्थान बनेगा, जहां खेल के साथ बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास भी निरन्तर होता रहेगा. मौके पर एसएच राजश्री मिश्रा, शैलेंद्र कुमार पाठक, आशीष जायसवाल एवं ईईडीपी विभाग की सभी शिक्षिकाएं उपस्थित थीं.

### काली मंदिर बचाओ संघर्ष समिति का धरना तीसरे दिन भी जारी



**रांची।** काली मंदिर बचाओ संघर्ष समिति, कांके रोड के बैनर तले बुधवार को तीसरे दिन भी विरोध प्रदर्शन किया गया. लोग दिनभर धरने पर बैठे रहे. लोगों ने मंदिर के पुजारी पंडित अशोक पांडे के साथ पूजा-पाठ और हवन भी किया. श्रद्धालुओं ने शाम छह बजे शव यात्रा निकाल कर रॉक गार्डेन प्रबंधन और आरआरडीए का पुतला फूंका. स्थानीय लोगों का कहना है कि जबतक मंदिर परिसर को रॉक गार्डन प्रबंधन और आरआरडीए अतिक्रमण मुक्त नहीं कर देता, तबतक आंदोलन जारी रहेगा. मां भवानी क्लब काली पूजा समिति के अध्यक्ष सह महानगर भाजपा के महामंत्री बलराम सिंह, उमेश सिंह, राकेश पांडे, रविंद्र चौबे, नागेंद्र यादव, अरविंद गुप्ता, विकास रवि, राम लगन राम, नीरज नायक, रणधीर कुमार सिंह, रोमित नारायण सिंह, सपन, आनंद कुवंर, विशु सिंह, संतोष कुमार रवि राकेश कुमार सिंह वीर, विजय सिंह, राजेश कुमार, बबन, कुंदन सिंह आदि ने धरना-प्रदर्शन में हिस्सा लिया.

### अर्जुन उरांव व कृष्ण मोहन को श्रद्धांजलि

**रांची।** रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के प्रधान कार्यालय बिहार क्लब कचहरी रोड रांची के प्रेक्षागृह में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन डॉ. अजीत सहाय की अध्यक्षता में हुई. सोमवार को महानगर दुर्गापूजा कमेटी के सह संयोजक अर्जुन उरांव एवं महानगर की जगन्नाथनगरीय दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संयोजक कृष्ण मोहन सिंह के निधन के उपरांत बिहार क्लब में दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने के लिये 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई. डॉ सहाय ने कहा कि दिवंगत दोनों व्यक्ति हमारी कमेटी ही नहीं, पूरे समाज में विभिन्न प्रकार के संगठन से जुड़कर अपनी निष्ठा एवं कर्तव्यों का पालन करते हुए एक अलग छाप छोड़ गए हैं, जो कभी भुलाया नहीं जा सकता.

## पूर्व मंत्री राजा पीटर को हाईकोर्ट से मिली बेल

संवाददाता। रांची

पूर्व मंत्री राजा पीटर की जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट ने फैसला सुना दिया है. इस मामले से जुड़े सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने राजा पीटर को जमानत की सुविधा प्रदान कर दी. जमानत पर सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता ने अदालत के समक्ष अपने बचाव में बहस करते हुए कहा कि इस पूरे मामले में वे निर्दोष हैं. बुधवार को एनआईए की ओर से बहस कर रहे अधिवक्ता ने अदालत में कहा कि इस हत्याकांड में राजा पीटर की संलिप्तता है इसलिए इन्हें अदालत से राहत नहीं दी जानी चाहिए. राजा पीटर की क्रिमिनल रिवीजन पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस रत्नाकर भेंगरा की बेंच में सुनवाई हुई.

बता दें कि बुंडू के एसएस हाईस्कूल में 9 जुलाई 2008 को एक समारोह था. इसमें पूर्व मंत्री और तमाड़ के तत्कालीन विधायक रमेश सिंह मुंडा मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित थे.समारोह में छात्रों को सम्मानित करने और पुरस्कार देने के बाद वे संबोधित कर रहे थे. उसी समय कुंदन पाहन दस्ते के नक्सलियों ने स्कूल में आकर फायरिंग शुरू कर दी. इसमें रमेश सिंह मुंडा, उनके दो सरकारी बॉडीगार्ड शिवनाथ मिंज और खुर्शीद आलम सहित एक छात्र रामधन पातर की मौत हो गयी थी. मामले में बुंडू थाना में मामला दर्ज किया गया था. रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड की बाद में एनआईए ने मामले की जांच की. कुंदन पाहन के सरेंडर करने के बाद उससे पूछताछ के दौरान इसमें राजा पीटर का नाम आया था.

### प्रदीप बागची की जमानत पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**रांची।** लैंड स्कैम के आरोपी प्रदीप बागची की जमानत याचिका पर रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ़ मनी लाउंड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट 16 दिसंबर को फैसला सुनाएगा. बुधवार को ईडी और बचाव पक्ष की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने फैसला सुनाने के लिए 16 दिसंबर की तिथि निर्धारित की है. ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका जी ने प्रदीप बागची की जमानत याचिका का विरोध किया. बता दें कि रांची के बड़गाईं अंचल के बरियातू स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री से जुड़े इस केस में ईडी रांची के पूर्व डीसी आइएएस छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप भी अभियुक्त हैं.

### 31 जनवरी 2019 हो कट ऑफ डेट : हाईकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने सिविल जज जूनियर डिवीजन की नियुक्ति के लिए जारी विज्ञापन में आयु सीमा में 5 वर्ष की अतिरिक्त छूट की मांग को लेकर दाखिल याचिका स्वीकार कर ली है. अदालत ने 31 जनवरी 2019 को कट ऑफ डेट निर्धारित करने का निर्देश दिया है. इस संबंध में अभ्यर्थी धर्मेंद्र कुमार ने याचिका दाखिल की है. हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई. प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता शुभाशीष रसिक सोरेन ने बहस की. जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजोय पिपरवाल और अधिवक्ता प्रिंस कुमार ने बहस की.

### गत चार वर्षों से केंद्र से अल्पसंख्यक विकास के लिए नहीं मिली राशि

**रांची।** राज्य स्तरीय 15 सूत्री समिति की बैठक आयोजित करने की मांग को लेकर आमया संगठन ने मुख्यमंत्री, संसदीय कार्य मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री, मुख्य सचिव और प्रधान सचिव कल्याण विभाग को पत्र लिखा. संगठन के अध्यक्ष एस अली ने बताया कि भारत सरकार ने अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री के नये 15 सूत्री कार्यक्रम संचालित कर रखा है, जिसके तहत प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम एवं अन्य योजनाएं शामिल हैं. उक्त योजनाओं के कार्यान्वयन एवं 15 सूत्री समिति की बैठक के लिए नोडल विभाग अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग है. इसके अलावा सरकार के 13 विभाग इसमें शामिल हैं, जिनके द्वारा जिला एवं राज्य स्तरीय 15 सूत्री समिति की बैठक आयोजित कर प्रस्ताव पारित कर भारत सरकार को भेजा जाता है. किंतु झारखंड में महागठबंधन सरकार गठन के चौथे वर्ष में कल्याण विभाग द्वारा राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय 15 सूत्री समिति का गठन किया गया. देर से समिति गठन होने के कारण वित्त वर्ष 2020-2021, 2021-2022, 2022-2023, 2023-2024 में एक भी नयी योजना का प्रस्ताव भारत सरकार को नहीं भेजा गया.

## झारखंड से 46 जायरीनों का जत्था मक्का के लिए रवाना



संवाददाता। रांची

स्थानीय बिरसा मुंडा हवाई अड्डे 46 जायरीनों को जत्था बुधवार को रांची-जद्दा फ्लाइट से मक्का के लिए रवाना हुआ. बुधवार को मुफ्ती नजरे तौहीद की दुआ के बाद मदीना टूर एंड ट्रेवल्स का उमराह शुरू हुआ. मदीना टूर एंड ट्रेवल्स ग्रुप गिरिडीह पिछले 13 सालों से उमराह करा रही है. मौके पर मदीना टूर एंड ट्रेवल्स ग्रुप के मौलाना इलियास मजाहिरी ने कहा कि 46 लोगों का जत्था रांची से जा रहा है.

उन्होंने कहा कि सभी जायरीन चतरा, हजारीबाग, गिरिडीह व कोडरमा के हैं. मक्का में 600 मीटर की दूरी पर और मदीना में 700 मीटर की दूरी पर इन्हें ठहराया जाएगा और सभी जायरीन को मक्का और मदीना की सभी जगह की जियारत कराई जायेगी.

वहीं मौलाना मो जौहर मजाहिरी ने कहा कि 6 जनवरी को रांची से फ्लाइट द्वारा 90 जायरीनों का जत्था जायेगा. इस जत्थे में झारखंड के बड़े-बड़े उलेमा उमराह पर जा रहे हैं. 65 हजार रुपये में दिल्ली टू दिल्ली और 72 हजार रुपये में रांची टू रांची की यात्रा करायी जा रही है. जायरीनों का जत्था बुधवार को फख्र ए झारखंड शैखुल हदीस मुफ्ती नजरे तौहीद चतरा की दुआ के बाद रवाना हुआ. मौके पर फातिमा गर्ल्स एकेडमी इटकी के निदेशक मौलाना नसीम अनवर नदवी, फातिमा गर्ल्स एकेडमी की प्राचार्या तबस्सुम फातिमा, चतरा के शैखूल हदीस मुफ्ती शोएब कासमी आदि शामिल थे.

**खास बातें**

- 13 सालों से उमराह करा रहा मदीना टूर एंड ट्रैवल्स ग्रुप
- मुफ्ती नजरे तौहीद की दुआ के बाद शुरू हुआ उमराह

### सांसद संजय सेठ ने इमरजेंसी अलर्ट मैसेज पर संसद में उठाया सवाल

**रांची।** रांची के सांसद संजय सेठ ने मोबाइल पर इमरजेंसी अलर्ट के मैसेज के मामले को संसद के पटल पर रखा. सरकार से पूछा कि आमजन के उपकरणों पर इमरजेंसी अलर्ट के मैसेज भेजे जा रहे हैं. इससे उनकी गोपनीयता को कोई खतरा है क्या? केंद्रीय संचार राज्यमंत्री देवुसिंह चौहान ने कहा कि संचार प्रौद्योगिकी आपदा प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है. गृह मंत्रालय और संचार मंत्रालय ने संयुक्त रूप से नागरिकों को संभावित आपदाओं के बारे में सतर्क करने के लिए चेतावनी तंत्र सचेत के नाम से विकसित किया है. इस तंत्र का उपयोग करके नागरिकों को विभिन्न परिस्थितियों से सतर्क रहने का संक्षिप्त संदेश भेजा जाता है. यह संदेश 1359 करोड़ बार अलग-अलग मोबाइल पर भेजा जा चुका है. आपदा संबंधी जागरूकता को बढ़ाने के लिए भारत सरकार के गृह मंत्रालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय मिलकर काम कर रहे हैं, ताकि आपातकालीन सावधानी सूचक मैसेज के आधार पर सेल ब्रॉडकास्टिंग विकसित करने के लिए और बेहतर काम हो सके. इन दोनों तंत्रों को सूचना का प्रसार सुनिश्चित करने और जान बचाने के लिए डिजाइन किया गया है.

**सम्मान** सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रांगण में साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन

# रागिनी भूषण व नरेश को निर्मल मिलिंद पुरस्कार

संवाददाता। रांची/जमशेदपुर

सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रांगण में आयोजित साहित्यिक गोष्ठी में साहित्यकार डॉ. रागिनी भूषण को वर्ष 2022 एवं कवि नरेश अग्रवाल को 2023 के लिए कविवर निर्मल मिलिंद पुरस्कार से सम्मानित किया गया. प्रत्येक को 10000 की राशि प्रदान की गई. यह सम्मान उन्हें समारोह के मुख्य अतिथि हिंदी के प्रख्यात कवि अरुण कमल के हाथों प्रदान किया गया. पूर्व में यह सम्मान वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. शांति सुमन (नवगीत की प्रवर्तक कवयित्री), डॉ. सी भास्कर राव (वरिष्ठ कथाकार), दिनेश्वर प्रसाद सिंह ''दिनेश' (प्रसिद्ध लोकप्रिय गीतकार), जयनंदन (प्रसिद्ध कथाकार) को दिया जा चुका है.



समारोह में कवि निर्मल मिलिंद की पत्नी अर्चना मिलिंद .

कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष दिनेश्वर प्रसाद सिंह दिनेश, विशिष्ट अतिथि डॉ. अली इमाम खान गया, अशोक शुभदर्शी आदि ने भी अपनी बात रखी. मंच का संचालन शाहिद अनवर तथा धन्यवाद ज्ञापन अशोक वर्मा ने किया. कार्यक्रम का आयोजन कविवर निर्मल मिलिंद की पत्नी अर्चना मिलिंद के द्वारा किया गया। इस आयोजन में पत्रकार कवि कुमार ने भी मुख्य भूमिका निभाई.

मुख्य अतिथि श्री अरुण कमल ने कहा कि कविवर निर्मल मिलिंद सम्मान राष्ट्रीय स्तर पर सराहा जा रहा है. उसे और भी बड़े पैमाने पर किया जाना चाहिए, जिससे साहित्यकारों को और अच्छा लिखने की प्रेरणा मिलेगी. डॉ. रागिनी भूषण और नरेश अग्रवाल ने भी कवि निर्मल मिलिंद के साथ हुए अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर के प्रतिष्ठित साहित्यकार एवं साहित्य प्रेमी उपस्थित थे।

### टेंडर हार्ट के हर्षित को क्लैट 2023 में 7वां रैंक

**रांची।** टेंडर हार्ट के हर्षित श्रीवास्तव ने क्लैट 2023 में नेशनल रैंक 450 एवं स्टेट रैंक 7 स्थान हासिल कर पूरे विद्यालय का नाम रोशन किया है. देशभर के टॉप लॉ कॉलेजों ने नामांकन के लिए प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली क्लैट परीक्षा में इस वर्ष एक लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए थे. हर्षित ने अपनी सफलता का श्रेय टेंडर हार्ट विद्यालय को देते हुए बताया कि विद्यालय का सकारात्मक वातावरण एवं शिक्षकों का उचित मार्गदर्शन हमेशा बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है. टेंडर हार्ट के चैयरमैन सुधीर तिवारी एवं प्राचार्य उषा किरण झा ने हर्षित की सफलता पर बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं बताया कि आगामी वर्षों में सैकड़ों विद्यार्थी अनेक क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करें. इसके लिए सम्पूर्ण टेंडर हार्ट विद्यालय उच्च मानकों के साथ परिश्रम कर रहा है.

## कुमार सानू 21 जनवरी को रांची में

विशेष संवाददाता। रांची

फिल्मी जगत में 90 के दशक में अपने रोमांटिक गाने से करोड़ों लोगों की दिल में जगह बना चुके कुमार सानू के फैंस के लिए अच्छी खबर है. कुमार सानू 21 जनवरी को रांची आ रहे हैं. यह जानकारी झारखंड के अग्रणी संस्था फॉस्ट कलाकार के डायरेक्टर परम शाह, सह डायरेक्टर अविनाश कुमार और रमीज बारी ने दी. उन्होंने बताया कि रांची के खेलगांव में कुमार सानू का पहला लाइव कॉन्सर्ट है. इसमें करीब 9000 से 12000 लोगों के शामिल होने का अनुमान है. इन्होंने बताया कि इसकी तैयारी जोरो पर हैं. कार्यक्रम में सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतज़ाम किया गया है.

कार्यक्रम में कुमार सानू के साथ फास्ट कलाकार के कलाकार भी अपनी कला का जादू बिखेरेंगे. वेन्यू गेट 2 बजे से खुल जायेगा. 2 से 4 .30 बजे तक संगीत, नृत्य इत्यादि का कार्यक्रम चलेगा. कुमार सानू 4 .30 बजे मंच पर पहुंचेंगे और 7 बजे तक लगातार उनका प्रोग्राम चलेगा. आयोजकों ने बताया के टिकट की बिक्री जोरों पर है. पूरे प्रोग्राम के दौरान खाने-पीने स्टाल की व्यवस्था भी की जा रही है. पार्किंग की निःशुल्क व्यवस्था की गई है. टिकट के लिए रांची के 27 अलग अलग जगहों पर काउंटर बनाया गया है. इसके साथ साथ होम डिलीवरी की व्यवस्था भी की गई है. आयोजक ने बताया कि फ़ास्ट कलाकार के बैनर तले रंग रागिनी ग्रुप का शुभारंभ कुमार सानू के हाथों किया जायेगा. रंग रागिनी ग्रुप में कलाकारों को स्टेट, नेशनल और इंटरनेशनल मंच दिया जायेगा. टिकट को चार केटेगरी में रखा गया है. जिसमें 600 रुपए फर्स्ट गैलरी, 1800 रुपए सकेंड गैलरी , 2400 रुपए वीआईपी और 3600 रुपए वीवीआईपी.



# भाजपा की सोशल इंजीनियरिंग

हिंदी भाषी तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी ने क्षत्रपों के राज को खत्म करते हुए तीन नए चेहरों को मुख्यमंत्री के रूप में आजमाया है. दरअसल यह एक ओर जहां पीढ़ीगत नेतृत्व हस्तांतरण की प्रक्रिया है तो दूसरी ओर इसमें एक सोशल इंजीनियरिंग भी है. उन जातियों को भी साधने की कोशिश की गयी है, जो अब तक भाजपा के कोर वोट के घेरे से बाहर माने जाते रहे हैं. भाजपा ने एक तरह से जाति जनगणना के विपक्षी दबाव को कम करने का प्रयास किया है और एक ऐसा संतुलन बनाने का प्रयास किया है, जिसमें जाति और धर्म की उसकी राजनीति को मजबूती हासिल हो. भाजपा का प्रयोग इंदिरा गांधी की उस कार्यप्रणाली की याद दिलाता है, जो आगे चल कर कांग्रेस की कमजोरी का कारण बनी. पर्ची नियुक्तियों का एक नया दौर भाजपा में आंतरिक तौर पर आए बदलाव का भी संकेत है. जाहिर है, भाजपा ऐसे सूत्र की तलाश बेकरारी से कर रही है, जो उसे लंबे समय तक सत्ता में बनाए रखने में मददगार साबित हो. यह प्रयोग कितना कारगर होगा, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा, लेकिन इस प्रक्रिया ने पार्टी के एक आम कार्यकर्ता के भीतर ज्यादा मेहनत करने और बड़े सपने तक पहुंचने की आकांक्षा जरूर परवान चढ़ा दिया है. गुजरात और उत्तराखंड में इस प्रयोग की शुरुआत की गयी थी, जो अब तीन अन्य राज्यों में दुहरायी गयी हैं. विपक्ष के लिए यह एक बड़ी चुनौती भी है, जो अब तक दिग्गजों के रहमोकरम पर ही निर्भर है. पिछले तीस सालों की आर्थिक प्रवृत्ति और प्रक्रिया ने भारतीय सामाज में जो बदलाव लाया है, भाजपा उसका मुखर स्वर बनने की कोशिश करती दिख रही है. यह बहस की जा सकती है कि इस प्रक्रिया से किसी दल का आंतरिक लोकतंत्र किस तरह प्रभावित होता है. इसका अर्थ यह भी नहीं है कि हिंदी भाषी राज्यों में भाजपा का प्रयोग एकछत्र स्थायी जाति समीकरण हासिल कर चुका है. प्रतिनिधित्व सत्ता हिस्सेदारी का एक हिस्सा भर है. वास्तविक परिवर्तन तो कमजोर समूहों की आम हिस्सेदारी और सत्ता संपत्ति के समान वितरण से ही संभव होता है. यह अभी दूर का सपना ही प्रतीत हो रहा है. भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश में सत्ता साझा करने का जो मॉडल अपनाया है, उसमें विपक्ष और देश के लिबरल खेमे के लिए एक बड़ी सीख छिपी है. सबक यह है कि जातीय-सामुदायिक पहचान की राजनीति के जरिए भाजपा को मात देने की सोच अब बहुत कारगर होगी या नहीं, इस पर पुनर्विचार की जरूरत है. विपक्ष को भाजपा की इस प्रक्रिया को गहरायी से समझते हुए आने वाले आम चुनाव के पहले अपनी रणनीति में ठोस बदलाव की जरूरत है. जरूरत इस बात की भी है कि विपक्ष पस्त हिम्मती का अपना तरीका छोड़े और नए एजेंडे के साथ भाजपा के एजेंडे को चुनौती दे.

> विपक्ष के लिए यह एक बड़ी चुनौती भी है, जो अब तक दिग्गजों के रहमोकरम पर ही निर्भर है. पिछले तीस सालों की आर्थिक प्रवृत्ति और प्रक्रिया ने भारतीय सामाज में जो बदलाव लाया है, भाजपा उसका मुखर स्वर बनने की कोशिश करती दिख रही है.

## सुभाषित

**अयं निजः परो वेत्ति गणना लघुचेतसाम्।**
**उदारचरितानां तु वसुधैवकुटम्बकम्॥**

यह मेरा है, वह उसका है जैसे विचार केवल संकुचित मस्तिष्क वाले लोग ही रखते हैं. वैसे ही लोगों में भेदभाव बना रहता है, लेकिन जो उदार चरित्रवाले लोग हैं, उनमें ऐसा कोई विचार नहीं होता. यानी विस्तृत मस्तिष्क वाले लोगों के विचार से तो पूरा संसार ही एक कुटुम्ब है.

# लोकतंत्र और कानून के राज का भविष्य

**'भाजपा एक अलग चरित्र वाली पार्टी है' की छवि, जिसे मीडिया द्वारा गढ़ा गया था, दरकने लगी है. चूंकि वर्ण आधारित समाज (जिसे जाति विभाजित समाज पढ़िए) में नागरिक की चेतना को हजार तरीके से प्रदूषित किया जा सकता है. इसलिए धर्मनिरपेक्ष संवैधानिक गणतंत्र होने के बावजूद मोदी सरकार द्वारा लोकतंत्र के बुनियादी वसूलों को नकारते हुए देश को हिंदू परंपराओं, सांस्कृतिक प्रतीकों और चिंतन पद्धति में खींच लाया गया है.**





• देश-काल



जयप्रकाश नारायण

पांच राज्यों के चुनाव के नतीजे आ गए हैं. भाजपा ने हिंदी पट्टी के तीनों राज्यों में जीत हासिल की है. ऐसे समय में जब किसी को भाजपा की जीत की उम्मीद नहीं थी. चुनाव पर नजर रखने वाले विशेषज्ञों को निराशा हाथ लगी है. इसलिए हमें इस जीत के कारको पर गंभीरता से विचार करना चाहिए. लोकतंत्र, संविधान और स्वतंत्रता संघर्ष की उपलब्धियों को बचाने के लिए प्रतिबद्ध सभी ताकतें भाजपा विरोधी संघर्ष के दायरे में शामिल होती गई हैं. सामाजिक जीवन में सक्रिय व्यापक जन पक्षधर व्यक्ति और समूह भी भारत के बिगड़ते हुए हालात से चिंतित होकर सकारात्मक प्रतिक्रिया देने लगे हैं. देश में लोकतंत्र, संविधान और कानून का राज कायम रहना चाहिए'. यह चेतना और चिंता विस्तारित होते हुए नागरिक समाज के अलग-अलग स्तरों, संस्थाओं को भी अपने दायरे में खींच लिया है. इसमें स्वयं सेवी संस्थाएं, मानवाधिकार संगठन, उदार जनतंत्रवादी, पर्यावरणविद, महिला और बाल अधिकार के रक्षकों से लेकर गांधीवादी अस्मिता और सामाजिक न्यायवादी, दलित-आदिवासी हितों के पक्षधर सभी समूह मोदी सरकार की फासिस्ट कॉर्पोरेट हिंदुत्व की नीतियों के खिलाफ धीरे-धीरे एकजुट होने लगे हैं.जैसे-जैसे लोकतंत्र और संविधान पर हमले तेज हुए हैं. वैसे ही वैसे समाज का एक बड़ा तबका राजनीतिक रूप से सचेत होता गया है. वह अपने आर्थिक सामाजिक सवालों को संबोधित करते हुए आगे बढ़कर लोकतंत्र, संविधान, आजादी और न्यायपूर्ण विकास के सवाल को लेकर सड़कों पर उतर रहा है.

'भाजपा एक अलग चरित्र वाली पार्टी है' की छवि, जिसे मीडिया द्वारा गढ़ा गया था, दरकने लगी है. चूंकि वर्ण आधारित समाज (जिसे जाति विभाजित समाज पढ़िए) में नागरिक की चेतना को हजार तरीके से प्रदूषित किया जा सकता है. इसलिए धर्मनिरपेक्ष संवैधानिक गणतंत्र होने के बावजूद मोदी सरकार द्वारा लोकतंत्र के बुनियादी वसूलों को नकारते हुए देश को हिंदू परंपराओं, सांस्कृतिक प्रतीकों और चिंतन पद्धति में खींच लाया गया है. सरकारों के क्रिया कलाप शिक्षण संस्थानों से लेकर सरकारी संस्थानों तक हिंदूवादी रीति रिवाज, परंपराओं द्वारा संचालित किए जाते हैं. लेकिन इसे कोई अस्वाभाविक नहीं मानता. इस कारण भाजपा के संविधान विरोधी हिंदुत्ववादी क्रियाकलाप और एजेंडा के साथ आक्रामक राजनीति जो "भारत के संवैधानिक लोकतंत्र के निषेध पर खड़ी है" को समाज के बड़े वर्ग में सहज रूप से स्वीकृति मिल जाती है. भाजपा की हिंदू परस्त राष्ट्रवादी तस्वीर बड़ी मेहनत से गढी गई थी, लेकिन यह आभा मंडल अमेरिकी भक्ति, चीन पर चुप्पी तथा कॉर्पोरेट परस्ती के कारण बिखरने लगा है.

सत्ता प्राप्ति के बाद से संघ के अनुसांगिक संगठनों के हमले कमजोर वर्गों, महिलाओं, आदिवासियों, दलितों और खासकर मुस्लिम अल्पसंख्यकों पर बढ़ते गए हैं. धीरे-धीरे अल्पसंख्यक विरोधी राजनीति भाजपा का केंद्रीय एजेंडा बन गई. मोदी और योगी सहित संघ के प्रशिक्षित नेताओं, कार्यकर्ताओं द्वारा मुस्लिम विरोधी राजनीति को देशसेवा और राष्ट्र भक्ति के स्तर तक उन्नत किया जा चुका है.

सरकारी संस्थानों से लेकर लघु, मध्यम और बड़े उद्योगों में निजीकरण की आंधी चल रही है. एक अनुमान के अनुसार 10 हजार से ज्यादा उद्योग- जिसमें 500 से लेकर 20 हजार तक कर्मचारी काम करते थे- या तो ठेके पर दे दिए गए हैं या उद्योगपतियों के हवाले कर दिए गए हैं. आउटसोर्सिंग के द्वारा ठेके पर कर्मचारियों की नियुक्ति आज मुख्य प्रक्रिया बन गई है. इसने मध्यमवर्गीय सामाजिक जड़ता को तोड़ते हुए धीरे-धीरे अपने निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर भारत के आत्मनिर्भर विकास के सवाल पर चिंतित कर दिया है. जो अभी तक हिंदुत्व के बड़े ग्राहक थे, जिस कारण समाज में उद्वेलन की नई गति पैदा हुई है. उदारीकरण की नीतियों की प्रणेता व निर्माता कांग्रेस पार्टी और उसके नेता रहे हैं. अब संघनीति भाजपा सरकार के समय में ये नीतियां चरम पर जाकर विध्वंसक और विनाशकारी परिणाम देने लगी हैं, जिससे समाज का बहुत बड़ा वर्ग आर्थिक रूप से संकटग्रस्त हुआ है.

बेरोजगारी बढी है तथा दरिद्रता का दायरा विस्तृत होते-होते 80% आबादी को अपने घेरे में ले लिया है. जिससे भारत भूख और कुपोषण के इंडेक्स में लगातार नीचे गिरता जा रहा है. आर्थिक रूप से नीचे की श्रेणी पर स्थित बहुत बड़ा समूह आज रोजी रोटी और जीवन संघर्ष में इस तरह से उलझ चुका है कि उसके सामने कोई रास्ता नहीं दिखाई दे रहा है. सरकार की नीतियों से इतिहास की सबसे बड़ी बेरोजगारों की सेना तैयार हो गई है. शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन जैसी बुनियादी सेवाओं में निजीकरण के बढ़ते जाने से आम आदमी पर आर्थिक बोझ की मार इतनी बढ़ गई है कि वह इन जरूरी सेवाओं का भी उपयोग करने में सक्षम नहीं रहा, जिससे समाज में हताशा का वातावरण तैयार हुआ है. आत्महत्या करने वालों का दायरा कोचिंग संस्थानों से लेकर खेत-खलिहानों, छोटे कारोबारियों, फैक्ट्री मजदूरों के साथ सुरक्षा बलों के दायरे तक बढ़ता जा रहा है. यह मोदी के कॉर्पोरेट परस्त नीतियों के कारण फैली हताशा की अभिव्यक्ति है. फासीवाद की कार्य पद्धति के जानकार यह जानते हैं कि वह चरम दरिद्रता और चरम समृद्धि का समाज निर्मित करता है. इस द्वंद्वात्मकता के बीच में झूलता हुआ समाज फासीवाद का चारा बनकर रह जाता है और वह राज्य के द्वारा फेके गए टुकड़े पर जिंदा रहने के लिए अभिशप्त हो जाता है. अभाव, दरिद्रता मनुष्य के आत्म सम्मान और गौरव बोध का अपहरण कर लेती है.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## अहंकार का विष

एक संन्यासी एक राजा के पास पहुंचा. राजा ने उसका खूब आदर-सत्कार किया. संन्यासी कुछ दिन वहीं रुक गया. राजा ने उससे कई विषयों पर चर्चा की और अपनी जिज्ञासा सामने रखी. संन्यासी ने विस्तार से उनका उत्तर दिया. जाते समय संन्यासी ने राजा से अपने लिए उपहार मांगा. राजा ने एक पल सोचा और कहा, 'जो कुछ भी खजाने में है, आप ले सकते हैं.' संन्यासी ने उत्तर दिया, 'लेकिन खजाना तुम्हारी संपत्ति नहीं है, वह तो राज्य का है और तुम मात्र उसके संरक्षक हो.' राजा बोले, 'महल ले लीजिए.' इस पर संन्यासी ने कहा, 'यह भी तो प्रजा का है.' राजा ने हथियार डालते हुए कहा, 'तो महाराज आप ही बताएं कि ऐसा क्या है जो मेरा हो और आपको देने लायक हो?' संन्यासी ने उत्तर दिया, 'हे राजा, यदि तुम सच में मुझे कुछ देना चाहते हो, तो अपना अहं दे दो. अहंकार पराजय का द्वार है. यह यश का नाश करता है. अहंकार का फल क्रोध है. अहंकार में व्यक्ति अपने को दूसरों से श्रेष्ठ समझता है. वह जिस किसी को अपने से सुखी-संपन्न देखता है, ईर्ष्या कर बैठता है. हम अपनी कल्पना में पूरे संसार से अलग हो जाते हैं. ॠजुता, मृदुता और सहिष्णुता हमें यह विचार देती है कि हम पूर्ण स्वतंत्र एक द्वीप की भांति हैं. हम न किसी से अलग हैं और न स्वतंत्र. यहां सभी एक-दूसरे पर निर्भर रहते हुए, सह-अस्तित्व और सहभागिता में जीते हैं.' राजा संन्यासी का आशय समझ गए और उसने वचन दिया कि वह अपने भीतर से अहंकार को निकाल कर रहेगा. अभिमान वश मनुष्य स्वयं को बडा व दूसरे को तुच्छ समझता है. अहंकार के कारण व्यक्ति दूसरों के गुणों को सहन नहीं करता और उनकी अवहेलना करता है. किंतु दुर्भाग्य से अभिमान कभी भी स्वाभिमान को टिकने नहीं देता, जहां कहीं भी उसका अहंकार सहलाया जाता है, गिरकर उसी व्यक्ति की गुलामी में आसक्त हो जाता है. अहंकार वृति से यश पाने की चाह मृगतृष्णा ही साबित होती है. अभिमान के प्रयोग से मनुष्य ऊंचा बनने का प्रयास तो करता है, किंतु परिणाम सदैव नीचा बनने का ही आता है. निज बुद्धि का अभिमान ही, अन्यत्र ज्ञान की बातों को मस्तिष्क में प्रवेश करने नहीं देता.

# अभी बहुत कुछ करने की जरूरत बाकी है

• विकास

सुरेश सेठ

कुछ घटनाक्रमों से देश का माहौल बदलता नजर आने लगता है, लेकिन ऐसे समाचारों में छिपी हैं कुछ चेतावनियां. जो अगले वर्ष महाचुनाव के मद्देनजर आम आदमी को सजग करती हैं. सवाल यह कि आज़ादी के साढ़े सात दशक के बाद भी हम विकसित देश क्यों नहीं हैं? अमृत महोत्सव भी इस विकासशील देश ने अपनी विकासशीलता के तले मना लिया. लेकिन अब जैसे राष्ट्र के कर्णधार भी कहते हैं कि देश में मूल प्रवृत्ति बने जो यह कहे कि हम न अल्पविकसित हैं, न विकासशील हैं बल्कि विकसित देश हैं. सुखद यह है कि अभी रिजर्व बैंक का जो नया आकलन अर्थव्यवस्था के लिए आया है, वह यह बताता है कि इस वर्ष की आखिरी तिमाही में हम सात प्रतिशत की विकास दर प्राप्त कर चुके हैं. बेशक पिछले दशक में हमारे देश ने आर्थिक सफलता के नाम पर दसवें पायदान से पांचवें पायदान तक आने की उपलब्धि प्राप्त कर ली है, लेकिन अब जापान और जर्मनी को पछाड़कर तीसरी महाबली आर्थिक शक्ति बनने का कार्यक्रम है. कुछ बातें इस कार्यक्रम को पुष्ट करती हैं. पहली बात यह कि एक देश, एक कर में जीएसटी लागू करने का जो निर्णय किया गया था, वह सफलता दिखा रहा है. अर्थात सोचा गया था कि एक लाख करोड़ रुपये तक का कर संग्रह अगर जीएसटी कर दे तो हम संतुष्ट हैं. लेकिन पिछले कुछ वर्षों से यह कर संग्रह इस लक्ष्य से ज्यादा है. इस वर्ष यह 1.68 लाख करोड़ से अधिक हो चुका है, जबकि अगले वर्ष 2 लाख करोड़ का लक्ष्य है. जब कर बढ़ता है तो राजस्व घाटा घटता है. जन कल्याण के लिए अधिक पैसे बचने लगते हैं और उनका इस्तेमाल उस समस्या से देश को बचा सकता है, जिसे आजकल रेवड़ियां बांटने की संस्कृति का नाम दिया जाता है. इस समय तो आलम यह है कि अपने चुनावी एजेंडे को आकर्षक बनाने के लिए राज्य कर्ज लेकर भी रेवड़ियां बांटने में गुरेज नहीं करते. इसमें संदेह नहीं कि अभी आए पांच विधानसभा चुनावों के परिणामों में तीन परिणाम बड़े स्पष्ट तरीके से सत्तारूढ़ भाजपा के हक में गए हैं. निःसंदेह आम आदमी ने देश में राजनीति के स्थायित्व को महत्व दिया है. उस प्रधानमंत्री को महत्व दिया गया है जिसने एक प्रौढ़ कूटनीति का पालन करते हुए देश का ध्वज विश्व में ऊंचा कर दिया है. अब कोशिश हो देश में सांस्कृतिक मूल्यों का पुनः अवतरण हो, नैतिक मूल्यों के पतन के रास्ते में अवरोध खड़े किए जाएं और भ्रष्टाचार का खात्मा किया जाए. इसके अतिरिक्त बेशक औरतों को 33 प्रतिशत आरक्षण मिल गया हो. लाडली बहन जैसी योजनाएं भी सामने आ गईं और महिलाओं को उनकी गरिमा के अनुसार समानाधिकार देने की पहल भी शासन ने की है. यह भी एक बड़ा कारण है कि महिला मतदाताओं ने मध्यप्रदेश में सत्तारूढ़ दल को वोट दिया. अब देखना यह होगा कि क्या वास्तव में आने वाले दिनों में महिलाओं को वही समानाधिकार, वही सशक्तीकरण की सौगात दी जाती है, जिसके बारे में हर मंच से भाषण किए जाते हैं. आज भी राजनीति में दायित्वपूर्ण स्थानों पर महिलाओं की कमी नजर आती है. संसद से लेकर विधानसभाओं तक में उनकी संख्या पुरुषों के मुकाबले कहीं कम है. सही है कि एक शुरुआत हो गई है. अब सेनाओं के अग्रिम मोर्चों पर स्थायी कमीशन पद लेकर महिलाओं को लड़ने की इजाजत मिल गई और इसके अलावा कार्पोरेट जगत भी बता रहा है कि मुख्य संस्थानों में सर्वोच्च अधिकारी के रूप में महिलाएं नियुक्त की जा रही हैं. कोशिश हो कि कोरोना संकट में रोजगार से विस्थापित महिला कामगारों को पहले जैसा काम मिले. सत्ताधीश ध्यान दें कि देश में सांस्कृतिक मूल्यों का क्षरण हो रहा है. हताशा ने नशाखोरों और पियक्कड़ों की एक ऐसी पीढ़ी पैदा कर दी है, जिसके सामने रिश्तों का कोई मूल्य नहीं. रोज-ब-रोज ऐसी खबरें मिलती हैं कि बेटों ने बाप की या भाई ने बहन की हत्या कर दी. फिरौती की धमकियां माहौल में दनदना रही हैं. राह चलते लोगों से उनके पर्स और मोबाइल छीने जा रहे हैं. ऐसे अपराध करने पर भी अपराधी शर्मसार नहीं होते और जब उन्हें कारागार में भेजा जाता है तो वे वहां भी इन्हें अपराधगृह बनाने में देर नहीं करते. नया वक्त आ रहा है, नई चुनौतियां सामने हैं. एक चुनौती तो अभी तक पर्यावरण प्रदूषण की है. जिसकी वजह से असाधारण जलवायु ने देश की खेती, जो पहले ही जुआ थी, को उससे भी बड़ा जुआ बना दिया है. देश की अर्थव्यवस्था हमने डिजिटल कर दी, लेकिन इसे चलाने के लिए कारीगरों को उचित प्रशिक्षण नहीं दिया गया.

> इस वर्ष यह 1.68 लाख करोड़ से अधिक हो चुका है, जबकि अगले वर्ष 2 लाख करोड़ का लक्ष्य है. जब कर बढ़ता है तो राजस्व घाटा घटता है. जन कल्याण के लिए अधिक पैसे बचने लगते हैं और उनका इस्तेमाल उस समस्या से देश को बचा सकता है, जिसे आजकल रेवड़ियां बांटने की संस्कृति का नाम दिया जाता है.

# ज्यादातर नदियां प्रदूषण की चपेट में

• जलवायु

अजीत कुमार

अदेश के 28 राज्यों और सात केंद्र शासित प्रदेशों की 603 नदियों में से 311 नदियां प्रदूषण की चपेट में आ चुकी हैं. इस संबंध में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राष्ट्रीय जल गुणवत्ता निगरानी कार्यक्रम की एक रिपोर्ट हाल ही में जारी की गई है. इसने देश में नदियों के स्वास्थ्य पर एक उज्ज्वल प्रकाश डाला है और लगभग 46 प्रतिशत नदियां प्रदूषित पाई गयी हैं. महाराष्ट्र, जिसे एक प्रगतिशील राज्य के रूप में जाना जाता है, में सबसे अधिक 55 नदियां प्रदूषित पाई गयी, इसके बाद मध्य प्रदेश, बिहार, केरल, कर्नाटक की नदियां हैं. इसे देखते हुए देश के सामने नदियों के प्रदूषण को रोकना एक बड़ी चुनौती होगी. नदी को जीवनदायिनी माना जाता है. गंगा भारत की प्रमुख नदी है. आध्यात्मिक एवं धार्मिक दृष्टि से गंगा का स्थान ऊंचा है. हालांकि, हिमालय से निकलने वाली गंगा की मूल यात्रा कठिन कही जा सकती है. विभिन्न तीर्थस्थलों वाले शहरी क्षेत्र दर्शाते हैं कि गंगा प्रदूषण से अत्यधिक प्रभावित है. यमुना की स्थिति भी असाधारण कही जा सकती है. राजधानी दिल्ली से होकर बहने वाली यह नदी अपने रासायनिक झाग और बदबूदार पानी के कारण हमेशा चर्चा में रहती है. इसके अलावा गोमती, हिंडन, सतलुज, मुसी आदि नदियां भी प्रदूषण के चक्र में फंसी हुई हैं. इस पृष्ठभूमि में, केंद्र द्वारा गंगा नदी की सफाई के लिए 'नमामि गंगे' जैसी महत्वाकांक्षी परियोजना लागू की जा रही है. इसके लिए एक बड़ा वित्तीय प्रावधान किया गया है और इस संबंध में कदम उठाए जा रहे हैं. इसे देखते हुए, आशा है कि भविष्य में गंगा प्रदूषण मुक्त हो जाएगी. पानी में विभिन्न जीवों को अपनी शारीरिक गतिविधियों के लिए आवश्यक ऑक्सीजन की मात्रा को बायोलॉजिकल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी) कहा जाता है. जलीय पौधों या बाहरी वातावरण से ऑक्सीजन पानी में मिश्रित या घुल जाती है. इसके अलावा, यह लगातार बहते, टकराते पानी में अधिक घुल जाता है. प्राकृतिक रूप से बहते पानी में रुके हुए पानी की तुलना में अधिक ऑक्सीजन होती है. इसीलिए बहता पानी पीने के लिए अधिक उपयुक्त माना जाता है. जैसे ही ऑक्सीजन का स्तर घटता है, ऐसे पानी में ऑक्सीजन की आवश्यकता वाले सूक्ष्मजीवों की संख्या तेजी से घट जाती है. तो ऐसे सूक्ष्मजीवों की संख्या बढ़ जाती है जिन्हें ऑक्सीजन की आवश्यकता नहीं होती है. परिणामस्वरूप पानी की गुणवत्ता खराब हो जाती है और ऐसा पानी पीने, कृषि उपयोग के लिए अनुपयुक्त माना जाता है. नदियों में सीवेज, जल निकासी, रासायनिक मिश्रित पानी, कीचड़, कचरा और औद्योगिक कारखानों का पानी छोड़ने से पानी में ऑक्सीजन का स्तर कम हो जाता है. गंगा, यमुना, सतलज, गोमती से लेकर कृष्णा, गोदावरी तक लगभग सभी नदियां इसी चक्र से गुजर रही हैं. देखा गया है कि कई इलाकों में संबंधित नदियों में बीओडी यानी ऑक्सीजन की मात्रा नगण्य है. यह चिंताजनक है. आज मानव जीवन वायु, ध्वनि, जल, कचरा आदि विभिन्न प्रकार के प्रदूषणों से घिरा हुआ है. प्रगति के शिखर पर पहुंचकर भी मनुष्य खाने-पीने से लेकर सांस लेने तक हर चीज में मिलावट के कारण अपना स्वास्थ्य खो चुका है. जल को जीवन माना गया है. आइए, अब हम जीवनदायिनी नदी के जल को स्वच्छ रखने का संकल्प लें. महाराष्ट्र एक प्रगतिशील राज्य के रूप में जाना जाता है. देश की आर्थिक राजधानी मुंबई, महाराष्ट्र की राजधानी है. इसके अलावा राज्य में पुणे, नागपुर, नासिक, औरंगाबाद, कोल्हापुर जैसे औद्योगिक रूप से महत्वपूर्ण शहर हैं. भीमा, गोदावरी, कृष्णा, कोयना, पंचगंगा, तापी, गिरना, नीरा, वैनगंगा, मीठी जैसी महत्वपूर्ण नदियां राज्य से होकर बहती हैं. इन नदियों को पांच समूहों में वर्गीकृत किया गया है. मुंबई में मीठी, भीमा और सावित्री के साथ-साथ पुणे से बहने वाली मुथे की पहचान अत्यधिक प्रदूषित नदियों के रूप में की गई है. जबकि गोदावरी, मुला, पावना प्रदूषित नदियों के समूह में हैं. मध्यम प्रदूषित समूह में तापी, गिरना, कुंडलिका, इंद्रायणी, दरना, कृष्णा, पातालगंगा, सूर्या, वाघुर, वर्धा, वैनगंगा शामिल हैं. जबकि सामान्य समूह में भातसा, कोयना, पेंगांगा, वेन्ना, उमोर्दी, सीना आदि नदियां हैं. इस रिपोर्ट में कोलार, तानसा, उल्हास, अंबा, वैतरणा, वशिष्ठी, बोरी, बोमई, हिवरा, बिंदुसार आदि नदियों को कम प्रदूषित बताया गया है. इनमें से कुछ नदियों में प्रदूषण रोकने के लिए धन उपलब्ध कराया गया है.

> आध्यात्मिक एवं धार्मिक दृष्टि से गंगा का स्थान ऊंचा है. हालांकि, हिमालय से निकलने वाली गंगा की मूल यात्रा कठिन कही जा सकती है. विभिन्न तीर्थस्थलों वाले शहरी क्षेत्र दर्शाते हैं कि गंगा प्रदूषण से अत्यधिक प्रभावित है. यमुना की स्थिति भी असाधारण कही जा सकती है.

## मीडिया में अन्यत्र

# जीन थेरेपी उम्मीद की नई किरण

यूनाइटेड किंगडम के औषधि नियामक (ड्रग रेगुलेटर) द्वारा सिकल सेल रोग और बीटा थैलेसीमिया से पीड़ित 12 साल से ज्यादा उम्र के लोगों के इलाज के लिए जीन थेरेपी कैसगेवी को मंजूरी देने के एक महीने से भी कम समय के बाद, संयुक्त राज्य अमेरिका के एफडीए ने 12 साल से ज्यादा उम्र के रोगियों में सिकल सेल रोग के इलाज के लिए दो जीन थेरेपी-कैसगेवी और लिफजेनिया को मंजूरी दे दी है. बीटा थैलेसीमिया के इलाज के लिए कैसगेवी जीन थेरेपी को मंजूरी देने का उसका फैसला मार्च 2024 तक आने की उम्मीद है. ये ऐतिहासिक फैसले उन बीमारियों के इलाज के लिए सीआरआईएसपीआर- कैस9 उपकरण का इस्तेमाल करके जीन थेरेपी की शुरुआत को रेखांकित करते हैं, जिन्हें अन्यथा सिर्फ अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण के जरिए ही ठीक किया जा सकता था. लिफजेनिया रक्त स्टेम कोशिकाओं में हीमोग्लोबिन के लिए एक नया जीन पेश करने के वास्ते एक वेक्टर के रूप में एक ऐसे अक्षम लेंटवायरस का इस्तेमाल करता है, जो स्वस्थ संस्करण की नकल करता है, तो कैसगेवी एक विशेष जीन (बीसीएल11ए) को निष्क्रिय करने के लिए सीआरआईएसपीआर-कैस 9 के जीन-संपादन उपकरण का इस्तेमाल करता है, जो रक्त स्टेम कोशिकाओं में भ्रूण हीमोग्लोबिन के उत्पादन को निष्क्रिय कर देता है. जहां लगभग 10 फीसदी वयस्क भ्रूण हीमोग्लोबिन का उत्पादन जारी रखते हैं, वहीं अन्य लोगों में, बीसीएल11ए जीन भ्रूण हीमोग्लोबिन के उत्पादन को रोकता है. बीसीएल11ए जीन को निष्क्रिय करके जो भ्रूण हीमोग्लोबिन उत्पन्न होता है और जिसमें वयस्क हीमोग्लोबिन की असामान्यताएं नहीं होती हैं, वह सिकल सेल रोग या बीटा थैलेसीमिया वाले रोगियों के इलाज में मदद करता है. नैदानिक परीक्षणों (क्लिनिकल ट्रायल) में, कैसगेवी जीन थेरेपी हासिल करने वाले 29 सिकल-सेल रोग रोगियों में से 28 को एक साल के लिए रोग के दुर्बल प्रभावों से राहत मिली. बीटा थैलेसीमिया के लिए, 42 में से 39 रोगियों को एक साल तक रक्त आधान (ब्लड ट्रांसफ्यूजन) की जरूरत नहीं पड़ी और शेष तीन में रक्त आधान की जरूरत 70 फीसदी से भी ज्यादा कम हो गई. (द हिंदू)



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### दरमियान/फासला

**देखा** एक ख़्वाब तो ये सिलसिले हुए, दूर तक निगाहों में हैं गुल खिले हुए. ये ग़िला है आपकी निगाहों में, फूल भी हों दर्मियां तो फ़ासले हुए. दो तीन दिनों के भीतर ही फिल्म सिलसिला का यह गीत मुझे फिर गुनगुनाना पड़ गया. इससे पहले मैंने यह गीत सिल और सिला शब्द के लिए गुनगुनाया था और आज यह तब हो रहा है, जब गीत के मुखड़े की पंक्ति में प्रयुक्त दरमियान और फासले शब्द की व्याख्या करनी है. दरमियान और फासला पर अगर मतलब के हिसाब से विचार किया जाये तो कुछ हद तक दोनों शब्द एक दूसरे के निकट हैं, लेकिन कई मामलों में इन दोनों शब्दों के दरमियान फासला महसूस होने लगता है. इन दोनों शब्दों पर विचार विमर्श के लिए मैंने शब्द सागर, वर्धा हिंदी शब्दकोश, रेख्ता उर्दू-हिंदी शब्दकोश सहित कई शब्दकोशों के पन्ने पलटे. तब जाकर ज्ञान हुआ कि दरमियान फारसी मूल का संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इसका शाब्दिक अर्थ है किसी चीज के बीच में. इस शब्द का प्रयोग या शारीरिक अंतर या भावनात्मक अंतर व्यक्त करने के लिए किया जा सकता है. अगर कोई कहता है कि तेरे मेरे दरमियान कुछ बातें हैं तो इसका मतलब तो यह होता है कि हमदोनों के बीच कुछ बातें हैं. तेरे मेरे दरमियान का सीधा मतलब है हम दोनों के बीच की दूरी. उत्तर भारत और दक्षिण भारत के दरमियान सांस्कृति अंतर है और यही दोनों के बीच अंतर या दूरी का बोध कराता है. दरमियान का विशेषण है दरमियानी, जिसका मतलब है बीच का, किसी अवधि या घटना के बीच का. दूसरा शब्द है फासला. यहां गौर करनेवाली बात यह भी है कि इसके फ अक्षर में नुक्ता लगा होता है. यह अरबी मूल का संज्ञा पुल्लिंग शब्द है, जिसका सामान्य अर्थ है दूर होने की अवस्था या भाव, दो वस्तुओं या बिंदुओं के बीच का स्थान या माप, अंतर, दूरी, मनमुटाव, भेद-भाव.

# कंप्यूटर की दुनिया बड़ी विचित्र

• तीर-तुक्का

डॉ. सुरेन्द्र वर्मा

साहित्यकार तो थे ही, वे भाषण-वीर भी थे. पदानुसार भी वे व्याख्याता ही थे. कम्प्यूटर और इंटरनेट विषय पर उनका व्याख्यान चल रहा था. बोले, आज कम्प्यूटर ने आम आदमी को भी साहित्यकार बना दिया है. जिसे देखो कविता करने लगा है, किसी भी बात पर अपना विरोध दर्ज करने के लिए अपनी सटीक टिप्पणियां वाट्सएप और फेसबुक पर डालने लगा है. अभी तक सामान्य जन केवल मौखिक रूप से स्थितियों और लोगों पर तंज कसते थे, अब 'ब्लॉग' पर व्यंग्य लिखने लगे हैं. ये एक बड़ी भारी साहित्यिक क्रान्ति हुई है. इसमें संदेह नहीं, बड़ी विचित्र है कम्प्यूटर की दुनिया. इसमें कुछ भी आभासित हो सकता है. पूरी दुनिया ही आभासी है. सच झूठ लगता है और झूठ सच लग सकता है. फेस बुक पर डाली गई अपनी नागवार सेल्फी पर आपको ढेरों 'लाइक' मिल सकते हैं और आपकी ललित कविता के लालित्य पर अंगूठा दिखाया जा सकता है. कितना ही नियम-विरुद्ध लिख दें, कोई विह्सिल बजाने वाला नहीं है, मानो सबने 'सकारात्मक सोच' की कसम खा रखी है. लेकिन कुछ नकचढे, जिनके खून में ही तिनिया निकालना होता है, 'लाइक' की इस आभासी व्यवस्था से काफी नाराज़ और दुखी हैं. अरे, हमारी नापसंदगी के लिए भी तो कोई न कोई बटन होना चाहिए. यह क्या, पसंद है तो भी लाइक, नापसंद है तो भी लाइक. बटन दबाना है तो बस लाइक पर ही दबा सकते हैं. और कोई विकल्प है ही नहीं. अब तो इलेक्शन में भी 'नाटो' बटन स्वीकार कर लिया गया है. कम्प्यूटर में भी कुछ इसी प्रकार का नकारात्मक बटन ज़रूरी है. गूगल अब थोड़ा थोड़ा मन बना रहा है. सोचा जा रहा है कि लाइक के साथ साथ अब 'डिसलाइक' का विकल्प भी दिया जाए. नकचढ़ों की नकारात्मकता की खुजली का भी कुछ न कुछ इलाज किया जाए. डिसलाइक के बटन की संभावना ने ही पैदाइशी आलोचकों के पेट में गुदगुदी मचाना शुरू कर दी है. फेसबुक और वाट्सएप पर खुशी की लहर दौड़ गयी है. सुन्दर से सुन्दर सेल्फी पर 'डिसलाइक' बटन न दबाया तो कहना! कहा गया है कि 'लाइक' का एक विकल्प सीटी बजाना (विह्सिल) भी हो सकता है. मुझे लगता है, यह ज्यादह अच्छा रहेगा क्योंकि सीटी बजने वाले बटन में हमेशा थोड़ी अस्पष्टता की गुंजाइश रहेगी. अपनी रोजमर्रा की ज़िन्दगी में सुन्दर लड़की को देखकर लडके सीटी मारते हैं वहीं खेल (जैसे फुटबाल) में नियम विरुद्ध खेल होने पर भी सीटी बजा दी जाती है. विह्सिल का विकल्प हमेशा भ्रम में रखेगा कि यह खुशी का इज़हार है या फिर यह फाउल के लिए है. और इसी में सीटी बजाने वाले की सफलता का राज़ है.



# लाइफ लाइन

## ठंड में रोज खाएं ये आहार...
# शरीर भीतर से रहेगा गर्म और मजबूत



डॉ मनीषा घई
सीनियर डायटीशियन

प्रकृति जहां हर तरह के मौसम का आनंद दिलाती है, वहीं हर मौसम में तन-मन को दुरुस्त रखने के लिए उपयुक्त आहार भी उपलब्ध कराती है. दरकार बस जरा सजगता और इन आहारों की पहचान की होती है. आइए, आज ऐसे ही कुछ खाद्य पदार्थों की चर्चा करें जो ठंड के मौसम में शरीर को भीतर से गर्म और मजबूत रखने में सहायक हो. इन आहारों के सेवन से हमारी रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता में भी इजाफा होगा.

1. **तिल :** ठंड के मौसम में प्रतिदिन तिल को किसी भी रूप में शामिल करने की कोशिश करें. गुड़-तिल से बना तिलवा-तिकूट खाएं या तिल की चटनी या किसी भी अन्य आहार में भूना या पीसा तिला मिला कर सेवन करें. इसमें फाइबर, विटामिन-ई, कैल्शियम, प्रोटीन और अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं. अन्य कई समस्याएं दूर करने के साथ यह शरीर को अंदर से गर्म रखते हैं.



2. **खजूर :** खजूर में ढेर सारे फाइबर के साथ आयरन विटामिन-ए, विटामिन-बी, कैल्शियम, पोटैशियम और अन्य विटामिन्स भरपूर मात्रा में मौजूद होते हैं. इसकी तासीर गर्म होती है. इस मौसम में इसे नियमित सेवन से शरीर अंदर से गर्म रहता है. प्रतिदिन 3 से 5 नग खजूर खा सकते हैं. स्मूदी, मिठाई आदि में भी चीनी के विकल्प के तौर पर इसका इस्तेमाल किया जा सकता है.




3. **शहद :** शहद अगर शुद्ध उपलब्ध हो तो रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता भी बेहतर करता है. इसमें एंटीसेप्टिक गुण भी पाए जाते हैं. साथ ही शरीर को गर्म रखता है. एक चम्मच शहद सुबह खाना फायेदमंद होता है. इससे छोटी-मोटी सर्दी, खांसी, बुखार आदि से भी राहत मिलती है.



4. **केसर :** पोषकता से भरपूर केसर में एंटीऑक्सीडेंट्स की मात्रा ज्यादा होती है. साथ ही यह गर्म तासीर का होता है. एक कप दूध में 4-5 केसर के रेशे उबालकर रात में पीना अधिक फायदेमंद होता है.



5. **अदरक :** एंटी ऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण से भरपूर अदरक शरीर को गर्म रखता है. इसके सेवन से जोड़ों के दर्द से भी राहत मिलती है. इस मौसम में अदरक वाली चाय-काढ़ा पीजिए या अचार-सब्जी आदि में इसका इस्तेमाल करें, फायदा होगा.



6. **दालचीनी :** यह शरीर का मेटाबॉलिज्म को बढ़ाती है, जिससे शरीर के अंदर गर्मी बढ़ती है. एंटीऑक्सीडेंट्स भी भरपूर मात्रा में मिलते हैं. इसके नियमित उपयोग से सर्दी-खांसी-जुकाम में भी आराम मिलता है.



7. **गुड़ :** जिंक, आयरन, कैल्शियम, फॉस्फोरस से भरपूर गुड़ में एंटी ऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो हमारी रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता बढ़ाते हैं. खाने से सर्दी -जुकाम की समस्या से बच सकते हैं. इससे खून भी बढ़ता है.







डॉ अनुपम
सीनियर कॉर्डियोलॉजिस्ट

**दुनिया में सबसे अधिक मौतें दिल की बीमारी के कारण होती है. हर तीन में से एक व्यक्ति दिल की बीमारी के वजह से ही मौत का शिकार होता है. हार्ट अटैक, स्ट्रोक आदि के लिए जहां जंक फूड, अल्कोहल-स्मोकिंग, शारीरिक सक्रियता की कमी जैसे कारण जिम्मेदार हैं, वहीं ठंड का मौसम भी एक बड़ा कारण है. आज हम जानते हैं कि ठंड में आखिर क्यों बढ़ते हैं हार्ट अटैक के केस और इनसे बचाव कैसे हो सकता.**

# सर्दियों में बचाइए दिल को



हार्ट के मरीज के लिए इन दिनों मौसम जरा नाजुक है. सांइस जर्नल ऑफ एशिया के एक रिसर्च रिपोर्ट के मुताबिक ठंड के मौसम में हार्ट डिसीज से ग्रसित लोगों में हार्ट अटैक का खतरा करीब 32% बढ़ जाता है. सवाल यह है कि ठंड में आखिर क्यों हार्ट अटैक व स्ट्रोक के मामले बढ़ते हैं और इनका खतरा कैसे कम किया जा सकता.

**सर्दियों में ठंड से शरीर की रक्त वाहिकाएं सिकुड़ने से उनके अंदर रक्त का बहाव कम हो जाता है, जिससे ब्लड का प्रेशर बढ़ता है और हार्ट को ब्लड पंप करने के लिए अधिक मशक्कत करनी पड़ती है. दिल पर बढ़ते इस दबाव से एनजाइना की समस्या उत्पन्न हो सकती है.**

## सर्दियों में खतरा इसलिए अधिक

जब हम सोते हैं तब हमारे शरीर की क्रियाशीलता धीमी हो जाती है. बीपी और शुगर का लेवल भी कम होता है. लेकिन हमारे उठने से पहले ही शरीर का ऑटोनॉमिक नर्वस सिस्टम सक्रिय हो कर उसे सामान्य स्तर पर ले आता है. मौसम चाहे कोई भी हो, ऑटोनॉमिक नर्वस सिस्टम अपना यह काम निरंतर जारी रखता है लेकिन यह भी सच है कि सर्दियों के मौसम में हमारे दिल को इसके लिए कहीं अधिक मशक्कत करनी पड़ती है. ऐसे में जिन्हें हार्ट की बीमारी है, उनमें हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है.

## सिकुड़ जाती हैं नसें

जिस तरह बाहरी चीजों पर मौसम का असर पड़ते हम देखते हैं, कुछ वैसे ही हमारे शरीर के भीतर का सिस्टम भी प्रभावित होता है. सर्दियों के मौसम में नसें ज्यादा सिकुड़ती हैं. वे सख्त सी हो जाती हैं. इससे नसों को गर्म और एक्टिव करने के लिए ब्लड का फ्लो बढ़ जाता है जिससे ब्लड प्रेशर भी बढ़ जाता है. ब्लड प्रेशर बढ़ने से हार्ट अटैक होने का खतरा भी बढ़ जाता है. जाहिर में ऐसे में दिल की बीमारी वाले लोग या जिन्हें पहले भी हार्ट अटैक हो चुका है, ऐसे लोगों के लिए ज्यादा ठंड जानलेवा हो जाती है.

## ठंड के मौसम में दिल के मरीज इन बातों का रखें ध्यान

### देर तक बिस्तर पर रहें

दिल के मरीजों को सलाह दी जाती है कि वे सुबह जल्दी बिस्तर नहीं छोड़ें. दरअसल ठंड की वजह से पहले ही शरीर की नसें सिकुड़ी होंगी. ऐसे में रजाई कंबल छोड़ कर अब बिस्तर से उठेंगे तो बाहर के ठंडे वातावरण के कारण शरीर को खुद को गर्म रखने के लिए अधिक मशक्कत करनी होगी. जाहिर है इससे दिल को अधिक मेहनत करनी पड़ेगी. इसलिए जल्दी बिस्तर नहीं छोड़ने में भलाई है. इसी तरह बेशक टहलना स्वास्थ्य के लिए बढ़िया है, पर ठंड के मौसम में सुबह वॉक पर जाना जानलेवा हो सकता है. धूप उगने पर ही वॉक के लिए जाएं और जरुरत के मुताबिक टोपी,स्वेटर, दस्ताने आदि पहनें.

### ज्यादा पानी न पिएं

सुबह उठकर दो-तीन गिलास पानी पीना अच्छी आदतों में माना जाता है. लेकिन दिल के मरीजों के लिए यही आदत जानलेवा साबित हो सकती है. दरअसल हमारे दिल का एक काम शरीर में मौजूद रक्त के साथ लिक्विड को पम्प करने का भी होता है. जिन्हें दिल की बीमारी होती है, उनके दिल को वैसे भी पम्प करने में अधिक मशक्कत करनी पड़ती है. जाहिर है ऐसे में अगर वे अधिक पानी पी लेंगे तो दिल को पम्पिंग करने में और भी मेहनत करनी पड़ेगी और हार्ट अटैक की आशंका बढ़ जाएगी. दिल के मरीजों को सलाह दी जाती है कि वे कितना पानी पिएं, इस बाबत अपने चिकित्सक से जरूर पूछें.

### नमक कम

नमक दिल के मरीजों के लिए कई अर्थों में नुकसान दायक है. एक तो इससे बीपी की समस्या बढ़ जाती है. वहीं दूसरी ओर नमक शरीर में पानी को रोकता है. ऐसी हालत में हमारे दिल को ज्यादा मात्रा में लिक्विड को पम्प करना पड़ेगा और मेहनत अधिक होगी. हार्ट अटैक के रूप में इसके दुष्परिणाम की आशंका है.

### नींद पूरी लें

कई शोधों में स्पष् हो चुका है कि नींद और हार्ट अटैक के बीच सीधा संबंध है. इसमें कोई दो राय नहीं कि अच्छी नींद लेने से हृदय स्वस्थ बना रहता है और दिल के दौरे की आशंका कम होती है. सर्दियों में हार्ट अटैक के खतरे को कम करने के लिए व्यक्ति को पूरे नौ घंटे की नींद लेनी चाहिए.

### नंगे पैर घास पर चलना

बेशक थोड़ा दिन चढ़ने पर वॉक के लिए जाएं और संभव हो तो इस दौरान हरी घास पर नंगे पैर चलें. हरी घास पर नंगे पैर टहलने से ना सिर्फ मन पॉजिटिव बना रहता है बल्कि इससे ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में भी मदद मिलती है.





### नियमित जांच

हृदय रोगी ठंड के मौसम में खास तौर पर नियमित अंतराल पर हार्ट की जांच करवाते रहें. ऐसा करने से समय रहते समस्या का पता चलने के साथ उसका उचित इलाज करवाया जा सकता है.

### यह भी जरूरी

सर्दियों में हम अधिक तलाभुना और मीठा खाना शुरू कर देते हैं. यह कॉलेस्ट्रॉल व डायबिटीज की समस्या को बढ़ाता है और हार्ट अटैक की आशंका भी इससे बढ़ती है. खानपान में अपनी शारीरिक स्थिति का ध्यान रखें. अल्कोहल और धूम्रपान से बचें. दिल की सेहत बनाए रखने के लिए सुबह के नाश्ते में फल, अंकुरित अनाज, और दूध जैसी चीजों को शामिल करें. अपनी डाइट में कार्बनिक सल्फेट और विटामिन डी 3 से भरपूर आहार शामिल करें. संभव हो तो थोड़ी देर धूप में भी रहें.

### खतरे की घड़ी सुबह चार से दस बजे तक

कई रिसर्च रिपोर्ट में ऐसा देखा गया है कि ज्यादातर दिल के दौरे सुबह 4 बजे से लेकर 10 बजे के बीच पड़ते हैं. दरअसल इस समय एपिनेफ्रिन, नॉरपेनेफ्रिन और कोर्टिसोल जैसे हार्मोन का लेवल बढ़ने से ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है और जिससे शरीर में ऑक्सीजन की मांग बढ़ जाती है, जिसका सीधा असर दिल की सेहत पर पड़ता है.

# संडे हो या मंडे, रोज खाएं बथुआ

**झारखंड के सभी हिस्सों के सब्जी मार्केट इन दिनों कई तरह के साग से गुलजार दिखते हैं. प्रकृति का वरदान माने जाने वाला बथुए का साग भी इन दिनों खूब मिल रहा. बथुआ का साग फाइबर और पौष्टिकता से भरपूर होता है और नियमित रूप से इन्हें आहार में शामिल करने से कई तरह की बीमारियों से बचाव होता है. बथुआ के साग में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं. बथुआ में पर्याप्त मात्रा में विटामिन बी2, बी3, बी5, विटामिन-सी, कैल्शियम, लोहा, मैग्नीशियम, मैग्नीज, फॉस्फोरस, पोटैशियम, सोडियम, मिनरल्स, प्रोटीन आदि होते हैं.**

- **पेट की समस्याएं करता दूर**
सर्दियों में बथुआ के साग के सेवन से पाचन संबंधी समस्याओं से राहत मिलती है. सर्दी में बथुआ के साग में नमक मिलाकर खाने से पेट दर्द, कब्ज, उल्टी आदि समस्या से निजात मिलता है. पेट में कीड़ों की शिकायत भी दूर होती है.

- **दूर होता पीरियड प्रॉब्लम**
पीरियड्स से जुड़ी समस्याओं जैसे रूक रूक कर पीरियड आना, पीरियड कम या अधिक आना आदि में भी बथुआ साग लाभप्रद माना जाता है.

- **मूत्र संबंधी समस्या से राहत**
ठंड में पानी का सेवन हम कम कर देते हैं. इस कारण अक्सर शरीर में पानी की कमी हो जाती है और हम मूत्र संबंधी समस्याओं से ग्रसित हो जाते हैं. ठंड के मौसम में यूरिन के दौरान जलन और दर्द की समस्या आम है. इससे राहत पाने के लिए पके बथुआ के साग में सेंधा नमक, जीरा और नींबू मिलाकर सेवन करें. राहत मिलेगी.

- **बॉडी डिटॉक्स करता है**
शरीर में मौजूद विषाक्त पदार्थ को दूर करने में भी बथुआ लाभकारी माना जाता है. बथुआ में नीम की पत्तियां मिलाकर सेवन करने से बेहतर परिणाम मिलते हैं.

- **वजन कम करने के लिए**
वेट लॉस के लिए बथुआ वरदान से कम नहीं. इसमें फाइबर पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है, इसे डाइट में खाने से पेट ज्यादा देर तक भरा रहता है, जिससे आप ज्यादा खाने से बचते हैं और वजन कम होने में मदद मिलती है. यह लो कैलोरी फूड भी है.



- **डायबिटीज के मरीजों के लिए लाभकारी**
बथुआ का साग खाने से ब्लड शुगर का स्तर सामान्य रहता है. ऐसे में डायबिटीज के पेशेंट को इस मौसम में किसी भी रूप में नियमित बथुआ साग का सेवन करना चाहिए.

### कैसे खाएं बथुआ



बथुआ साग को अपने आहार में कई तरीके से शामिल किया जा सकता है. पारंपरिक तरीका है उसे उबाल कर और फिर प्याज, लहसुन, अदरक, मिर्च आदि से छौंक कर साग बनाना. अरहर या मूंग की दाल और सब्जी में भी बथुआ की कटी पत्तियां डाल कर बनाया जाता है. कई बार जो बच्चे साग आदि में बथुआ नहीं खाते वे आटे में जरा सा बेसन, अजवाइन, जीरा पाउडर, नमक आदि डाल कर बथुआ के रस गूंथ कर तैयार पराठे मजे से खाते हैं. इसका सूप, रायता व जूस भी बनाया जाता है.

# ठंड के थपेड़ों से कलेजे के टुकड़ों को बचाएं



डॉ अनिताभ कुमार
एमडी (पीडिएट्रिक्स)

**छोटे बच्चों की रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता कमजोर होती है. इसलिए उन्हें मुख्य रूप से संक्रमण और ठंडक से बचाना जरूरी होता है. कई बार सामान्य वायरल भी निमोनिया में तब्दील हो जाता है. इसलिए बच्चों को सर्दी-बुखार पर भी पूरी सर्तकता जरूरी है.**

### लक्षणों को करें मॉनिटर

जहां तक निमोनिया की बात है तो नाक बंद होना या बहना शुरुआती लक्षण हैं. बाद में हल्के पीले या हरे रंग का कफ आ सकता है. इसलिए चिकित्सक लक्षणों को मॉनिटर करने की सलाह देते हैं. गंभीर लगे तो तत्काल डॉक्टर को दिखाएं. वैसे निमोनिया के लक्षण के मुख्य लक्षणों में जुकाम के साथ ठंड लगना, कंपकंपी, तेज बुखार, पसीना, पेट के निचले हिस्से में दर्द, त्वचा का लाल होना, सांस लेने में परेशानी आदि लक्षण शामिल होते हैं. इसी तरह फ्लू के लक्षणों में शिशु को उल्टी-दस्त के साथ सिर, बदन गले और मांसपेशियों में दर्द की समस्या हो सकती है.

### अपनाएं ये उपाय

- **बच्चों को स्लिप सूट पहनाएं**
अक्सर छोटे बच्चे रात में सोते समय कंबल-रजाई पांव से फेंक देते हैं. बेहतर हो कि ऐसे बच्चों को् स्लिप सूट पहना कर सुलाएं. ऐसे में उन्हें ठंडक नहीं लगेगी. ऊपर से हल्का कंबल डालें. इन दिनों मार्केट में स्लिपिंग बैग भी उपलब्ध है. उसमें भी ऐसे बच्चे को सुला सकते हैं.

- **तापमान 20 डिग्री के आसपास**
यदि संभव हो तो बच्चों के कमरे का तापमान 20 डिग्री के आसपास रखें. इसके लिए सबसे पहले तो कमरे का तापमान सामान्य करें. फिर बच्चों को हल्के गर्म कपड़े पहनाएं. इसके बाद बच्चों के कमरे का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास रखें.

- **दिन में दो-तीन बार खोलें खिड़कियां**
बेशक ठंडी हवा से बचने के लिए हम इस खिड़कियों को बंद रखते हैं. लेकिन धूप होने पर दिन में जरूर खोल दें ताकि फ्रेश हवा अंदर आ सके. दिन में दो-तनी बार बीच-बीच में खिड़कियां कुछ देर के लिए जरूर खोलें जिससे वेंटीलेशन हो. कमरे की खिड़कियां रात में बंद रखें लेकिन रूम हीटर भी सावधानी के साथ ही इस्तेमाल करें.

- **कई लेयर में कपड़े पहनाएं**
अक्सर इस मौसम में छोटे बच्चों को मोटे-मोटे स्वेटर या जैकेट्स पहना देना चाहते हैं. लेकिन इसकी जगह बेहतर होगा कि हम कई लेयर में हल्के और पतले कपड़े पहनाएं. सबसे अंदर में सूती के पूरे बाजू का कपड़ा होना चाहिए ताकि बच्चे को खुजली न हो. अगर रात में बच्चे को पसीना आ रहा है तो एक लेयर कपड़ा कम कर दें. बच्चों को नर्म कपड़े ही पहनाएं.

- **हॉट वाटर बैग भी लगा सकते**
बच्चों को बिस्तर पर सुलाने से पहले वहां पर हॉट वाटर बैग या हीटिंग पैड भी रखा जा सकता है. इससे बिस्तर गर्म रहेगा. हाथ-पैरों को कवर करने के लिए दस्ताने और मोजे पहनाएं.

- **रोज करें मालिश**
अपने यहां बच्चों के मालिश की अच्छी परंपरा है. इससे ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और शरीर में गर्मी भी आती है. बच्चे को हल्के गर्म बादाम, ऑलिव या सरसों के तेल से नियमित मालिश करें.

- **प्रतिदिन नहाना जरूरी नहीं**
सर्दियों में छोटे बच्चे को रोज नहलाने से बचना चाहिए. इसकी जगह बेहतर होगा कि हल्के गर्म पानी में साफ सूती कपड़े डूबो और निचोड़ कर बच्चे के पूरे शरीर पर स्पॉन्ज करें और लगे हाथ दूसरे सूखे नर्म सूती कपड़े से पोंछते जाए. इसके तुरंत बाद बच्चे को हल्का मॉइश्चराइजर या बेबी क्रीम/लोशन लगा कर कपड़े पहना दें.

- **बीमार कर सकता गीला बिस्तर**
सर्दियों में बच्चा जब पेशाब करता है तो वो और उसका बिस्तर भीग सकता है. जिसमें थोड़ी देर रहने पर भी बच्चा ठंड के संपर्क में आ सकता है. इसलिए कोशिश करें कि बच्चे को डायपर पहना कर रखें ताकि बच्चा गीला होकर बीमार ना पड़े.



संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## ब्रीफ खबरें

### आंगनबाड़ी सेविका की सड़क हादसे में मौत

**गोपालगंज।** गोपालगंज में मांझागढ़ थाना क्षेत्र के मुर्गिया टोला गांव के पास एक अनियंत्रित मोटरसाइकिल सवार ने बाइक सवार पति-पत्नी को जोरदार धक्का मार दिया, जिससे बाइक सवार पति-पत्नी बुरी तरह जख्मी हो गए. हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से पति-पत्नी को तत्काल इलाज के लिए गोपालगंज सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान पत्नी की मौत हो गई. मृतका की पहचान माझागढ़ थाना क्षेत्र के कविलासपुर गांव निवासी असगर अली की 45 वर्षीय पत्नी हसबुननिसा के रूप में की गई है.

### पटना में छात्रा हत्याकांड में 4 आरोपी गिरफ्तार

**पटना।** मसौढ़ी में छात्रा हत्याकांड में एएसपी शुभम आर्य के नेतृत्व में पुलिस ने कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया है. बीते सोमवार को सुबह 8 बजे कोचिंग जाने के दौरान छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. पुलिस फिलहाल सभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है. बताया जाता है कि गिरफ्तार आरोपी निवास कुमार उर्फ फंटूश पिछले कई दिनों से छात्रा से दोस्ती करने के लिए दबाव बना रहा था, लड़की के लगातार विरोध करने के बाद निवास कुमार ने छात्रा की हत्या करने की साजिश रची और फिर उसे सरेराह उसे गोली मार दी.

### शिक्षा विभाग के डीईओ को किया निलंबित

**पटना।** शिक्षा विभाग ने जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिलेश कुमार को निलंबित कर दिया है. उनपर भ्रष्टाचार का आरोप लगा है. निगरानी विभाग की कार्रवाई में मिथिलेश कुमार के ठिकाने से कुछ 16 लाख कैश, पटना से नोएडा तक जमीन और फ्लैट के कागजात मिले थे. इसके बाद शिक्षा विभाग की ओर से यह कार्रवाई की गई. निगरानी की ओर से कहा गया है जिला शिक्षा पदाधिकारी, सीवान के विरूद्ध लगभग 87,08,054 रुपया का प्रत्यानुपातिक धनार्जन का कांड दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है.

कई योजनाओं का हुआ शिलान्यास, वहीं रघुनाथ झा की प्रतिमा का किया लोकार्पण, बोले सीएम-

# विशेष राज्य का दर्जा मिले तो 2 साल में गरीबी खत्म हो जाएगी

**संवाददाता। शिवहर**

सीएम नीतीश कुमार ने शिवहर जिले के सर्वांगीण विकास के लिए 76.36 करोड़ रुपए की लागत से पांच योजनाओं का शुभारंभ एवं लोकार्पण किया है. इस दौरान सीएम ने कहा कि उन्होंने सभी वर्गों के हित के लिए काम किया है और आगे भी करेंगे. इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए बिहार के विकास के लिए रुपए नहीं देने का आरोप लगाया.

मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से सरकारी कार्यक्रम के तहत शिवहर पहुंचे. जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया. यहां पहुंचने के बाद सबसे पहले उन्होंने समाहरणालय स्थित जिला के जनक पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रघुनाथ झा की 15 लाख से बनी प्रतिमा का लोकार्पण किया. उसके बाद अतिथि भवन में 3 करोड़ 37 लाख की लागत से 6 कमरों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. फिर बस स्टैंड स्थल पहुंचकर उन्होंने 3 करोड़ 68 लाख रुपए की लागत से न्यू बस स्टैंड और शहर के जलजमाव निकासी के लिए 60 करोड़ 16 लाख रुपए के लागत से (स्ट्रार्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम) योजना का शिलान्यास किया. वहीं देकुली धाम के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के लिए 11.98 करोड़ रुपए की लागत से बनाने के लिए योजना का शिलान्यास किया.



**केंद्र से विशेष राज्य का दर्जा मिले :** इस दौरान मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि केंद्र सरकार अगर बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दे देगी तो 2 साल में गरीबी खत्म हो जाएगी.

वहीं उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार बिहार के विकास के लिए रुपए खर्च नहीं करती है. उन्होंने कहा कि सरकार बिहार की मदद कर रही है, लेकिन स्थिति यह है कि योजनाओं का 40% खर्च भी बिहार सरकार को करना पड़ता है. मुख्यमंत्री ने अनुसूचित जाति के लोगों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की चर्चा की.

## आओ जानें

### जानें बिहार के बारे में

- राज्य का नाम –बिहार, ऐसा माना जा ता है कि इस क्षेत्र में बौद्ध मठों (विहारों) रों की अधिकता के कारण, इस क्षेत्र का नाम बिहार पड़ा. उल्लेखनीय है कि यह क्षेत्र प्राचीन समय में बौद्ध धर्म का प्रमुख केंद्र रहा है.
- राज्य की स्थापना (बिहार दिवस) –22 मार्च, 1912
- राज्य की राजधानी –पटना (प्राचीन समय में पाटलिपुत्र, पुष्पपुर, कुसुमपुर तथा अजीमाबाद इसके अन्य नाम रहे हैं.
- राज्य की भौगोलिक स्थिति –2420'10 से 2731'15 उत्तरी अंक्षाश तथा 8319'50₹ से 8817'40₹ पूर्वी देशांतर के मध्य.
- राज्य का क्षेत्रफल –94,163 वर्ग किमी. (देश का 13वां बड़ा राज्य)
- उत्तर से दक्षिण की लंबाई –345 किमी.
- पूर्व से पश्चिम की लंबाई –483 किमी.
- राज्य की सीमा से लगे राज्य –3 (पश्चिम बंगाल (पूर्व), उत्तर प्रदेश (पश्चिम) तथा झारखंड (दक्षिण) .

औरंगाबाद के ढिबरा थाना क्षेत्र में हुआ घटना

# लकड़ी लोड ट्रैक्टर खाई में पलटा, दो लोगों की मौत

**संवाददाता। पटना**

औरंगाबाद में सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई. घटना देव प्रखंड में ढिबरा थाना क्षेत्र के वन मझौली गांव के बिहारी चौक के पास की है. गुरुवार को लकड़ी लदे ट्रैक्टर के नहर में पलटने से वाहन पर सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. मरने वालों में एक की पहचान नहीं हो पाई है. दूसरे की पहचान ढिबरा थाना के तेंदुई टोले आजाद बिगहा निवासी स्व. भदई राम के पुत्र राजेश्वर राम (30) के रूप में की गई है. इधर, घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची ढ़िबरा थाना की पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेजा है. बताया जाता है कि ट्रैक्टर वन मंझौली के पास से थेथर की लकड़ी लेकर चली थी कि रास्ते में बिहारी चौक के पास वाहन अनियंत्रित होकर नहर में जा पलटा. वाहन को पलटते देख आसपास के ग्रामीण दौड़ पड़े और उन्होंने पलटे हुए ट्रैक्टर के नीचे दबे दोनों लोगों को बाहर निकाला. हालांकि बाहर निकाले जाने तक दोनों की मौत हो चुकी थी.



### ट्रैक्टर ने बाइक सवार तीन युवक को कुचला, एक की मौत

**गोपालगंज।** गोपालगंज जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ. जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के बामों गांव के पास एनएच 27 पर गन्ना लदे ट्रैक्टर ने एक बाइक को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दो युवक बुरी तरह जख्मी हैं. दोनों को गोपालगंज सदर अस्पताल में तत्काल इलाज के बाद पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया. फिलहाल दोनों घायलों का इलाज पीएमसीएच में चल रहा है. वहीं पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए गोपालगंज सदर अस्पताल भेज दिया. मृतक की पहचान सिवान जिले के बसंतपुर थाना क्षेत्र के बलेथरा गांव निवासी रामकिशोर राम के 35 वर्षीय पुत्र उदय कुमार के रूप में की गई. वहीं घायलों में बुलेट राम और मुन्ना ठाकुर शामिल है. दरअसल घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि बलेथरा गांव से बारात निकली थी. बारात में शामिल होने के लिए एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर गांव के तीन युवक निकले थे. इसी बीच जैसे ही बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के बामों गांव के पास पहुंचे तभी गन्ना लदे एक ट्रैक्टर ट्राली ने अचानक टर्न ले लिया. जिससे अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल सवार तीनों युवक वाहन की चपेट में आ गए.



# अग्निवीर जवान की संदिग्ध हालत में मौत

**संवाददाता। छपरा**

सीवान निवासी अग्निवीर जवान प्रदीप कुमार यादव की संदिग्ध मौत हो गई. वह जम्मू-कश्मीर के अखनूर के टांडा क्षेत्र में 10 आर्टिलरी ब्रिगेड के 24 फील्ड रेजिमेंट की सेंट्री पोस्ट पर तैनात था. मंगलवार रात को अचानक गोली चलने की आवाज आई. आसपास के जवान गए तो देखा कि अग्निवीर जवान जमीन पर गिरा हुआ था. उसे गोली लगी हुई थी. घटना के बाद जवान को एमएचए अखनूर लाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया.

**पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार :** मृत जवान की पहचान सीवन के दरौली थाना क्षेत्र के दोन गांव के रहने वाले शंभू यादव के पुत्र प्रदीप कुमार यादव (21) के रूप में हुई. इधर, मामले की मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और पड़ताल शुरू की. वहीं, सेना ने क्षेत्र में आसपास के गांवों में और अखनूर-पुंछ राष्ट्रीय राजमार्ग पर देर रात तक तलाशी अभियान भी चलाया. मामले में अभी तक सेना या पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है. पुलिस के अनुसार, मृत जवान का पोस्टमार्टम किया जाएगा. उसके बाद जांच में ही स्थिति स्पष्ट होगी.



### कोर्ट जा रहे आरटीआई कार्यकर्ता की हत्या

**पटना।** बेतिया में आरटीआई कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई. घटना मनुआपुल ओपी थाना क्षेत्र के दुबवलिया गांव के सरेह की है. अपराधियों ने धारदार हथियार से हमलाकर आरटीआई कार्यकर्ता को मौत के घाट उतार दिया. आसपास के लोगों की भीड़ लग गई. इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. मृतक की पहचान चनपटिया थाना क्षेत्र के पुरैना गोसाई टोला हारुन मियां के रूप में की गई. परिजनों का कहना है कि हारुन मियां रोजाना की तरह अपने घर से चनपटिया से बेतिया व्यवहार न्यायालय काम करने जाते थे.

## मिड डे मील खाकर कई बच्चों की बिगड़ी तबीयत, भर्ती

**संवाददाता। सहरसा**

बिहार में मिड डे मील योजना की स्थिति बदतर है. सरकारी स्कूलों में नौनिहालों को मिलने वाले एमडीए में आये दिन कीड़े-मकौड़े, छिपकली, सांप आदि मिलते हैं. या फिर इसको खाने से बच्चे बीमार पड़ जाते हैं. ताजा मामला सहरसा के महिषी प्रखंड के महिषी दक्षिणी पंचायत स्थित मध्य विद्यालय भागवतपुर का है. जहां मिड डे मिल खाकर 12 से अधिक बच्चे बीमार पड़ गये. सभी को उल्टी और पेट दर्द की शिकायत के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है. बताया जाता है कि स्कूल के 190 बच्चों ने दोपहर में मीड डे मिल का खाना खाया था. छुट्टी के बाद जब बच्चे अपने घर पहुंचे तो उनके पेट में दर्द होने लगा और कुछ को दस्त (उल्टी) भी शुरू हो गया. बच्चों की तबीयत बिगड़ता देख परिजन परेशान हो गये. इसके बाद स्थानीय लोगों ने वरीय अधिकारियों को घटना की जानकारी दी. सूचना पाकर महिषी थाना की पुलिस ने गांव पहुंची और सभी बीमार बच्चों को सीएचसी में भर्ती करवाया, जहां उनका इलाज चल रहा है. डॉ आर आर महतो के अनुसार, इलाज के बाद सभी बच्चों की तबीयत ठीक है.

## कारोबार

### डोम्स इंडस्ट्रीज को मिला पूर्ण अभिदान

**नयी दिल्ली।** पेंसिल निर्माता कंपनी डोम्स इंडस्ट्रीज के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम को बुधवार को खुलने के कुछ घंटे में ही पूर्ण अभिदान मिल गया. एनएसई पर दोपहर एक बजकर 24 मिनट पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 1,200 करोड़ के आईपीओ को 88,37,407 शेयरों के मुकाबले 2,76,23,106 बोलियां मिलीं. यानी उसे 3.13 गुना अभिदान मिला. डोम्स इंडस्ट्रीज का आईपीओ बुधवार को खुला, जो शुक्रवार को बंद होगा. कंपनी ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए 750-790 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायर तय किया है.

### डोम्स इंडस्ट्रीज ने जुटाए 538 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली।** पेंसिल निर्माता कंपनी डोम्स इंडस्ट्रीज ने अपने एंकर निवेशकों से 538 करोड़ रुपये जुटाए हैं. बीएसई की वेबसाइट पर जारी किए गए परिपत्र के अनुसार, कंपनी ने 790 रुपये के उच्च मूल्य पर 55 कोषों को 68.07 लाख इक्विटी शेयर आवंटित किए हैं. इस बीच, डोम्स इंडस्ट्रीज का आईपीओ बुधवार को खुला, जो शुक्रवार को बंद होगा. कंपनी ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 750-790 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायर तय किया है.

### आईपीओ के लिए 340 रुपये प्रति शेयर तय

**नयी दिल्ली।** सूरज एस्टेट डेवलपर्स ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए प्रति शेयर 340 से 360 रुपये का मूल्य दायरा तय किया है. मुंबई स्थित कंपनी का आईपीओ 18 दिसंबर को खुलेगा और 20 दिसंबर को बंद होगा. कंपनी का आईपीओ पूरी तरह से 400 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयर का है. इसमें कोई बिक्री पेशकश (ओएफएस) नहीं है. आईपीओ से जुटाई गई राशि का इस्तेमाल कंपनी और उसकी अनुषंगी कंपनियों एकॉर्ड एस्टेट्स तथा आइकॉनिक प्रॉपर्टी डेवलपर्स द्वारा लिए गए ऋण के भुगतान और भूमि अधिग्रहण के लिए किया जाएगा.

अडाणी समूह का लक्ष्य 2050 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जक बनना है

# हरित ऊर्जा बदलाव पर करेगा 100 अरब डॉलर करेगा निवेश

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

उद्योगपति गौतम अडाणी कर अगुवाई वाला अडाणी समूह अगले 10 साल में अपने बंदरगाह, बिजली और सीमेंट परिचालन में हरित ऊर्जा बदलाव के लिए 100 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगा. समूह का लक्ष्य 2050 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जक बनना है. समूह की ओर से जारी बयान के अनुसार, ऊर्जा बदलाव हासिल करने की दिशा में उसकी कंपनियां अगले दशक में 100 अरब डॉलर का निवेश करेंगी. इसमें से 70 प्रतिशत निवेश स्वच्छ ऊर्जा के लिए होगा.

समूह ने अपनी पांच कंपनियों अडाणी ग्रीन एनर्जी, अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड, एसीसी और अंबुजा सीमेंट्स के लिए 2050 या उससे पहले शुद्ध शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने की योजना बनाई है.




उद्योगपति गौतम अडाणी नीत समूह सक्रिय रूप से नवीकरणीय ऊर्जा की 'सोर्सिंग' कर रहा है.

समूह संचालन का विद्युतीकरण का रहा है और जैव ईंधन को अपना रहा है. इसके साथ ही 'वेस्ट हीट रिकवरी' और ऊर्जा भंडारण प्रौद्योगिकियों को तैनात कर रहा है. वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही के लिए अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस की अनुषंगी कंपनी अडाणी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई ने समग्र मिश्रण में अपनी नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) हिस्सेदारी को प्रभावशाली 38.3 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है. अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस को अग्रणी ईएसजी वैश्विक प्रदर्शन रेटिंग एजेंसी सीएसआरएचयूबी से 86 प्रतिशत अंक मिले हैं. इसके साथ ही एईएसएल का स्कोर 911 कंपनियों के इलेक्ट्रिक तथा गैस यूटिलिटीज उद्योग के औसत से आगे रहा. अडाणी पोर्ट 2040 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जक बनने की राह पर है.

### भारत में निवेश के अपार अवसर: गोयल

**नयी दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि विदेशी निवेशकों को भारत में कारोबार के अवसर तलाशने चाहिए. उन्होंने कहा कि भारत एक बड़ा घरेलू बाजार है और यहां निवेश के अनुकूल माहौल है. मंत्री ने कहा कि कुशल श्रम की उपलब्धता, सभी निवेशकों के साथ समान व्यवहार और आकांक्षी युवा आबादी के चलते यहां निवेश करना लाभप्रद है. उन्होंने एक निवेश सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, भारत में निवेश के अवसर बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं और निवेश पर अच्छा प्रतिफल मिल रहा है. मैं आपको पूर्वोत्तर राज्यों तथा जम्मू-कश्मीर में संभावनाएं तलाशने के लिए भी आमंत्रित करता हूं. उन्होंने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद निर्यात भी बढ़ रहा है.

## मर्सिडीज-बेंज की कारें एक जनवरी से 2% तक होंगी महंगी



**एजेंसी। नयी दिल्ली**

जर्मनी की लक्जरी कार विनिर्माता कंपनी मर्सिडीज-बेंज कच्चे माल, जिंस और लॉजिस्टिक्स की बढ़ती लागत को आंशिक रूप से कम करने के लिए नए साल यानी एक जनवरी से भारत में चुनिंदा मॉडल की कीमतों में दो प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करेगी. कीमतों में बढ़ोतरी सी-क्लास के लिए 60,000 रुपये से लेकर जीएलएस एसयूवी के लिए 2.6 लाख रुपये और 'टॉप-एंड' आयातित मर्सिडीज-मेबैक एस 680 के लिए 3.4 लाख रुपये तक होगी.

मर्सिडीज-बेंज के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने कहा कि बढ़ती लागत की भरपाई करने और लाभदायक कारोबारी संचालन तथा मूल्य स्थिति को बनाए रखने के लिए चुनिंदा मॉडल की कीमतें मामूली रूप से बढ़ाई जाएंगी. उन्होंने कहा, हम इस वृद्धि का अधिकतर भार खुद उठाएंगे, लेकिन इसका कुछ भार बाजार पर भी डाला जाएगा. मर्सिडीज-बेंज इंडिया ए-क्लास सेडान से लेकर एसयूवी जी63 एएमजी तक बेचती है. कंपनी के विभिन्न मॉडल की कीमत 46 लाख रुपये से 3.4 करोड़ रुपये तक है.

**खास बातें**

- चुनिंदा मॉडल की कीमतें मामूली रूप से बढ़ाई जाएंगी
- सीईओ बोले–हम इस वृद्धि का अधिकतर भार खुद उठाएंगे

### टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी संयंत्र लगाएगी

**नयी दिल्ली।** टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी ने बुधवार को कहा कि उसने 13.2 मेगावाट क्षमता का सौर संयंत्र लगाने के लिए समझौता किया है. कंपनी ने यह समझौता डॉ. अभय फिरोदिया ग्रुप ऑफ कंपनीज...फोर्स मोटर्स लि. और जया हिंद इंडस्ट्रीज प्राइवेट लि. के साथ किया है. इसके तहत टाटा पावर रिन्यूएबल समूह की कंपनियों के इस्तेमाल के लिए सौर संयंत्र लगाएगी. कंपनी ने बयान में कहा, टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लि. (टीपीआरईएल) ने 'ग्रुप कैप्टिव' यानी समूह की कंपनियों के उपयोग की योजना के तहत 25 साल के लिए हरित बिजली की आपूर्ति को लेकर डॉ. अभय फिरोदिया ग्रुप ऑफ कंपनीज - फोर्स मोटर्स लिमिटेड और जया हिंद इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के साथ बिजली आपूर्ति समझौता (पीडीए) किया है. महाराष्ट्र के आचेगांव में स्थित इस सौर संयंत्र की क्षमता 13.2 मेगावाट होगी. इससे सालाना 2.9 करोड़ यूनिट बिजली उत्पन्न होगी. इससे प्रतिवर्ष लगभग 21,200 टन कार्बन उत्सर्जन कम होने की उम्मीद है. यह परियोजना बिजली वितरण समझौते पर हस्ताक्षर होने के 12 महीने के भीतर पूरी करने की योजना है. टीपीआरईएल समूह की कंपनियों के उपयोग के लिये सौर संयंत्र के विकास, प्रबंधन और रखरखाव का जिम्मा संभालेगी.

**सहायता** श्रीलंका को फिर मिली आईएमएफ से मदद, मिलेगी थोड़ी राहत

# अर्थव्यवस्था को स्थिर करने के लिए देगा 33.7 करोड़ डॉलर

**एजेंसी। कोलंबो**

श्रीलंका पिछले कुछ साल से कई मोर्चों पर चुनौतियों का सामना कर रहा है. देश में आर्थिक संकट के कारण भोजन, बिजली और ईंधन की कमी हो गई है. पिछले साल श्रीलंका अपने कर्ज चुकाने के दायित्वों से चूक गया, जिसकी वजह से अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ उसे तीन अरब यूरो का बेलआउट सौदा करना पड़ा था. अब एक बार फिर देश ने आईएमएफ की ओर सहायता की नजर से देखा है. इसी को लेकर आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड ने श्रीलंका के साथ 48 महीने की विस्तारित कोष सुविधा के तहत पहली समीक्षा पूरी कर ली है. साथ ही फैसला लिया है कि नकदी संकट से जूझ रहे देश को व्यापक आर्थिक व ऋण स्थिरता बहाल करने के लिए करीब 33.7 करोड़ डॉलर की सहायता दी जाएगी.



**गोपनीय आधार पर किया गया ऋण पुनर्गठनः** श्रीलंका के वरिष्ठ मिशन प्रमुख पीटर ब्रेउर ने बताया कि आईएमएफ द्वारा 2.9 अरब डॉलर जारी करने की पहली समीक्षा को समाप्त करने के लिए चीन के साथ ऋण पुनर्गठन का काम बहुत ही गोपनीय आधार पर किया गया. श्रीलंका ने चीन से काफी कर्ज लेकर रखा है. उसे अपने कुल ऋण का 52 प्रतिशत हिस्सा चीन को देना है.

### दूसरी किश्त जारी

ब्रेउर ने मंगलवार को बताया, ''सैद्धांतिक रूप से चीनी समझौता श्रीलंका की ऋण पुनर्गठन वार्ता के लिए बेहद अच्छी खबर है. हमने अधिकारियों द्वारा गोपनीय आधार पर साझा किए गए समझौते की शर्तों का पढ़ा है.'' आईएमएफ ने मंगलवार देर रात समीक्षा पूरी की और द्वीप राष्ट्र को 33.7 करोड़ डॉलर की दूसरी किश्त जारी करने की मंजूरी दे दी. इससे चार साल की सुविधा में संवितरण मूल्य 67 करोड़ डॉलर हो गया.

## सेवा निर्यात 192 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचा : एसईपीसी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

चालू वित्त वर्ष में अभी तक देश का सेवा निर्यात 192 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है. इसके 2023-24 के अंत तक 400 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है. एसईपीसी ने बुधवार को यह बात कही. सेवा निर्यात संवर्धन परिषद (एसईपीसी) के अनुसार, प्रमुख क्षेत्र जो स्वस्थ वृद्धि दर दर्ज कर रहे हैं उनमें दूरसंचार, कंप्यूटर, सूचना और परिवहन एवं यात्रा शामिल हैं. परिषद क्षेत्र की वृद्धि को गति देने के लिए रणनीति भी तैयार कर रहा है. परिषद ने कहा, नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार सेवा क्षेत्र ने 400 अरब अमेरिकी डॉलर के लक्ष्य में से 191.97 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का लक्ष्य हासिल कर लिया है. एसईपीसी के चेयरमैन कारन राठौर ने कहा, एसईपीसी में हमारा मकसद स्पष्ट है, 2024 तक भारत के सेवा क्षेत्र को 400 अरब अमरीकी डॉलर और 2030 तक 1000 अरब अमरीकी डॉलर का सेवा निर्यात हासिल करने के लक्ष्य से आगे बढ़ना है. सेवा निर्यात संवर्धन परिषद की स्थापना वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने की है. इसका काम वैश्विक व्यापार अवसरों को सुविधाजनक बनाना है.



# मजदूरों को बचाने के लिए हर्ल में एनडीआरएफ ने किया मॉकड्रिल

**संवाददाता। सिंदरी**

हर्ल सिंदरी खाद कारखाना में अमोनिया सहित अन्य केमिकल पदार्थों के लिकेज होने पर कार्यरत मजदूरों को सुरक्षित बचाने को लेकर जिला प्रशासन की उपस्थिति में 9 बटालियन एनडीआरएफ की टीम द्वारा मॉकड्रिल किया गया. इसमें झारखंड अग्निशमन विभाग की टीम भी शामिल थी. मॉकड्रिल के निरीक्षण में जिला आपदा पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता नंद किशोर गुप्ता और जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी संजय कुमार झा मौजूद थे.



**उपकरणों की कोई कमी नहीं :** जिला अपर समाहर्ता ने बताया कि सिंदरी सहित इसके आसपास में कार्यरत कंपनियों को इस मॉकड्रिल में आमंत्रित किया गया था. रसायन से होने वाले आपदाओं पर नियंत्रण के लिए यह कार्यक्रम चलाया गया. उन्होंने कहा कि हर्ल खाद कारखाना के पास सुरक्षा उपकरणों में कोई कमी नहीं है. इनके पास 3 फायर ट्रक, एंबुलेंस सहित सुरक्षा के अधिकारी भी मौजूद हैं. रांची से आई 9 बटालियन एनडीआरएफ की टीम का नेतृत्व कर रहे जितेश कुमार ने बताया कि बिहार और झारखंड में यह टीम राष्ट्रीय आपदा में कार्य कर रही है. केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजी और न्यूक्लियर पदार्थों से होनेवाले आपदाओं में यह अपनी भूमिका निभा रही है. इस टीम द्वारा मॉकड्रिल कर तीन श्रमिकों को अमोनिया लीकेज से सुरक्षित निकालकर दिखाया है. इसमें डिटेक्शन टीम ने सबसे पहले आपदा में फंसे श्रमिकों को देखा.

### दो श्रमिकों को रेस्क्यू किया

इवेक्यूएशन टीम ने उन्हें निकालने में मदद की और डी कन्टामिनेशन टीम ने उन्हें स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का काम कर मॉकड्रिल किया. इस मॉकड्रिल में सबसे पहले झारखंड अग्निशमन विभाग की टीम ने फायर आफिसर सुमंत सिंह चौहान और सहायक फायर आफिसर मो. फरीद की उपस्थिति में लीकेज से दूर घायल दो श्रमिकों को रेस्क्यू किया. हर्ल मेंटेनेंस की टीम ने मेंटेनेंस को भी दर्शाया. मॉकड्रिल में मुख्य रूप से जिला प्रशासन की ओर से जिला आपदा पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता नंद किशोर गुप्ता, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी संजय कुमार झा, हर्ल सिंदरी हेड सुरेश प्रमाणिक, टेक्निकल हेड गौतम माझी, फैक्ट्री प्रबंधक सह हर्ल एच आर हेड संत सिंह, हर्ल सीएसओ कर्नल मिश्रा, सुरक्षा पदाधिकारी अरुण उदगता सहित कई अधिकारी मौजूद थे.

## आओ जानें
## सामान्य ज्ञान

- रांची में एचईसी का कारखाना किस देश के सहयोग से लगाया गया हैं – चेकोस्लोवाकिया
- किन चट्टानों को धात्विक खनिज का भंडार कहा जाता हैं–धारवाड़ युगीन
- किस देश के सहयोग से रांची में "फाउंड्री फोर्ज संयन्त्र कारखाना" स्थापित किया हैं– पूर्व चेकोस्लोवाकिया
- झारखंड में किस नदी पर तिलैया जल विद्युत परियोजना स्थापित हैं – बराकर
- राज्य में चांडिल जलविद्युत योजना किस नदी पर हैं – स्वर्ण रेखा
- झारखंड राज्य में राजमहल ट्रैप कहा स्थित हैं – उत्तर-पूर्वी भाग में
- झारखंड में सर्वाधिक कौन-सा शैल पाया जाता हैं – आर्कियन शैल
- राजमहल ट्रैप की औसत ऊंचाई कितनी हैं – 400 मीटर

## ब्रीफ खबरें

### परिवार नियोजन की सेवा जल्द होगी बहाल

**धनबाद।** नगर आयुक्त रवि राज शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को नगर निगम कार्यालय में नगर स्तरीय अंतर्विभागीय अभिसरण समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया. इस अवसर पर नगर आयुक्त ने अर्बन स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए सभी विभागों को समन्वय स्थापित कर एक साथ काम करने का निर्देश दिया. वहीं अर्बन प्राइमरी हेल्थ सेंटर बसेरिया, हेल्थ वेलनेस सेंटर गोधर, अटल क्लिनिक डुमरहा में पानी की सप्लाई के लिए पीएचईडी से सहयोग मांगा गया.

### वार्षिक खेलकूद में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**बलियापुर (धनबाद)।** लायंस एसएसबीबी स्कूल ऑफ लर्निंग प्रधानखंता में बुधवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता हुई. प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभाग का प्रदर्शन किया. जलेबी रेस, दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद समेत अन्य इवेंट्स में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया. प्रतिभागियों में श्वेता कुमारी, सिमरन कुमारी, खूशबू कुमारी व अब्दुल मन्नान अव्वल रहे. आयोजन में प्राचार्य एसके राय, दिनेश सिंह, राकेश रोशन कुमार, दीपक दास, चंपा कुमारी, सरिता, यशोदा, सलमा खातून, काली चरण महतो आदि का सराहनीय योगदान रहा.

### अल्पसंख्यकों का अधिकार सुनिश्चित करें

**रांची।** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यकों तक पहुंचे एवं किसी भी स्तर पर अल्पसख्यकों के साथ भेद-भाव व अधिकारों का हनन न हो, यह सुनिश्चित करना आयोग की पहली प्राथमिकता है. वह धुर्वा स्थित आयोग कार्यालय पर पत्रकारों से रूबरू होते हुए बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों के समुचित विकास के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं.

### विवाह भवन निर्माण का भूमि पूजन हुआ

**बरोरा।** दानवीर भामाशाह ट्रस्ट के सौजन्य से मुराईडीह हटिया बाजार के समीप भामाशाह विवाह भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन व शिलान्यास बुधवार को किया गया. ट्रस्ट के सैकड़ों सदस्यों की उपस्थिति में विधिवत पूजा-अर्चना की गई. मुख्य यजमान के तौर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष दीपक प्रसाद, कोषाध्यक्ष अरुण खेदु, ,तेली कल्याण समिति के प्रखंड अध्यक्ष राजाराम महतो, प्रखंड प्रमुख गीता देवी, पालचंद साव, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि बैजनाथ प्रसाद, धनबाद मुखिया संघ अध्यक्ष प्रतिनिधि धनेश्वर महतो आदि ने भूमिपूजन किया.

### 187 पदाधिकारियों के नामों की हुई घोषणा

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता देवशरण भगत ने केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में केंद्रीय पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की. सुदेश कुमार महतो अध्यक्ष के पुनः बनाए गए. पार्टी के 6 उपाध्यक्ष 35 जनरल सेक्रेटरी बनाए गए हैं. देवशरण भगत ने कहा 29, 30 सितंबर व 1 अक्टूबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित पार्टी के केंद्रीय महाधिवेशन में राज्य के नवनिर्माण के लिए गए नवसकल्पों के तहत बुधवार को केंद्रीय पदाधिकारियों की घोषणा हुई. केंद्रीय पदाधिकारी केंद्रीय सदस्यों और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम करेंगे.

### सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष ने सरयू राय पर साधा निशाना

# निर्माण कार्य को लेकर अब शुरू हुआ वाकयुद्ध

**संवाददाता। जमशेदपुर**

सिदगोड़ा सूर्य मंदिर परिसर के आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक स्थल शंख मैदान समेत मंदिर परिसर में वॉलीबॉल, बास्केटबॉल एवं अन्य खेलकूद स्थल के निर्माण कार्य को लेकर सूर्य मंदिर समिति ने विधायक सरयू राय व उनके समर्थकों पर गलत बयानबाजी और अफवाह फैलाने का आरोप लगाया है. बुधवार को सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने प्रेस-विज्ञप्ति जारी कर कहा कि विधायक सरयू राय सूर्य मंदिर समिति पर झूठे और बेबुनियाद आरोप लगाकर अपनी धर्म विरोधी कृत्यों को छुपाना चाह रहे हैं.

उन्होंने कहा कि वर्षों से परिसर में विधमान मंदिरों के साथ पूरे मंदिर परिसर के समुचित रखरखाव और सुरक्षा को लेकर पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है. जमशेदपुर की पूरी जनता जानती है कि 20 वर्षों में मंदिर परिसर के पांच एकड़ की जमीन पर कई मंदिरों की स्थापना के साथ दो भव्य छठ घाट एवं बच्चों के लिए आकर्षक चिल्ड्रन पार्क बनाया गया है. ऐसे में किसी भी प्रकार के जमीन कब्जा करने की बात पूरी तरह से आधारहीन है. उन्होंने कहा कि विधायक सरयू राय शहर के प्रसिद्ध आध्यात्मिक स्थल को खेल के मैदान में बदलकर इसकी सुंदरता को नष्ट करने की साजिश कर रहे है.



भूपेंद्र सिंह और चंद्रगुप्त सिंह.

### सूर्यधाम किसी की निजी संपति नहीं : चंद्रगुप्त सिंह

वहीं, सूर्य मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह ने विधायक सरयू राय द्वारा उनके व मंदिर समिति के ऊपर बेबुनियाद आरोप को उनकी बौखलाहट बताते हुए इसे निंदनीय बताया. उन्होंने कहा कि सूर्य मंदिर समिति के तत्कालीन मुख्य संरक्षक रघुवर दास और वे स्वयं सूर्य मंदिर एवं पूरे परिसर को विकसित करने के साक्षी रहे हैं. सूर्य मंदिर परिसर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, मंदिर समिति के प्रयासों और जमशेदपुर की धर्मप्रेमी जनता के सहयोग का अटूट प्रतीक है. चंद्रगुप्त सिंह ने कहा कि सारा शहर इस बात से भली-भांति वाकिफ है कि जमीन कब्जा कौन करता है और जमीन कब्जा करने वाले गिरोह को संरक्षण कौन देता है. सूर्यधाम किसी की निजी संपत्ति नहीं है, बल्कि यह धर्मप्रेमी जनता के सहयोग से बनी एक आध्यात्मिक स्थल है. सूर्य मंदिर समिति किसी भी कीमत पर सूर्य मंदिर की आध्यात्मिक पहचान को मिटने और नष्ट होने नही देगी.

# होल्डिंग टैक्स को लेकर नगर निगम ने की सख्ती

**संवाददाता। आदित्यपुर**

आदित्यपुर नगर निगम के प्रशासक आलोक कुमार के निर्देश पर बुधवार की शाम निगम की जांच दल के द्वारा होल्डिंग टैक्स के बड़े बकायेदारों के संपत्ति का का भौतिक सत्यापन किया गया एवं प्रॉपर्टी ऑनर को को डिमांड सौंपा गया है. इस अभियान में सहायक नगर आयुक्त शंभू प्रसाद कुशवाहा ने बड़े डिफाल्टर अभय सिंह को होल्डिंग टैक्स जमा करने के लिए प्रेरित किया, साथ ही उनके दिसंबर के अंत तक टैक्स जमा नहीं होने की स्थिति में उक्त प्रॉपर्टी डीलर पर चल रहे होटल एवं अन्य दुकानों को सील करने की चेतावनी दी गई. अभय सिंह पर होल्डिंग टैक्स का 4 लाख 62 हजार से ज्यादा टैक्स का बकाया है. आज भौतिक सत्यापन के क्रम में उनके यहां भाड़े पर चल रहे दुकान, टीवीएस मोटर के वर्कशॉप का ट्रेड लाइसेंस नहीं होने पर उनपर अतिरिक्त 4 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया. अभय सिंह के द्वारा निगम के साफ सफाई नहीं कराने का प्रश्न किया गया. इसपर तत्काल निगम के सफाई टीम द्वारा गली में बिखरे हुए कचरा को उठवा लिया गया. सहायक अपर नगर आयुक्त ने निगम के सुविधाओं को दुरुस्त की हामी भरी एवं टैक्स समय पर भरने की अपील की. वाहीन मुख्य मार्ग पर स्थित राय गेस्ट हाउस का होल्डिंग रीअसेसमेंट नहीं कराने का मामला प्रकाश में आया.

# पूर्व मध्य रेलवे के दो और तीन कर्मियों को मिलेगा पुरस्कार

**धनबाद ।** पूर्व मध्य रेलवे के दो अधिकारी और तीन कर्मियों को रेलमंत्री अवार्ड दिया जाएगा. 15 दिसंबर को नयी दिल्ली में 68वें रेल सप्ताह समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा. रेलवे सूत्रों के अनुसार धनबाद रेल मंडल के शक्तिनगर में लोको पायलट सतीश कुमार चौधरी, धनबाद मंडल में सीनियर सेक्शन इंजीनियर, सिग्नल के पद पर कार्यरत आनंद कुमार चौरसिया, सोनपुर मंडल के खगड़िया में ट्रैक मेंटेनर पद पर कार्यरत सूर्य देव उरांव, बरकाकाना में डिविजनल ट्रैफिक मैनेजर कुमार अंकित, पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण) रामेश्वर सिंह का चयन किया गया है. धनबाद मंडल अंतर्गत शक्तिनगर में लोको पायलट पद पर कार्यरत सतीश चौधरी अनपरा-करेला रोड रेलखंड के बीच वैगन के अनकपलिंग के कारण जाम होने से रुकी वैगन को ठीक किया गया. कॉक को अलग कर सीबीसी को जोड़कर रिसाव को रोका. जिससे ट्रेनों की आवाजाही बहाल हो गई. पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में उप मुख्य इंजीनियर रामेश्वर सिंह द्वारा कर्मनाशा और सैयद रजा रेलखंड पर एलएचएस 69 कार्य को समय के भीतर पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान रहा. आनंद कुमार चौरसिया, सीनियर सेक्शन इंजीनियर धनबाद मंडल सिग्नल फेल्योर की घटनाओं को 539 से घटाकर 219 तक स्थिर करने मे सफल रहे हैं.

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

# 68 हजार का हुआ निपटारा 64 प्रतिशत रह गए पेंडिंग

**संवाददाता। धनबाद**

राज्य की कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए 24 नवंबर से जिले में चल रही आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में लोग रुचि ले रहे हैं. हर औसतन 10- 15 हजार आवेदन जमा हो रहे हैं. लेकिन आवेदन के निष्पादन की गति धीमी है. जिला प्रशासन की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार 12 दिसंबर तक कुल 15 दिन वार्ड और पंचायत में शिविर लगाए गए हैं. उनमें 1 लाख 88 हजार 661 आवेदन आए हैं, जिनमें से 68 हजार 333 आवेदन का ऑन द स्पॉट निस्पादन हुआ है. यानी शिविर में कुल 36% आवेदनों का ही निष्पादन हुआ है.

**अबुआ आवास योजना के सर्वाधिक आवेदन :** शिविर में हर दिन 20 से अधिक अलग अलग स्टॉल लगाए जा रहे हैं, जिसमें अबुआ आवास योजना के लिए 66 हजार 545 आवेदन 12 दिसंबर तक प्राप्त हुए है, जो सभी योजनाओं से सर्वाधिक है. इसके अलावा युवा शिक्षा हेतू गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना में भी रुचि दिखा रहे है.

### 64 प्रतिशत आवेदन अधर में लटका

ऑन द स्पॉट आवेदनो के निपटारे के अलावा शिवर में आवेदनों की ऑनलाइन इंट्री भी हो रही है. सरकारी आंकड़ों के अनुसार 1 लाख से अधिक आवेदनों की ऑन लाइन इंट्री हो चुकी है. इनमें से शिविर में ही 68 हजार 333 आवेदनों का निपटारा हो चुका है. लेकिन शेष बचे आवेदनों की क्या स्थिति है, कितने दिनों में इसका समाधान होगा.

### भुइयांडीह व बर्मामाइंस की बस्तियों में हुआ सर्वे

# मिलेगी टीएसयूआईएसएल की बिजली

**संवाददाता। जमशेदपुर**

भुइयांडीह और बर्मामाइंस के भक्तिनगर में रहने वाले लोगों को टाटा स्टील यूआईएसएल की बिजली शीघ्र मिलेगी. बुधवार को इन बस्तियों के फाइनल सर्वे में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय खुद पहुंचे. विधायक सरयू राय के साथ टाटा स्टील यूआईएसएल के अधिकारी और जेबीवीएनएल के अभियंता मौजुद थे. विधायक सरयू राय की उपस्थिति में सर्वे हुआ.

सर्वे के दौरान विधायक सरयू राय ने बस्तीवासियों से बातचीत की. ज्ञात हो कि झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक कार्यालय में टाटा स्टील क्षेत्र के अवासितों को टीएसयूआईएसएल की बिजली मुहैया कराने को लेकर कमेटी की बैठक हुई थी. बैठक में बर्मामाइंस के भक्ति नगर और भुइयांडीह क्षेत्र को टीएसयूआईएसएल बिजली प्रदान करने को लेकर फाइनल सर्वे कराने की बात हुई थी.



**बस्तीवासियों में है खुशी की लहर :** विधायक सरयू राय के साथ सैकड़ों बस्तीवासियों की उपस्थिति में टीएसयूआईएसएल के अभियंताओं और जेबीवीएनएल के अभियंताओं ने फीजिबिलिटी के लिए सर्वे किया. विधायक ने अभियंताओं को निर्देश दिया कि बस्तीवासियों को बिजली कनेक्शन शीघ्र मिले इसके लिए जल्द से जल्द सभी प्रक्रियाएं पूरी कर ली जाए. बिजली का सर्वे कार्य होने से बस्तीवासियों में खुशी की लहर है. इस कार्य को लेकर बस्तीवासियों ने विधायक सरयू राय का अभिनंदन और आभार प्रकट किया. बस्तिवासियों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि विधायक के कारण अब उनके बच्चे भी बिना विद्युत बाधा के पढ़ाई कर सकेंगे.

इस सर्वे के दौरान विधायक के निजी सचिव सुधीर सिंह, भाजमो युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अमित शर्मा, मंडल अध्यक्ष दुर्गा राव, बबलू कुमार, गोल्डेन पांडेय, विजय सिंह, अखिलेश यादव कुणाल यादव, विक्की यादव, हीरा देवी, अनिल यादव, रामदास मेहता, रंजित सिंह सहित सैकड़ों बस्तीवासी उपस्थित थे.

**बैठक** लोहरदगा प्रधान कार्यालय ब्लॉक सैकड़ों लोगों ने ली आजसू की सदस्यता

# जनता की आवाज थे कमल किशोर भगत: नीरू भगत

**संवाददाता। लोहरदगा**

आजसू पार्टी लोहरदगा प्रधान कार्यालय ब्लॉक मोड में आजसू पार्टी के द्वारा स्वागत समारोह सह बैठक का आयोजन बुधवार को संपन्न हुई. बैठक में पुराने नेताओं एवं कार्यकर्ताओं जिन्होंने घर वापसी की है एवं नए सदस्यों के आगमन पर स्वागत किया गया.

सभी को फुलमाला एवं आजसू पार्टी का अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की पत्नी एवं लोहरदगा विधानसभा प्रभारी श्रीमती नीरू शांति भगत ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की पूंजी हैं. स्व. कमल किशोर भगत



ने भी एक आम कार्यकर्ता से इस पार्टी की शुरुआत की थी और जनता की आवाज बनकर उभरे थे. जिसमें मुख्य रूप से पूर्व उपमुख्यमंत्री सह केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो, गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, गोमिया के विधायक लंबोदर महतो, झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, रांची जिला परिषद की अध्यक्ष निर्मला भगत उपस्थित होंगे. इस कार्यक्रम के निमित्त कमल किशोर भगत स्मारक समिति का गठन किया गया.

जिसके अध्यक्ष के रूप में नीरू शांति भगत एवं सचिव विनोद सिंह, उपाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, इकरामुल अंसारी राजेश शर्मा, रंथु ऊरांव, सागर वर्मा, ब्रज सिंह,एन कुजूर, जीतू सिंह एवं कलीम खान, परमेश्वर भगत, शनिचरवा किसान एवं सभी प्रखंड के अध्यक्ष और नगर अध्यक्ष इस समिति के पदाधिकारी होंगे.इसके अलावा महिला जिला अध्यक्ष अनीता साहू एवं महिला मोर्चा के सभी प्रखंड अध्यक्ष के अलावा ,संजीव शर्मा, राजू ऊराँव, मुस्तफा अंसारी, राजन महतो, रोहित साहू,आयुष कुमार को पदाधिकारी बनाए गए. प्रेस मीडिया प्रभारी कवलजीत सिंह बनाए गए हैं. अपने कार्यों के कारण वे सभी के दिल में बसते हैं. बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित होने वालों में जीतू सिंह, मोती सिंह, संदीप भगत, सत्येंद्र शर्मा, राजू यादव, हेमंती देवी, मालती टोप्पो, सुनीता देवी, मीर आरिफ, छोटू, तौहीद कुरैशी, दिगंबर साहू, प्रभु गुप्ता, राजेश शर्मा, अमित उरांव,अब्दुल अंसारी, तारकेश्वर महतो, मनोज साहू, मुस्तफा अंसारी, रियाज अंसारी, विजय उरांव, नरेश साहू, आयुष मेहता,सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं जिला एवं प्रखंड के पदाधिकारी उपस्थित थे.

**खास बातें**

- स्व. भगत एक आम कार्यकर्ता थे
- कमल किशोर भगत स्मारक समित का गठन किया गया

## पेज 1 का शेष...

### संसद में धुआं-धुआं...



**खुफिया इनपुट के बावजूद एजेंसियां फेल :** संसद की सुरक्षा व्यवस्था तार-तार होने के बाद सबसे बड़ा सवाल ये है कि खुफिया एजेंसियों और पुलिस के पास इनपुट होने के बावजूद ये घटना कैसे हुई है. आईबी ने दिल्ली पुलिस और खुफिया एजेंसियों को पहले इनपुट दे दिया था, ताकि इस तरह की घटना होने से रोका जा सके. इसके मद्देनजर संसद और आसपास की सुरक्षा भी कड़ी कर दी गई थी, लेकिन दो लोगों ने सुरक्षा चक्र तोड़ दिया. संसद में घुस गए. कुछ देर दर्शक दीर्घा में बैठने के बाद दोनों नीचे कूद गए. एक बेंच से दूसरे बेंच पर भागने लगे. इस दौरान एक शख्स ने अपने जूते से निकाल कर पीले रंग की गैस स्प्रे कर दी. ऐसी ही घटना संसद के बाहर भी हुई. संसद में मौजूद सांसदों ने दोनों युवकों को पकड़ लिया. उन्होंने जम कर पीटने के बाद सुरक्षाकर्मियों के हवाले कर दिया. लोकसभा की कार्यवाही भी स्थगित कर दी गई. दिल्ली पुलिस चारों आरोपियों को हिरासत में लेकर संसद मार्ग पुलिस स्टेशन में पूछताछ कर रही है. शुरुआती जांच में ये बात सामने आई है कि संसद के बाहर से पकड़े गए नीलम और अमोल के पास मोबाइल फोन नहीं था. इनके पास किसी भी तरह का पहचान पत्र और बैग तक नहीं बरामद हुआ. दोनों ने किसी भी संगठन से संबंध होने से इंकार किया है. उनका दावा है कि वो लोग खुद से प्रेरित होकर संसद गए थे. जांच में ये भी खुलासा हुआ है कि इस साजिश में कुल 6 लोग शामिल थे. 2 लोगों ने अंदर हंगामा किया, तो 2 ने बाहर विरोध प्रदर्शन किया. 2 लोग इस मामले में फरार हैं.

**पुरानी याद ताजा कर दी :** 13 दिसंबर, 2001. पुरानी संसद हुए आतंकी हमले की खौफनाक याद आज भी हर किसी के जेहन में जिंदा है. इस दिन 5 आतंकियों ने संसद में हमला किया था, जिसमें दिल्ली पुलिस के 5 जवानों सहित 9 लोगों की मौत हो गई थी. इस आतंकी वारदात के 22 साल बाद एक बार फिर संसद की सुरक्षा में एक बड़ी चूक सामने आई है. बुधवार को लोकसभा में कार्रवाही के दौरान दो लोग दर्शक दीर्घा से नीचे कूद गए. इस दौरान संसद भवन में अफरा-तफरी मच गई. लोकसभा स्पीकर ने इस मामले के जांच के आदेश दिए हैं. लेकिन सबसे बड़ा सवाल ये है कि खुफिय एजेंसियों और पुलिस के पास इनपुट होने के बावजूद ये घटना कैसे हुई है.

**आंखों-देखी**

**संसद में सांसदों की इस बहादुरी पर गर्व होगा :** बुधवार दोपहर का वक्त. लोकसभा में शून्य काल के दौरान पश्चिम बंगाल के मालदा उत्तर से भाजपा सांसद स्वगेन मुर्मू अपनी बात रख रहे थे. तभी अचानक दर्शक दीर्घा से दो युवक नीचे सदन में कूद गए. अफरातफरी मच गई. पकड़ो-पकड़ो की आवाज गूंजने लगी. सदन की कार्यवाही की अध्यक्षता कर रहे राजेंद्र अग्रवाल ने तत्काल कार्यवाही को 2 बजे तक के लिए स्थगित करने का ऐलान कर दिया. दर्शक दीर्घा से कूदा शख्स एक टेबल से दूसरे टेबल पर उछल-कूद कर रहा था. उसका मकसद क्या है? कहीं उसके पास हथियार तो नहीं है? कहीं हमले की मंशा तो नहीं है? सांसदों के मन में इस तरह के तमाम सवाल कौंध रहे होंगे, लेकिन हमारे सांसदों ने गजब की हिम्मत और सूझ-बूझ दिखाई. जब तक मार्शल आते तब तक सांसदों ने ही घुसपैठियों को घेर लिया. बसपा सांसद मलूक नागर, आरएलपी हनुमान बेनीवाल और कुछ अन्य सांसदों ने दोनों को काबू कर लिया. उसने जूते में स्मोक गन छिपा रखा था. थोड़ी ही देर में देखते ही देखते पूरे सदन में पीली गैस फैल गई. यह सबकुछ उस दिन हुआ जब सुबह में पीएम मोदी समेत तमाम सांसदों ने 22 साल पहले संसद पर हुए आतंकी हमले के बलिदानी जांबाजों को सुबह-सुबह श्रद्धांजलि दी थी. पूरे सदन में दहशत और अफरा-तफरी का माहौल था. लेकिन सांसदों ने काफी हिम्मत और सूझबूझ का परिचय देते हुए दोनों घुसपैठियों को घेर लिया. उन पर टूट पड़े और आखिरकार उन्हें काबू करने में कामयाब रहे. एक घुसपैठिये का नाम सागर शर्मा तो दूसरे का नाम मनोरंजन है.

आरएलपी सांसद हनुमान बेनीवाल ने सबसे पहले उस शख्स को पकड़ा, जो सबसे पहले गैलरी से नीचे उतरा था. बेनीवाल ने बताया, शून्यकाल चल रहा था. आगे मेरा बोलने का नंबर था. उसी वक्त हमने पीछे की ओर देखा कि हल्ला हो रहा था. एक व्यक्ति लटक रहा था और एक व्यक्ति पहले ही लटक कर कूद गया था और बंदर की माफिक छलांग लगा कर आगे बढ़ रहा था. चेयर की तरफ आगे बढ़ रहा था. तब 150 के करीब सांसद सदन में थे. अंदर हड़कंप मच गया था. वो लड़का जैसे ही आया, तो मैंने उसे दबोच लिया. दबोचने के बाद कुछ एमपी और भी आए. जब उसको घसीट कर ले जा रहे थे, तब उसके जूते और मोजे के अंदर से गैस निकल रही थी. तबतक पीछे वाले को सिक्यॉरिटी गार्ड ने पकड़ लिया. उन्होंने कहा, पहला ख्याल आया था कि उसकी नीयत खराब है. हम जिंदा बचेंगे कि नहीं बचेंगे. कहीं उसके पास हथियार न हो. इससे पहले वह कुछ करता सभी सांसद उस पर टूट पड़े. हमारे में डर तो था, लेकिन वह कुछ कर न जाए, इसके अंदेशे से हम सभी उस पर टूट पड़े. कुछ सांसदों ने उसकी पिटाई भी की.

### बिजली चोरी व लाइन लॉस....

इसके तहत सबस्टेशन, फीडर और ट्रांसफार्मर में मीटर लगाया जाएगा. जमेशदुपर और चाईबासा का काम सिक्योर कंपनी को दिया गया है. इसमें कुल 92 करोड़ रुपए का खर्च होगा.

**बिजली वितरण सिस्टम के फैक्ट**

- राज्य में 200, 100, 63 एवं 25 केवीए कुल ट्रांसफारमरों की संख्या करीब 1,34,349 लाख है.
- राज्य में 33 केवीए के कुल 738 और 11 केवी के कुल 1821 फीडर हैं.
- राज्य में 11 केवीए लाइन की कुल लंबाई 7,514,46 किमी है.
- राज्य में 33 केवीए लाइन की कुल लंबाई 12000 है.
- राज्य में 33 एवं 11 केवीए के कुल 552 सबस्टेशन हैं.
- राज्य के कुल फीडरों में पावर ट्रासंफारमर की संख्या 7418 है.



मैच का एकमात्र गोल किंग्स्ले कोमैन ने दागा

### बायर्न म्युनिख ने दिखाया शानदार खेला का प्रदर्शन

## चैंपियंस लीग : बायर्न म्युनिख से हारकर मैनचेस्टर युनाइटेड टूर्नामेंट से बाहर

भाषा । मैनचेस्टर

बायर्न म्युनिख से 1-0 से हारकर मैनचेस्टर युनाइटेड चैंपियंस लीग फुटबाल के प्रारंभिक दौर में ही बाहर हो गई. बायर्न के लिये किंग्स्ले कोमैन ने 70वें मिनट में गोल किया. इसके साथ ही तीन बार की यूरोपीय कप चैंपियन मैनचेस्टर युनाइटेड की नॉकआउट चरण में पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गई. इस सत्र में सभी स्पर्धाओं में 12वीं हार के साथ ही ग्रुप ए में सबसे नीचे रही युनाइटेड ने यूरोपा लीग में स्थान भी पक्का नहीं किया. इस ग्रुप से कोपेनहेगन भी अंतिम 16 में पहुंच गई जिसने गालाटासारे को 1-0 से हराया. इस नतीजे के मायने हैं कि अगर युनाइटेड जीत भी जाती तो अगले दौर में नहीं पहुंच पाती. पूर्व मैनेजर एलेक्स फर्ग्युसन के 2013 में रिटायर होने के बाद से सात प्रयासों में तीसरी बार युनाइटेड नॉकआउट में नहीं पहुंच सकी है और दूसरी बार चैंपियंस लीग ग्रुप में सबसे नीचे रही है.

### सोशिदाद ने इंटर मिलान के साथ गोलरहित ड्रॉ खेला



मिलान

रियाल सोशिदाद ने चैंपियंस लीग फुटबॉल में शानदार वापसी करते हुए पहली बार ग्रुप में पहला स्थान हासिल किया. ग्रुप डी में मंगलवार को सोशिदाद ने इंटर मिलान से गोलरहित ड्रॉ खेला. इस परिणाम के साथ टीम ग्रुप डी में गोल औसत के आधार पर नेराजुरी से ऊपर शीर्ष पर रही. सोशिदाद ने अभी तक दो ही गोल गंवाये हैं और एक दशक बाद चैंपियंस लीग में वापसी करते हुए पहले सत्र में अपराजेय रही है.

### ब्रागा को हराकर नपोली नॉकआउट में



नेपल्स

सीरि ए खिताब बरकरार नहीं रख पाने का गत भुलाते हुए नपोली ने ब्रागा को 2-0 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल के नॉकआउट चरण में प्रवेश कर लिया. सेरडार सात्की के आत्मघाती गोल से नपोली ने बढत बना ली और विक्टर ओसिमहेन ने दूसरा गोल किया. नपोली ग्रुप सी में रियाल मैड्रिड के बाद दूसरे स्थान पर रहा. रिकॉर्ड 14 बार की चैंपियन मैड्रिड 18 अंक लेकर शीर्ष पर रही जिसने बर्लिन को दूसरे ग्रुप मैच में 3-2 से मात दी.

## ब्रीफ खबरें

### शमी अर्जुन पुरस्कार की दौड़ में शामिल

**नयी दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने इस साल के अर्जुन पुरस्कार के लिए वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के नाम की सिफारिश की है. इस 33 वर्षीय तेज गेंदबाज ने हाल में समाप्त हुए वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया था. खेल मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार बीसीसीआई ने शमी का नाम सूची में शामिल करने के लिए विशेष आग्रह किया. इससे पहले उनका नाम देश के दूसरे सर्वोच्च खेल पुरस्कार के लिए नामित किए गए खिलाड़ियों की सूची में शामिल नहीं था.

### श्रीलंका की नयी चयन समिति बनी

**कोलंबो ।** खेल मंत्री हरिन फर्नांडो ने बुधवार को श्रीलंका क्रिकेट की सिफारिशों को स्वीकार करने के बाद पूर्व सलामी बल्लेबाज उपुल थरंगा को राष्ट्रीय चयन समिति का नया अध्यक्ष घोषित किया. पांच सदस्यीय समिति में पूर्व खिलाड़ी अजंता मेंडिस, इंडिका डि सरम, थरंगा परनविताना और दिलरूवान परेरा भी शामिल हैं. समिति की जिम्मेदारी छह से 18 जनवरी के बीच कोलंबो में जिम्बाब्वे के खिलाफ खेली जाने वाली छह मैचों की सफेद गेंद की श्रृंखला के लिए श्रीलंकाई टीम का चयन करना है.

### पुजारा ने ससेक्स से अनुबंध किया

**होव (इंग्लैंड) ।** दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में नहीं चुने गए अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने 2024 के काउंटी सत्र के लिए इंग्लैंड के काउंटी क्रिकेट क्लब ससेक्स के साथ फिर से अनुबंध किया है. पुजारा लगातार तीसरे सत्र में इस क्लब के लिए खेलेंगे. वह पहली बार 2022 में ससेक्स से जुड़े थे. यह स्टार बल्लेबाज 2024 के सत्र में काउंटी चैंपियनशिप के पहले सात मैच के लिए उपलब्ध रहेगा. पुजारा ने फिर से ससेक्स जुड़ने के बारे में कहा कि मैंने पिछले दो सत्र में होव में बिताए गए समय का पूरा लुत्फ उठाया और मैं बेहद खुश हूं.

### गतीसरा टी-20 : दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला बराबर करना चाहेगा भारत

## गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

**खास बातें**

- दूसरे मैच में जूझते नजर आये थे भारतीय गेंदबाज
- मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े आठ बजे शुरू होगा

भाषा । जोहानिसबर्ग

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुरुवार को तीसरा टी-20 मैच जीतकर श्रृंखला में बराबरी के लिये भारतीय गेंदबाजों को अपने प्रदर्शन में काफी सुधार करना होगा क्योंकि चयनकर्ताओं की नजरें अगले साल इस प्रारूप के विश्व कप के लिये सही संयोजन तलाशने पर भी लगी है. दूसरे टी-20 मैच में भारतीय गेंदबाज लय के लिये जूझते नजर आये. बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने क्रमशः 15.50 और 11.33 रन प्रति ओवर की दर से रन दिये. बारिश और ओस ने उनका काम मुश्किल किया लेकिन दोनों की गेंदबाजी में कल्पनाशीलता और नियंत्रण का अभाव भी साफ नजर आया. निजी कारणों से श्रृंखला से बाहर दीपक चाहर की कमी भी टीम को खली. जसप्रीत बुमराह जैसे सीनियर की गैर मौजूदगी में टीम प्रबंधन का भरोसा अर्शदीप और मुकेश पर ही था, लेकिन दोनों अभी तक इस भरोसे पर खरे नहीं उतर सके और दबाव के क्षणों में लय के लिये जूझते दिखे.

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हालिया टी-20 श्रृंखला में 4-1 से जीत के बावजूद गेंदबाजी ईकाई की कमियां नजर आई. अर्शदीप ने बेंगलुरू में पांचवें टी-20 में बेहतरीन आखिरी ओवर डाला लेकिन उसके अलावा उसने बाकी चार मैचों में 10.68 की औसत से रन दिये और उसे चार ही विकेट मिले. मुकेश ने रफ्तार बढाई है लेकिन रनगति पर काबू नहीं रख पा रहे हैं. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों में उन्होंने 9.12 की इकॉनामी रेट से रन दिये और चार विकेट लिये. गक्बेरहा में दूसरे टी-20 में भी दोनों ने निराश किया और श्रृंखला गंवाने से बचने के लिये उन्हें कल उम्दा प्रदर्शन करना होगा.



**टीमें**

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, रूतुराज गायकवाड़, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा (उप कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, दीपक चाहर.

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, मैथ्यू ब्रीट्जस्के, नांद्रे बर्गर, डोनोवन फरेरा, रीजा हेंड्रिक्स, हेनरिच क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एंडिले फेलुकवायो, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स और लिजाड विलियम्स.

### रिंकु ने किया अब तक किया प्रभावित होंगी नजरें

रिंकु सिंह ने इस प्रारूप अब तक सभी को अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है. रिंकू ने पिछले मैच में अपना पहला अर्धशतक बनाया और वह आखिरी मैच में फिनिशर की भूमिका निभाना चाहेंगे. कप्तान सूर्यकुमार ने भी एक और शतक जमाया और उनकी नजरें बल्ले तथा कप्तानी में अच्छा प्रदर्शन करते हुए श्रृंखला भारत की झोली में डालने पर लगी होंगी.

### पावरप्ले का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल करना होगा : सूर्या

कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि भारत को तीसरा टी-20 जीतकर श्रृंखला में बराबरी करना है तो भारतीय बल्लेबाजों को पावरप्ले का बेहतर इस्तेमाल करना होगा. भारत ने सेंट जॉर्ज पार्क में दो ओवर में छह रन पर ही दो विकेट गंवा दिये थे. सूर्यकुमार ने कहा कि हमें मैच का इंतजार है. छले मैच में हमारा स्कोर खराब नहीं था लेकिन गेंदबाजी करना मुश्किल था.

### भारत और इंग्लैंड के बीच आज से खेला जाएगा टेस्ट मैच

## भारतीय स्पिन आक्रमण का पलड़ा भारी

**मुंबई ।** टी-20 श्रृंखला में औसत प्रदर्शन के बाद हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिये गुरुवार को उतरेगी तो अपने अनुभवी स्पिन आक्रमण के दम पर उसका पलड़ा भारी रहने की उम्मीद है. भारत के पास बेहतरीन स्पिन आक्रमण है जिसमें बंगाल की बायें हाथ की स्पिनर साइका इशाक शामिल है. इस साल मुंबई इंडियंस के लिये पदार्पण करने वाली इशाक ने महिला प्रीमियर लीग में 15 विकेट चटकाये. उसने इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 क्रिकेट में पदार्पण करके आखिरी मैच में तीन विकेट भी लिये. कर्नाटक की शुभा सतीश टीम में शामिल नये चेहरों में से है जिसने बेंगलुरू में चार दिवसीय अभ्यास मैच में शानदार प्रदर्शन किया. बल्लेबाजों में जेमिमा रौड्रिग्ज और हरलीन देयोल ने अभी तक टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है जबकि एक टेस्ट खेल चुकी यस्तिका भाटिया को विकेटकीपर के तौर पर रिचा घोष पर तरजीह मिल सकती है. तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर की वापसी हुई है जिसने टी-20 श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन किया. स्पिन का जिम्मा इशाक, स्नेह राणा और दीप्ति शर्मा संभालेंगी. इंग्लैंड का यह सौवां टेस्ट होगा और भारत के खिलाफ एकमात्र जीत उसे 1995 में जमशेदपुर में मिली थी जब उसने दो रन से टेस्ट जीता था.



### भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ अब तक सिर्फ एक टेस्ट गंवाया

भारत और इंग्लैंड के बीच 1986 से अब तक खेले गए 14 टेस्ट में से भारत ने सिर्फ एक गंवाया है. पहली बार टेस्ट में भारत की कप्तानी कर रही हरमनप्रीत इस रिकॉर्ड को बरकरार रखना चाहेगी. भारत और इंग्लैंड के बीच आखिरी टेस्ट जून 2021 में ब्रिस्टल में खेला गया था जो ड्रॉ रहा था. स्मृति मंधाना ने पहली पारी में 78 रन बनाये थे और शेफाली वर्मा ने 96 तथा 63 रन की पारी खेली थी.

### 10 दिन के भीतर दो टेस्ट मैच खेलेगी भारतीय टीम

भारतीय टीम को दस दिन के भीतर दो टेस्ट खेलने हैं. इंग्लैंड के खिलाफ मैच के बाद 21 से 24 दिसंबर के बीच भारतीय टीम वानखेड़े स्टेडियम पर ऑस्ट्रेलिया से खेलेगी. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत ने आखिरी टेस्ट सितंबर 2021 में खेला था जो ड्रॉ रहा था. इंग्लैंड ने इस साल जून में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नॉटिंघम में टेस्ट खेला था जिसमें मेजबान को 89 रन से पराजय झेलनी पड़ी.

### आओ जानें

## महिला क्रिकेट वनडे रैंकिंग

| टीम | मैच | अंक | रेटिंग |
|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 21 | 3,429 | 163 |
| इंग्लैंड | 23 | 2,991 | 130 |
| दक्षिण अफ्रीका | 21 | 2,446 | 116 |
| भारत | 18 | 1,745 | 97 |
| न्यूजीलैंड | 21 | 2,014 | 96 |
| वेस्टइंडीज | 20 | 1,768 | 88 |
| श्रीलंका | 9 | 714 | 79 |
| बांग्लादेश | 14 | 1,074 | 77 |
| थाईलैंड | 11 | 753 | 68 |
| पाकिस्तान | 24 | 1,602 | 67 |



## ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर लियोन की नजरें 500वें टेस्ट विकेट पर

भाषा । पर्थ

**टेस्ट श्रृंखला**

- पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट आज से
- 496 विकेट टेस्ट क्रिकेट में ले चुके हैं लियोन

ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच गुरुवार से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में आफ स्पिनर नाथन लियोन की नजरें 500वें टेस्ट विकेट पर लगी होंगी.ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी गेंदबाज लियोन के 496 विकेट हो चुके हैं. टेस्ट क्रिकेट में 500 से अधिक विकेट लेने वाले ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों में सिर्फ शेन वॉर्न (708) और ग्लेन मैकग्रा (563) हैं. लियोन ने पर्थ में तीन टेस्ट में 22 विकेट लिये हैं. मोहम्मद हफीज ने कहा कि उपमहाद्वीप से होने के कारण हम आफ स्पिनरों को बखूबी खेलते हैं. पिछली कुछ श्रृंखलाओं में लियोन के खिलाफ हमारा स्ट्राइक रेट अच्छा रहा है. हम आगे भी यही कोशिश करेंगे. ऑस्ट्रेलियाई उपकप्तान स्टीव स्मिथ ने कहा कि लियोन टीम में आक्रामकता और नियंत्रण दोनों लेकर आते हैं. वह आक्रामक होने के साथ रक्षात्मक गेंदबाजी भी कर सकते हैं. उन्हें सारे गुर आते हैं. वह 500 विकेट के करीब है जो बहुत बड़ी उपलब्धि है. पाकिस्तानी टीम ऑस्ट्रेलिया में कभी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी है. दोनों टीमों के बीच



ऑस्ट्रेलिया में हुए मुकाबलों में से ऑस्ट्रेलिया ने 26 और पाकिस्तान ने चार जीते हैं. दोनों टीमों की आखिरी टक्कर 2022 में पाकिस्तान में हुई थी जब ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की श्रृंखला 1-0 से जीती थी.

## प्रशंसकों ने शिखर पर पहुंचने के लिए प्रेरित किया : रोहित

भाषा । नयी दिल्ली

**क्या कहा**

- विश्व कप फाइनल में मिली हार से काफी निराश था
- मेरे परिवार और दोस्तों ने भी मेरा हौसला बनाये रखा

रोहित शर्मा को पता नहीं था कि विश्व कप फाइनल में मिली हार की निराशा से वह कभी उबर सकेंगे या नहीं लेकिन अब प्रशंसकों के प्यार और समझदारी ने उन्हें एक बार फिर शिखर पर पहुंचने का प्रयास करने के लिये प्रेरित किया है. रोहित ने यह नहीं बताया कि वह किस शिखर की बात कर रहे हैं लेकिन समझा जाता है कि वह अगले साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप में भारत की कप्तानी के बारे में सोच रहे हैं. फाइनल तक रोहित के लिये बतौर बल्लेबाज और कप्तान विश्व कप का सफर शानदार रहा लेकिन 19 नवंबर को फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया. फाइनल की हार के बाद रोहित मैदान से निकले तो उनकी आंखें भरी हुई थी. वह इस दर्द को भुलाने के लिये ब्रेक पर इंग्लैंड चले गए थे. रोहित ने इंस्टाग्राम पर अपने फैन पेज पर लिखा कि पहले कुछ दिन तो मुझे समझ ही नहीं आया कि इससे कैसे उबरूंगा. मेरे परिवार और दोस्तों ने मेरा हौसला बनाये रखा. हार को पचाना आसान नहीं था लेकिन जिंदगी चलती रहती है और आगे बढना आसान नहीं था. उन्होंने टीम के



शानदार प्रदर्शन को समझने और सराहने वाले प्रशंसकों की तारीफ की. उन्होंने कहा कि लोग मेरे पास आकर कहते थे कि उन्हें टीम पर गर्व है. मुझे बहुत अच्छा लगता था. उनके साथ मैं भी दर्द से उबरता गया. मैने सोचा कि आप यही तो सुनना चाहते हैं.

### हॉकी — जूनियर पुरुष विश्व कप का सेमीफाइनल मुकाबला आज, पांचवीं बार फाइनल में पहुंचना चाहेगा भारत

## भारतीय हॉकी टीम के सामने होगी जर्मनी की मजबूत चुनौती

भाषा । कुआलालंपुर

**खास बातें**

- चौथी बार फाइनल में प्रवेश करना चाहेगा भारत
- दूसरे सेमीफाइनल में स्पेन का सामना फ्रांस से होगा

आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय टीम जूनियर पुरूष विश्व कप हॉकी सेमीफाइनल में गुरुवार को जर्मनी जैसी मजबूत टीम के सामने होगी तो उसका लक्ष्य जीत की लय को बरकरार रखते हुए चौथी बार टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश का होगा. विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज भारत ने चौथी रैंकिंग वाली नीदरलैंड टीम को क्वार्टर फाइनल में 4-3 से हराया. हाफटाइम तक दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए भारत ने जीत दर्ज की. कप्तान उत्तम सिंह ने आखिरी सीटी बजने से तीन मिनट पहले विजयी गोल दागा. उपकप्तान अराइजीत सिंह हुंडल ने मैच में दो गोल किये. भारत के लिए जर्मन टीम को हराना आसान नहीं होगा क्योंकि उसका डिफेंस बहुत मजबूत है. इसके अलावा वे तेजी से जवाबी हमले बोलने में माहिर हैं. डच टीम के खिलाफ रोहित ने आखिरी क्वार्टर में छह पेनल्टी कॉर्नर बचाकर भारत को जीत दिलाई थी.



### हमें दबाव में खेलने की आदत है: उत्तम सिंह

भारतीय कप्तान उत्तम ने कहा कि हमें दबाव में खेलने की आदत हो गई है. पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप फाइनल हो या जोहोर कप में कांस्य पदक का मुकाबला, हमने दबाव में ही खेलकर जीत दर्ज की है. उन्होंने कहा कि हमने इस पर काम किया है और इस कौशल को निखारा है. इस टीम के पांच खिलाड़ी पहले भी जूनियर विश्व कप खेल चुके हैं और यह अनुभव काम आ रहा है. भारत का मनोबल इसलिये भी बढा है कि गोल गंवाने के बाद टीम ने वापसी की है.

### जर्मनी ने इस साल भारत को चार बार हराया है

इस साल भारत का सामना जर्मनी से चार बार हुआ है और चारों बार भारत को पराजय का सामना करना पड़ा. आखिरी बार जोहोर कप सेमीफाइनल में जर्मनी ने उसे 6-3 से हराया था. भुवनेश्वर में जूनियर विश्व कप 2021 में भी जर्मनी ने सेमीफाइनल में भारत को 4-2 से शिकस्त दी थी. भारतीय कोच सी आर कुमार ने कहा कि जर्मन टीम अपराजेय नहीं है. उन्होंने कहा कि जर्मनी मजबूत टीम है और जोहोर कप में हमने उसके खिलाफ खेला है. उस समय टीम अलग थी और तरीका भी अलग.

# उप राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, सांसदों ने संसद हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि दी




भाषा। नयी दिल्ली

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद भवन पर वर्ष 2001 में आज ही के दिन किए गए आतंकवादी हमले की बुधवार को बरसी पर, इस हमले में शहीद हुए सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की.

संसद परिसर में शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करने वाले प्रमुख नेताओं में कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, गृह मंत्री अमित शाह, संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री मंत्री पीयूष गोयल, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह शामिल थे. प्रधानमंत्री मोदी को शहीदों के परिवारों के सदस्यों, विशेषकर बच्चों के साथ बातचीत करते देखा गया. उपराष्ट्रपति ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 2001 में हमारी संसद पर हमले के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले साहसी सुरक्षाकर्मियों को याद कर रहा हूं. भारत उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए हमेशा उनका ऋणी रहेगा. वैश्विक शांति में इस अवरोध को खत्म करने के लिए राष्ट्रों का एकजुट होना जरूरी है.

प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, आज, हम 2001 में किए गए संसद हमले में शहीद हुए बहादुर सुरक्षाकर्मियों को याद करते हैं और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देते हैं. खतरे का सामना करते हुए उनका साहस और बलिदान हमेशा हमारे देश की स्मृति में अंकित रहेगा. गौरतलब है कि 13 दिसंबर 2001 को लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों ने संसद भवन पर हमला किया था. इस हमले में आतंकवादियों का मुकाबला करते हुए दिल्ली पुलिस के पांच जवान, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक महिला कर्मी और संसद के दो कर्मी शहीद हुए थे. एक कर्मचारी और एक कैमरामैन की भी हमले में मौत हो गई थी.

## ब्रीफ खबरें

### अलीपुर में तेंदुए का शावक मृत मिला

**नयी दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के बाहरी इलाके अलीपुर में खाटूश्याम मंदिर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर बुधवार तड़के तेंदुए का एक शावक मृत मिला है. पुलिस ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि पुलिस को सुबह करीब चार बजे इसकी सूचना मिली. एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची तो वहां उसे शावक का शव मिला. अधिकारी ने बताया कि यह सड़क दुर्घटना का मामला प्रतीत हो रहा है. उन्होंने बताया कि आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए वन विभाग को सूचित कर दिया गया है.

### टीएमसी के पूर्व विधायक के ठिकानों पर आईटी रेड

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में आयकर विभाग के अधिकारियों द्वारा बुधवार सुबह सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के एक पूर्व विधायक सहित कई व्यवसायियों के आवासों पर रेड किये जाने की खबर है. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. अधिकारी ने आरोप लगाया कि व्यवसायियों ने पिछले कई वर्षों से टैक्स का भुगतान नहीं किया है, इसी के चलते आसनसोल, दुर्गापुर और रानीगंज इलाकों में छापे मारे गये हैं. अधिकारी ने पीटीआई को फोन पर बताया, हमारे अधिकारी कल दुर्गापुर पहुंचे थे .

### ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए कार्ति चिदंबरम

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के नेता व सांसद कार्ति चिदंबरम 2011 में 263 चीनी नागरिकों को वीजा जारी करने में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले की जांच में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष पेश नहीं हुए और उन्होंने इस मामले को सबसे फर्जी करार दिया. तमिलनाडु की शिवगंगा लोकसभा सीट से 52 वर्षीय सांसद को केंद्रीय एजेंसी ने इस सप्ताह यहां अपने कार्यालय में उपस्थित होने को कहा था. उन्हें पीएमएलए के तहत जांच के सिलसिले में अपने बयान दर्ज कराने थे.

### मशहूर रेडियो प्रस्तोता गंगानाथ का निधन

**नयी दिल्ली।** प्रसिद्ध रेडियो प्रस्तोता गंगानाथ चतुर्वेदी का बुधवार को निधन हो गया. वह 92 वर्ष के थे. उनके परिवार ने यह जानकारी दी. परिवार ने बताया कि गंगानाथ चतुर्वेदी पिछले कुछ दिनों से वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों से पीड़ित थे. उनके परिवार में दो पुत्र व एक पुत्री है. गंगानाथ चतुर्वेदी के एक पुत्र माधव चतुर्वेदी 'पीटीआई-भाषा' में समाचार संपादक के तौर पर कार्यरत हैं. गंगानाथ चतुर्वेदी 1992 में आकाशवाणी की विदेश सेवा से सेवानिवृत्त हुए थे.

### यूक्रेन ने की यूएस से सहायता देने की अपील

**वाशिंगटन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की ने रूस के आक्रमण से खुद की रक्षा करने व उससे मुकाबला करने के लिए अमेरिकी कांग्रेस से अधिक सहायता को मंजूरी देने की अपील की और कहा कि उनका देश 'अपनी आजादी और आपके' लिए लड़ रहा है. कैपिटल हिल (संसद भवन) में घंटों बातचीत के बाद जेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके सहयोगियों के साथ व्हाइट हाउस में मुलाकात की. रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा यूक्रेन के खिलाफ जंग शुरू करने के बाद अमेरिका यूक्रेन को अब तक 111 अरब अमेरिकी डॉलर प्रदान कर चुका है.

## मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में सीएम शपथ ग्रहण में शामिल हुए पीएम मोदी

# मोहन ने संभाली एमपी की जिम्मेवारी



भोपाल के लाल परेड में हुए समारोह में पीएम मोदी व मोहन यादव.

भाषा। भोपाल

भाजपा विधायक दल के नेता व उज्जैन दक्षिण से विधायक मोहन यादव ने बुधवार को भोपाल में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली. मोहन यादव (58) को राज्य की राजधानी भोपाल के लाल परेड मैदान में राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने पद की शपथ दिलाई. राज्यपाल ने जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ला को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई.

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा और शिवराज सिंह चौहान मौजूद रहे. इस मौके पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और नितिन गडकरी भी मौजूद रहे.

शपथ समारोह में जाने से पहले यादव ने भोपाल में एक मंदिर में पूजा-अर्चना की. वह जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से एक पंडित दीनदयाल उपाध्याय और भाजपा के संस्थापक विचारक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि देने के लिए प्रदेश भाजपा कार्यालय भी गए.

अपनी प्राथमिकताओं के बारे में पूछे जाने पर, यादव ने कहा, हम प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार (क्षेत्रों) और अन्य सभी क्षेत्रों में विकास पर ध्यान केंद्रित करेंगे. तीन बार के भाजपा विधायक मोहन यादव मध्य प्रदेश के 19वें मुख्यमंत्री हैं.

2003 के बाद से, मध्य प्रदेश में भाजपा के सभी तीन मुख्यमंत्री, अर्थात उमा भारती, बाबूलाल गौर और चौहान, अन्य पिछड़ा वर्ग से रहे हैं.

**धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर पर बैन :** एमपी में लाउड स्पीकर पर बैन लग गया है. सीएम बनते ही मोहन यादव ने पहला बड़ा फैसला लिया है. उन्होंने सीएम बनने के बाद पहला आदेश जारी किया है और लाउड स्पीकर पर प्रतिबंध लगा दिया है. इस आदेश के मुताबिक, धार्मिक और सार्वजनिक स्थलों पर लाउड स्पीकर बैन किया गया है. इस आदेश के लिए सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन का हवाला दिया गया है.

## अरुण साव और विजय शर्मा बने उपमुख्यमंत्री

# विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के सीएम के रूप में ली शपथ

**रायपुर।** भाजपा विधायक दल के नेता विष्णुदेव साय ने बुधवार को यहां छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली. साय के साथ ही भाजपा विधायक अरुण साव और विजय शर्मा ने भी राज्य के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली. यह पहला मौका है जब राज्य में मुख्यमंत्री को सहयोग करने के लिए दो उपमुख्यमंत्री बनाये गये हैं. राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने साइंस कॉलेज मैदान में एक शपथ ग्रहण समारोह के दौरान साय और दोनों उपमुख्यमंत्रियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई. कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल हुए. भाजपा ने रविवार को प्रमुख आदिवासी नेता साय (59) को छत्तीसगढ़ के नये मुख्यमंत्री के रूप में चुना गया था. साय प्रदेश के चौथे मुख्यमंत्री हैं. पूर्व केंद्रीय मंत्री साय छत्तीसगढ़ में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं. उन्होंने राज्य में हुए विधानसभा चुनाव में सरगुजा संभाग के कुनकुरी विधानसभा सीट से जीत हासिल की. इस क्षेत्र की सभी 14 सीटों पर अब भाजपा का कब्जा है. साय के साथ शपथ लेने वाले उपमुख्यमंत्री अरुण साव (54) प्रभावशाली साहू (तेली) ओबीसी समुदाय से आते हैं तथा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं. अधिवक्ता से नेता बने साव ने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी थानेश्वर साहू को लोरमी सीट से 45,891 वोटों से हराया है.



**शपथ ग्रहण**

- रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में समारोह आयोजित
- समारोह में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे

## आओ जानें

### मुंबई : सामान्य ज्ञान

- **राजधानी** : मुंबई
- **राज्य का पुनर्गठन** : 1 मई 1960
- **क्षेत्रफल** : 3,07,713 वर्ग किमी.
- **जनसंख्या** : 11,23,74,333
- **उच्च न्यायालय** : बॉम्बे हाई कोर्ट
- **कुल जिले** : 36
- **लोकसभा सदस्य** : 48
- **राज्यसभा सदस्य** : 19
- **विधानसभा सदस्य** : 288
- **विधान परिषद् सदस्य** : 78
- **साक्षरता** : 79.85 %
- **लिंगानुपात** : 925
- **जनघनत्व** : 365
- **प्रथम मुख्यमंत्री** : यशवंतराव चवण
- **राजकीय वृक्ष** : आम
- **राजकीय पुष्प** : जरुल
- **राजकीय पक्षी** : हरा कबूतर
- **राजकीय पशु** : जॉइंट गिलहरी
- **खेल** : कबड्डी
- **प्रमुख नदियां** : गोदावरी, नर्मदा, पेन गंगा, भीमा
- **भाषा** : मराठी, अंग्रेजी, कोंकणी
- **प्रमुख लोकनृत्य** : लावणी

# इसरो खुद ईसीएलएसएस विकसित करेगा : सोमनाथ

भाषा। पणजी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने बुधवार को कहा कि आगामी मानव युक्त अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' के लिए 'पर्यावरण नियंत्रण एवं जीवन समर्थन प्रणाली' (ईसीएलएसएस) अन्य देशों से नहीं मिलने के बाद अंतरिक्ष एजेंसी ने इसे खुद विकसित करने का फैसला किया है. गगनयान परियोजना के अंतर्गत इसरो एक मानव चालक दल को 400 किलोमीटर ऊपर पृथ्वी की कक्षा में भेजेगा और फिर उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाने के लिए समुद्र में उनकी लैंडिंग कराई जाएगी. गगनयान को 2025 में प्रेक्षपित किए जाने की उम्मीद है.



सोमनाथ ने कहा, हमें पर्यावरण नियंत्रण एवं जीवन समर्थन प्रणाली को विकसित करने का अनुभव नहीं है. हम सिर्फ और सिर्फ रॉकेट और उपग्रह की रचना करते हैं. हमने सोचा था कि इस तरह की जानकारी को दूसरे देशों से प्राप्त कर लेंगे लेकिन दुर्भाग्यवश ढेर सारी चर्चाओं के बाद भी कोई देश हमें ये देने का इच्छुक नहीं है.

# दूरसंचार क्षेत्र में निवेश और पारदर्शिता बढ़ी है : वैष्णव

भाषा। नयी दिल्ली

केंद्रीय सूचना व प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकर में दूरसंचार क्षेत्र में निवेश और पारदर्शिता बढ़ी है तथा तेजी से प्रगति हो रही है. सदन में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के पूरक प्रश्न के उत्तर में वैष्णव ने मुख्य विपक्षी दल पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि संप्रग की पूर्ववर्ती सरकार ने दूरसंचार क्षेत्र को बर्बाद कर दिया था.

गोगोई ने पूरक प्रश्न पूछते हुए कहा, दो कंपनियों का दूरसंचार क्षेत्र में



वर्चस्व है. इस पर वैष्णव ने कहा, माननीय सदस्य ने गरिमापूर्ण सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली बात की है...सांसद महोदय, 2जी वाले जमाने की याद नहीं दिलाएं. पूर्ववर्ती संप्रग सरकार के कार्यकाल में दूरसंचार क्षेत्र, विशेषकर बीएसएनएल को बर्बाद किया गया था.

# जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 29 दिसंबर को दिल्ली में

भाषा। नयी दिल्ली

जनता दल (यूनाइटेड) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 29 दिसंबर को राजधानी दिल्ली में होगी, जिसमें बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे. पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आफाक अहमद खान की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में बुधवार को यह जानकारी दी गयी.

बयान में कहा गया, राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह (नेता संसदीय दल) ने 29 दिसंबर 2023 को दिन के 11:30 बजे नयी दिल्ली में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक निर्धारित की है. इस बैठक में पार्टी के सर्वोच्च नेता बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य शामिल होंगे.

**खास बातें**

- राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक निर्धारित की है
- पार्टी के सभी वरिष्ठ नेतागण इसमें शामिल होंगे

भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का मुकाबला करने के लिए विपक्षी दलों ने 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) गठबंधन बनाया है. जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की यह बैठक 19 दिसंबर को होने वाली 'इंडिया' गठबंधन की बैठक के कुछ दिन बाद होगी. सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री कुमार इस बैठक के दौरान जदयू नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे और लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर उनका मार्गदर्शन करेंगे.

# लक्षद्वीप के स्कूल सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम अपनाएंगे

भाषा। कवरत्ती

लक्षद्वीप प्रशासन ने केंद्र शासित प्रदेश के शिक्षा विभाग के तहत संचालित सभी विद्यालयों को मलयालम से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) अंग्रेजी माध्यम पाठ्यक्रम में स्थानांतरित करने का निर्णय लेकर अपनी शिक्षा प्रणाली में एक बड़े बदलाव की घोषणा की है.

केंद्र शासित प्रदेश के शिक्षा निदेशक ने इस संबंध में 12 दिसंबर को आदेश जारी किया. आदेश में कहा गया है, केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप के शिक्षा विभाग ने शिक्षा के मानकों को ऊंचा उठाने और बदलते शैक्षणिक परिदृश्य के साथ तालमेल स्थापित करने के उद्देश्य से एससीईआरटी (राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद) केरल मलयालम माध्यम कक्षाओं को सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम में स्थानांतरित करने का संकल्प लिया है.

**हुई घोषणा**

- शिक्षा प्रणाली में एक बड़े बदलाव की घोषणा की
- शिक्षा निदेशक ने 12 दिसंबर को आदेश जारी किया

## महादेव ऐप ऑनलाइन सट्टेबाजी : आरोपी भारत लाने की तैयारी

# मुख्य आरोपी रवि उप्पल दुबई से गिरफ्तार

एजेंसी। नयी दिल्ली

ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप महादेव के मामले में भारतीय जांच एजेंसी को बड़ी सफलता हाथ लगी है. महादेव ऐप ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले के दो मुख्य आरोपियों में से एक रवि उप्पल को दुबई से गिरफ्तार किया गया है. रवि उप्पल के अलावा दो अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया गया है. ईडी के अनुरोध पर इंटरपोल ने रवि उप्पल के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था. इसके आधार पर दुबई की स्थानीय पुलिस ने पिछले हफ्ते उन्हें हिरासत में ले लिया था. ईडी के अधिकारी रवि उप्पल को भारत लाने के लिए दुबई के अधिकारियों के संपर्क में हैं.

### छत्तीसगढ़-मुंबई पुलिस भी कर रही जांच

बता दें कि ईडी कथित अवैध सट्टेबाजी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच कर रही है. इसके अलावा छत्तीसगढ़ पुलिस और मुंबई पुलिस भी मामले की जांच कर रही है. संघीय जांच एजेंसी ने अक्टूबर में छत्तीसगढ़ के रायपुर में पीएमएलए की एक विशेष अदालत के समक्ष उप्पल और सौरभ चंद्राकर के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था. एजेंसी ने आरोप पत्र में अदालत को बताया था कि उप्पल ने प्रशांत महासागर में एक द्वीप देश वानुआतु का पासपोर्ट लिया है.

### ऐप से करीब 6000 करोड़ की हुई कमाई

प्रवर्तन निदेशालय के मुताबिक, ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप महादेव के जरिये करीब 6,000 करोड़ की कमाई हुई है. एजेंसी ने नवंबर में छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव से ठीक पहले दावा किया था कि फोरेंसिक विश्लेषण और असीम दास नाम के व्यक्ति ने बयान दिया था कि महादेव सट्टेबाजी ऐप के प्रवर्तकों ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अब तक लगभग 508 करोड़ का भुगतान किया है.

### ऐप संयुक्त अरब अमीरात से होता है संचालित

अधिकारियों के अनुसार, ईडी की जांच से सामने आया है कि महादेव ऑनलाइन बुक ऐप संयुक्त अरब अमीरात स्थित केंद्रीय मुख्यालय से संचालित होता है. ईडी ने कहा कि यह अपने ज्ञात सहयोगियों को 70-30 प्रतिशत लाभ अनुपात पर पैनल/शाखाओं की फ्रेंचाइजी देकर काम करती है. एजेंसी ने कहा कि सट्टेबाजी की आय को विदेशी खातों में भेजने के लिए बड़े पैमाने पर हवाला का संचालन किया जाता है.

# पीएम मोदी की गारंटी है महंगाई की गारंटी: कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने खुदरा मुद्रास्फीति में एक बार फिर तेजी आने को लेकर बुधवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के पिछले साढ़े नौ वर्षों में जनता को महंगाई की गारंटी मिली है. पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि महंगाई को नियंत्रित करने में सरकार की विफलता को छिपाने के लिए तरह-तरह के मुद्दे उछाले जा रहे हैं. राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार खुदरा मुद्रास्फीति में एक बार फिर तेजी आयी है. सब्जी, अनाज समेत खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़ने से खुदरा मुद्रास्फीति दर नवंबर में बढ़कर तीन महीने के उच्च स्तर 5.55 प्रतिशत पर पहुंच गयी. रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, मोदी की गारंटी है महंगाई की गारंटी! भाजपा आजकल प्रधानमंत्री की गारंटी की बात कर रही है. उनकी और गारंटियों का तो पता नहीं, लेकिन एक गारंटी जो देश को पिछले साढ़े 9 वर्षों से मिली हुई है वह है महंगाई की गारंटी. उन्होंने आरोप लगाया कि इस सरकार की गलत नीतियों के कारण महंगाई पहले ही 45 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ चुकी है. रमेश ने कहा, जरूरी चीज़ों के दाम लगातार आसमान छू रहे हैं.

# नकदी बरामदगी पर पीएम पर बोला हमला



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपनी पार्टी के सांसद धीरज प्रसाद साहू के परिसरों से 350 करोड़ रुपये से अधिक की नगदी बरामदगी के मुद्दे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हमले के बाद उन पर पलटवार करते हुए बुधवार को कहा कि जो 'भाजपाई वॉशिंग मशीन' में नहीं गए, वह भ्रष्टाचारी हो गए, लेकिन जिन्होंने उसमें स्नान कर लिया, वह आज्ञाकारी बन गए. खड़गे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'प्रधानमंत्री जी 'मनी हाइस्ट' की बात कर रहे हैं, तो लगे हाथ, यह भी बता दें कि जानबूझकर कर्ज अदा नहीं करने वाले 16,663 लोगों ने बैंको को 3.35 लाख करोड़ रुपये का चूना कैसे लगाया ?' उन्होंने सवाल किया, 'क्या कारण है कि 2014-15 के बाद से बैंकों द्वारा 10.42 लाख करोड़ रुपये का कारपोरेट कर्ज बट्टे खाते में डाला गया, लेकिन वास्तविक ऋण वसूली 1.61 लाख करोड़ रुपये ही क्यों रही ? क्यों सरकारी लूट के कारण आज खुदरा महंगाई दर 5.5 प्रतिशत पर है.

**विद्यार्थी विज्ञान मंथन :** एनसीईआरटी की ओर से किया गया था राज्यस्तरीय परीक्षा का आयोजन

# डीपीएस बोकारो के शिवम ओझा ने हासिल किया पहला स्थान

संवाददाता । बोकारो

बोकारो स्थित डीपीएस (दिल्ली पब्लिक स्कूल) के मेधावी विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी काबिलियत का उदाहरण प्रस्तुत किया है. एनसीईआरटी की ओर से आयोजित विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) 2023-24 की राज्यस्तरीय परीक्षा में विद्यालय के तीन छात्रों ने अपने वर्गों में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया है. आठवीं कक्षा के छात्र शिवम ओझा ने अपने संबंधित समूह में पूरे झारखंड में पहला स्थान प्राप्त कर विद्यालय परिवार एवं अपने शहर का नाम रौशन किया. दूसरे स्थान पर निर्वाण कुमार (कक्षा 9) तथा तीसरे स्थान पर कुमार अनमोल (कक्षा 10) रहे. राज्य स्तर की यह परीक्षा बीते 10 दिसंबर को सीएसआईआर-सिंफर, धनबाद में आयोजित की गई थी. उक्त विद्यार्थियों को क्रमशः 5000, 3000 और 2000 रुपए की पारितोषिक राशि के अलावा मेरिट सर्टिफिकेट, मेडल और ट्रॉफी से पुरस्कृत किया गया.



**दो विद्यार्थी नेशनल प्रतियोगिता के लिए चयनित**

आगामी मई 2024 में भोपाल में आयोजित विद्यार्थी विज्ञान मंथन की राष्ट्रस्तरीय प्रतिस्पर्धा के लिए शिवम ओझा और निर्वाण का चयन हुआ है. बुधवार को विद्यालय में आयोजित एक विशेष एसेंबली में स्कूल के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने तीनों सफल विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए राष्ट्रस्तरीय परीक्षा के लिए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं. उन्होंने इस कामयाबी को विद्यालय के शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के परिश्रम का परिणाम बताया है.

- निर्वाण ने दूसरा और अनमोल ने तीसरा स्थान हासिल किया
- विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

### विद्यार्थी विज्ञान मंथन है भारत की सबसे बड़ी विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा

विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) परीक्षा विज्ञान भारती, विज्ञान प्रसार एवं एनसीईआरटी, शिक्षा मंत्रालय (भारत सरकार) द्वारा समर्थित भारत की सबसे बड़ी विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा है. इसका उद्देश्य छठी से 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों की विज्ञान प्रतिभा की खोज कर उसे बढ़ावा देना और उच्च शिक्षा के लिए तैयार करना है. वीवीएम परीक्षा में लिखित परीक्षा, वीडियो क्लिप्स के अवलोकनात्मक विश्लेषण, स्थितिजन्य समस्याओं के समाधान और व्यावहारिक गतिविधियों के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाता है.

आओ जानें

## 14 दिसंबर का इतिहास

- 1921 : एनी बेसेन्ट को बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय ने 'डॉक्टर ऑफ लेटर्स' की उपाधि से विभूषित किया.
- 1946 : डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भारत की संविधान सभा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए.
- 1997 : ग्रीनहाउस गैस के उत्सर्जन में कटौती के लिए विश्व के सभी देश सहमत.
- 1998 : काहिरा में हुए 23वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह में तमिल फिल्म 'टेररिस्ट' में सर्वश्रेष्ठ भूमिका के लिए आयशा धारकर को ज्यूरी का सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्रदान किया गया.
- 2003 : अमेरिकी गठबंधन सैनिकों ने इराक के पूर्व राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को तिकरित में गिरफ्तार किया.

## एसएन गुप्ता ने सेल के सीवीओ का पदभार संभाला

संवाददाता। रांची



एसएन गुप्ता आईटीएस (1992 बैच) ने स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) में मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) का पदभार ग्रहण किया. एसएन गुप्ता के पास विभिन्न तकनीकी और क्षमता निर्माण कार्यों में लगभग 30 वर्षों का व्यापक अनुभव है.

1992 बैच में भारतीय दूरसंचार सेवा (आईटीएस) में प्रवेश करने के बाद उन्होंने एक्सचेंज इंस्टालेशन, फील्ड ऑपरेशंस, मोबाइल ऑपरेशंस और कार्मिक एवं प्रशिक्षण में विशेषज्ञता के साथ 23 साल से अधिक समय बिताया है. पांच वर्षों तक केंद्रीय सतर्कता आयोग में निदेशक के रूप में कार्य किया और सरकार के भीतर सतर्कता तंत्र को बढ़ाने में योगदान दिया है.

इसके साथ ही उन्होंने भारतीय खेल प्राधिकरण में मुख्य सतर्कता अधिकारी के रूप में दो साल बिताए हैं, जहां उन्होंने खेल प्रशासन में पारदर्शिता और अखंडता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

## सेंट्रल रीजन चार्टर्ड एकाउंटेंट्स क्रिकेट की शुरुआत आज से

संवाददाता । रांची



चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की रांची शाखा द्वारा कोल इंडिया सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन गुरुवार से रांची में किया जा रहा है. कार्यक्रम निदेशक एवं रीजनल काउंसिल मेंबर सीए मनीषा बियानी ने बताया कि इस टूर्नामेंट में 7 राज्यों की 16 टीम भाग लेने रांची आ चुकी है. इन टीमों को 4 ग्रुप में बांटा गया है. ग्रुप ए में लखनऊ, इंदौर, आगरा, जमशेदपुर, ग्रुप बी में उदयपुर, रांची, कानपुर, पटना ग्रुप सी में किशनगढ़, जयपुर, मेरठ, रायपुर तथा ग्रुप डी में भोपाल, अलवर, गाजियाबाद, तथा बरेली की टीमें है. कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सीसीएल के चीफ फाइनेंसियल अफसर सीए सुनील मेहता एवं डायरेक्टर पर्सनल विनय रंजन उपस्थित होंगे. ट्रॉफी अनावरण खेल मंत्री हाफिजुल हसन अंसारी करेंगे.

प्रसिद्ध साहित्यिक संस्था 'शब्द' के 26वें वार्षिकोत्सव में सम्मानित किए गए कई साहित्यकार

# भारत की एकता राजनीति से नहीं, साहित्य और संस्कृति से है : एचएस शिवप्रकाश

संवाददाता । रांची / बेंगलुरु

भारत की सॉफ्टवेयर राजधानी बेंगलूरु में रविवार को दक्षिण भारत की प्रसिद्ध साहित्यिक संस्था 'शब्द' की 26वीं वार्षिकोत्सव सह पुरस्कारअर्पण समारोह में एक लाख रुपए का 'अज्ञेय शब्द सृजन सम्मान' मूर्धन्य कथाकार हृषीकेश सुलभ को दिया गया तथा इक्कीस हजार रुपए का 'दक्षिण भारत शब्द हिंदी सेवी सम्मान' वयोवृद्ध हिंदी सेवी बी एस शांता बाई को दिया गया. दोनों सम्मानितों को नकद राशि के अलावा अंगवस्त्रम, स्मृति चिह्न, प्रशस्ति फलक एवं श्रीफल भी भेंट किया गया. 'अज्ञेय शब्द सृजन सम्मान' ग्रहण करते हुए कथाकार हृषीकेश सुलभ ने कहा कि अज्ञेय हमारी भाषा के सिरमौर हैं. उनके नाम पर सम्मान पाना स्वप्न के सच होने की तरह है. मलिकार्जुन मंसूर, कुमार गंधर्व और प्रसन्ना की भूमि से सम्मानित होना मेरे लिए बड़ा महत्त्वपूर्ण है. उन्होंने कहा कि साहित्य के लिए यह संकट का समय है, जबकि आदमी के भीतर की करुणा को जीवित रखना आज के समय की मांग है. समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कन्नड़ के प्रख्यात कवि, नाटककार एचएस शिवप्रकाश ने कहा कि भारत की एकता राजनीति से नहीं, साहित्य और संस्कृति से है, मगर समाज के यांत्रिकीकरण के कारण आज साहित्य और संस्कृति के आस्वादन का खतरा उत्पन्न हो गया है. हर दिशा से शब्द और साहित्य पर हमले हो रहे हैं. विश्वविद्यालयों में साहित्य और संस्कृति का ऐसा संकुचन हुआ है कि आज के युवा दो-तीन सौ से ज्यादा शब्दों का उपयोग नहीं करते. यह स्थिति रही तो भविष्य के बच्चे हमारी भाषा के शब्द बोलना भी बंद कर देंगे. कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ उषारानी राव ने किया और धन्यवाद ज्ञापन श्रीकांत शर्मा ने किया. इसके पूर्व समारोह के प्रथम सत्र में कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें स्थानीय एवं अतिथि कवियों ने अपनी कविताएं सुनाईं. कवि सम्मेलन की मुख्य अतिथि प्रसिद्ध कवयित्री अनुराधा सिंह एवं युवा कवयित्री लवली गोस्वामी की कविताओं का स्वर स्त्रीविमर्शवादी था, जबकि वरिष्ठ कवि अनिल विभाकर की कविताओं में सामाजिक विडंबना का स्वर मुख्य था. कवि सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ कवयित्री रचना उनियाल ने की और संचालन किया हंसराज मुणोत ने किया. समारोह में देश की सांस्कृतिक विविधता एवं एकता की झलक दिखाने वाली नृत्य प्रस्तुतियां मनमोहक थीं.




### बीएस शांता बाई की इंट्री पर तालियों से गूंजता रहा सभागार

'दक्षिण भारत शब्द हिंदी सेवी सम्मान' ग्रहण करने के लिए कर्नाटक महिला हिंदी सेवा समिति की प्रधान 96 वर्षीय बीएस शांता बाई को मंच पर जब व्हील चेयर से लाया गया तो पूरा सभागार तालियों से देर तक गूंजता रहा. उम्र के तकाजों के कारण वे सांकेतिक आभार के सिवा कुछ बोल नहीं पायीं.

### आनंद मोहन झा के गीत संग्रह 'पथ के गीत' का लोकार्पण हुआ

इस अवसर पर गीतकार आनंद मोहन झा के गीत संग्रह 'पथ के गीत' का लोकार्पण भी हुआ. अज्ञेय शब्द सृजन सम्मान नगर के समाजसेवी और अज्ञेय साहित्य के मर्मज्ञ बाबूलाल गुप्ता के फाउंडेशन के सौजन्य से तथा दक्षिण भारत शब्द हिंदी सेवी सम्मान दक्षिण भारत राष्ट्रमत के सौजन्य से प्रदान किए जाते हैं.

### कला औक साहित्य मनुष्यता की चिंता करती है: श्रीनारायण समीर

'शब्द' के अध्यक्ष डॉ श्रीनारायण समीर ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि पूंजी, सत्ता और सत्ता की राजनीति तथा धार्मिक पाखंड विभाजन का काम करते हैं, जबकि कला और साहित्य मनुष्यता की हित-चिंता करते हैं तथा लोगों को आपस में जोड़ते हैं. 'शब्द' के इन पुरस्कारों का ध्येय साहित्य और साहित्यकार को समाज के विचार-केंद्र में लाने और समादृत करने की एक कोशिश है. दक्षिण की यह कोशिश उत्तर में यदि कोई हलचल ला सकी तो बाजारवाद की आपाधापी के बावजूद स्थिति बदलेगी और साहित्य एवं कला की पहुंच एवं दायरा बढ़ेगा.

कॅरियर-काउंसिलिंग

# आज के आधुनिक युग में ई-कॉमर्स खोलता है युवाओं के लिए कॅरियर का रास्ता

एजुकेशन रिपोर्टर/ रजनीश प्रसाद

ई कॉमर्स में बीकॉम तीन साल का अंडर ग्रेजुएट कोर्स है. यह छात्रों को भविष्य के कॉमर्स और ट्रेड प्रैक्टिस की थियोरेटिकल और प्रैक्टिकल नॉलेज देने के लिए डिजाइन किया गया है. वर्तमान समय में ई-कॉमर्स काफी प्रचलन में है, इसलिए इस कोर्स को करने के बाद कॅरियर के कई अवसर आपके लिए उपलब्ध हो सकते हैं. इस कोर्स को करने के बाद न सिर्फ आप भारत में बल्कि विदेश में भी नौकरी कर सकते हैं. इस कोर्स को करने के बाद आप कई फॉरेन ट्रेड कंपनीज, बैंक, बिजनेस कंसलटेंसीज, इन्वेंटरी कंट्रोल और फॉरेक्स डिपार्टमेंट में काम करने का अवसर मिल सकता हैं. इसके बाद आप एमकॉम, एमबीए आदि कोर्स भी कर सकते हैं.



### भारतीय यूनिवर्सिटीज

- अय्या नादर जानकी अम्मल कॉलेज
- बिशप हेबर कॉलेज
- डीएवी कॉलेज
- डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर मराठवाड़ा यूनिवर्सिटी
- डॉ जीआर दामोदरन कॉलेज ऑफ साइंस
- श्री कृष्णा आर्ट्स एंड साइंस कॉलेज, तमिलनाडु
- वॉक्सेन यूनिवर्सिटी
- पारूल यूनिवर्सिटी

### ई-कॉमर्स के प्रकार

**व्यवसाय से व्यवसाय**

इस तरह के लेनदेन में दो प्रतिभागी व्यवसाय होते हैं. अधिकांश ईकॉमर्स व्यवसाय परम उपभोक्ताओं की बिक्री में नहीं लगे हैं. आमतौर पर इस मॉडल में, लेनदेन और वॉल्यूम की लागत बहुत अधिक होती है .आरएसआई बी2बी मॉडल बाजारों के सबसे बड़े हिस्से पर कब्जा करता है. यह उपभोक्ता बाजार में डॉलर के मूल्य से अधिक है. जीई और आईबीएम जैसी कंपनियां एक दिन में लगभग 60 मिलियन सामानों पर खर्च करती हैं जो उनके व्यवसायों के संचालन में सहायता प्रदान करती हैं.

**व्यवसाय से ग्राहक**

व्यवसाय से ग्राहक मॉडल व्यवसाय और अंतिम उपभोक्ताओं के बीच लेन-देन से संबंधित है. इस मॉडल में मुख्य रूप से रिटेल ई कॉमर्स ट्रेड शामिल है. भौतिक दुकानों का उन्मूलन इस मॉडल के लिए सबसे बड़ा औचित्य है. यह जेएन बेजोस (अमेजन के संस्थापक) के बाद से एक्सएनयूएमएक्स के करीब है. एक्सएनयूएमएक्स स्क्वायर में अपना ऑनलाइन बुकस्टोर शुरू किया. आज, वीरांगना अमेरिका की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक है. यह फॉर्च्यून 500 कंपनियों की तुलना में स्टॉक वैल्यूएशन के साथ दुनिया भर में काम करता है.

**ग्राहक-से-ग्राहक**

इस मॉडल में दो ग्राहकों के बीच इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन शामिल है. आमतौर पर, वे तीसरे पक्ष के माध्यम से लेनदेन करते हैं जो उन दो ग्राहकों को एक मंच प्रदान करता है. पुरानी वस्तुओं को बेचने वाली वेबसाइटें सी2सी ईकामर्स मॉडल के उदाहरण है. यह सबसे लोकप्रिय प्लेटफार्मों में से एक है, जो उपभोक्ताओं को अन्य उपभोक्ताओं को बेचने में सक्षम बनाता है.

**ग्राहक-से-व्यापार**

यह मॉडल बी2सी मॉडल का पूर्ण उलट है और क्राउडसोर्सिंग परियोजनाओं के लिए प्रासंगिक है. यह उपभोक्ता नहीं हैं जो किसी चीज में पैसा लगा रहे हैं, लेकिन संगठन हैं. आमतौर पर व्यक्ति अपने उत्पादों या सेवाओं को बनाते हैं और उन्हें कंपनियों को बेचते हैं. यह आमतौर पर कंपनी की साइटों या लोगों, रॉयल्टी-मुक्त तस्वीरों, फ्रीलांसर सेवाओं, डिजाइन तत्वों और अधिक के प्रस्तावों को कवर करता है.

**व्यवसाय-से-प्रशासन**

प्रशासन शब्द का अर्थ है लोक प्रशासन या सरकारी संस्थाएं. यह मॉडल पिछले कुछ वर्षों में तेजी से विकसित हुआ है. बड़ी संख्या में सरकारी शाखाएं ई-सेवाओं या उत्पादों पर एक या दूसरे रूप में निर्भर हैं. इस तरह के मॉडल का उपयोग विशेष रूप से दस्तावेजों और रोजगार से संबंधित क्षेत्रों में किया जा सकता है. इसमें राजकोषीय उपायों, परिसंपत्ति प्रबंधन, सामाजिक सुरक्षा, कानूनी अनुबंधों और समझौतों, रोजगार और अधिक जैसी सेवाओं को शामिल किया गया है.

**ग्राहक-से-प्रशासन**

इस मॉडल में, व्यक्तियों और सार्वजनिक प्रशासन के बीच इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन होता है. हालांकि सरकार शायद ही कभी व्यक्तियों से उत्पादों और सेवाओं की खरीदती है, लेकिन व्यक्ति अक्सर ऑनलाइन माध्यमों का उपयोग भुगतानों को बदलने या भुगतान करने के लिए करते हैं. मॉडल उपभोक्ताओं को सार्वजनिक क्षेत्रों से संबंधित सूचनाओं को सीधे सरकार के अधिकारियों या प्रशासन के पास सूचनाओं को खींचने या पोस्ट करने में मदद करता है.

### विदेशी यूनिवर्सिटीज

- कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
- हावर्ड यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड
- कोलंबिया यूनिवर्सिटी
- लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स
- यूनिवर्सिटी ऑफ सिडनी
- यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया
- यूनिवर्सिटी ऑफ ऑकलैंड
- यूनिवर्सिटी ऑफ ओटागो
- यूनिवर्सिटी ऑफ कैंटरबरी

### प्रवेश परीक्षाएं

- डीयूईटी
- कैट
- डीएसएटी
- मैट

### भारत में आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन करें.
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा.
- फिर वेबसाइट में साइन इन करने के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं.
- अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें.
- इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें.
- यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है, तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें. प्रवेश परीक्षा के अंको के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी.



### कॅरियर स्कोप

- प्रोडक्ट मैनेजर
- मार्केटिंग मैनेजर
- बिजनेस एनालिस्ट
- प्रोडक्ट डेवलपर
- सप्लाई चैन मैनेजर
- प्रोडक्ट डिजाइनर

### स्किल्स

- सॉफ्टवेयर स्किल्स
- टेक्निकल स्किल्स
- कम्युनिकेशन स्किल्स
- टीम वर्क
- लीडरशिप स्किल्स
- फाइनेंशियल सेक्टर की नॉलेज

### विषय

- प्रिंसिपल्स ऑफ मार्केटिंग
- प्रिंसिपल्स ऑफ अकाउंटेंसी
- ऑब्जेक्ट ओरिएंटेड प्रोग्रामिंग विद सी
- बिजनेस ऑर्गेनाइजेशन एंड ऑफिस मैनेजमेंट
- एडवांस्ड अकाउंटिंग
- कॉस्ट अकाउंटिंग
- इंट्रोडक्शन ऑफ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी
- डेटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम
- स्टैटिसटिक्स फॉर बिजनेस
- कंप्यूटर एप्लीकेशंस
- कंप्यूटर एप्लीकेशंस :सी
- लैंग्वेज -I
- मैथमेटिक्स फॉर बिजनेस
- व्यावसायिक कानून
- प्रिंसिपल्स ऑफ ऑडिटिंग
- सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग
- ई-कॉमर्स-II (स्ट्रेटजी एंड एप्लीकेशंस)
- इंटरनेट एंड वेब डिजाइनिंग
- मैनेजमेंट अकाउंटिंग
- सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट विद विजुअल बेसिक

### आवश्यक दस्तावेज

- सभी आधिकारिक शैक्षणिक ट्रांसक्रिप्टस और ग्रेड कार्ड
- पासपोर्ट साइज फोटो
- पासपोर्ट फोटोकॉपी
- वीजा
- अपडेट किया गया रिज्यूमे
- इंग्लिश प्रोफिशिएंसी टेस्ट स्कोर
- लेटर आफ रिकमेंडेशन
- स्टेटमेंट ऑफ पर्पस
- पोर्टफोलियो

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)